3 राजधानी
फिर गैस चैंबर बनी दिल्ली एक्यूआई 400 के पार

9 विदेश
दक्षिण अफ्रीका से उड़ानें रद्द होने पर यात्री फंसे

10 स्वास्थ्य
क्या हैं सिरदर्द के कारण?

12 स्पोर्ट्स
अक्षर और अश्विन की फिरकी में फंसे कीवी

RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 24
नई दिल्ली, रविवार, 28 नवंबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



जाह्नवी कपूर ने मिली की शूटिंग पूरी की
विविध-11

www.dailypioneer.com


# पराली जलाना अब अपराध नहीं होगा

- सरकार किसानों की पराली जलाने को अपराध की श्रेणी से बाहर करने की मांग पर सहमत
- कल संसद सत्र के पहले दिन पेश किया जाएगा तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने का विधेयक, आंदोलन खत्म करें किसानः तोमर

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**तीनों** विवादास्पद कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग मानने के बाद केंद्र सरकार ने प्रदर्शनकारी किसानों की और समस्याओं को भी शीघ्र सुलझाने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। इसके तहत केंद्र ने पराली जलाने को अपराध की श्रेणी से बाहर करने का फैसला किया है। माना जाता है कि हरियाणा-पंजाब में पराली जलाने से उठने वाले धुएं से दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण फैलता है और यह हमेशा संवेदनशील मुद्दा रहा है।

प्रदर्शनकारी किसानों से अपना आंदोलन समाप्त करने की अपील करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर



ने शनिवार को कहा कि पराली जलाना अब अपराध नहीं होगा। केंद्र किसानों की इस बहुप्रतीक्षित मांग से सहमत है। तोमर ने एक बयान में कहा कि किसानों की दूसरी मांग न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और फसल विविधीकरण पर चर्चा की गई है। बीते 19 नवंबर को गुरु पर्व के दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित समिति के गठन के साथ यह मांग भी पूरी होगी। उन्होंने कहा कि किसान अपना आंदोलन खत्म कर दें, क्योंकि 29 नवंबर से शुरू होने वाले संसद सत्र के दौरान तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने का प्रस्ताव पहले ही दिन पेश किया जाएगा।

तोमर ने यह भी कहा कि सरकार को इस बात का अफसोस है कि वह कुछ किसान संगठनों को इन कृषि कानूनों के लाभ के बारे में समझाने में सफल नहीं हो सकी। तीन कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली की सीमाओं पर विरोध-प्रदर्शन कर रहे किसानों के आंदोलन को अब एक साल से अधिक हो गया है। दिल्ली की सीमाओं पर बैठे किसानों में ज्यादातर पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से यहां आए हैं। कृषि मंत्री ने अपनी टिप्पणी में लिखा कि कृषि कानूनों को निरस्त करने का प्रस्ताव है। इसके साथ ही आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 की उप धारा (आईए) को हटाने का भी प्रस्ताव है, जिसे आवश्यक वस्तु (संशोधन) अधिनियम 2020 (2020 का ( शेष पेज 8 )

## किसानों का संसद मार्च टला, सरकार ने ली राहत की सांस



नई दिल्ली में शनिवार को पत्रकारों से वार्ता करते किसान संगठनों के नेता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**तीन** विधेयकों को निरस्त करने के लिए कृषि विधेयक पेश करने से दो दिन पहले प्रदर्शनकारी किसानों ने शनिवार को संसद तक अपना 29 नवंबर का मार्च टाल दिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनकी छह मांगों को पूरा करने का आग्रह किया है। शीतकालीन सत्र के पहले दिन संसद तक ट्रैक्टर मार्च की घोषणा भारतीय किसान संघ (बीकेयू) के नेता राकेश टिकैत ने की थी।

मांगों में 4 दिसंबर तक न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर फसलों की खरीद की कानूनी गारंटी देने, केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा को बर्खास्त कर गिरफ्तार करने और विरोध प्रदर्शन के दौरान जान गंवाने वाले किसानों के परिवार के सदस्यों को मुआवजा देने का लिखित आश्वासन शामिल है। किसानों का संसद मार्च रद्द होने से सरकार ने राहत की ( शेष पेज 8 )

# ओमीक्रोन का खतरा, अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर बढ़ सकती है सख्ती

- प्रतिबंधों पर ढील की योजना की समीक्षा करें अधिकारीः प्रधानमंत्री
- कहा, कोरोना के नए स्वरूप को लेकर सतर्क रहने की जरूरत



शीर्ष अधिकारियों के साथ ऑन लाइन बैठक करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**भाषा।** नई दिल्ली

**कोरोना** वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन का पता चलने और इसे लेकर दुनिया भर में पैदा हुई आशंकाओं के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर सख्ती बढ़ सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कोरोना के नए स्वरूप को लेकर प्रोएक्टिव रहने की आवश्यकता जताई और संभावित खतरों के मद्देनजर अधिकारियों से अंतरराष्ट्रीय यात्रा प्रतिबंधों में ढील देने की योजना की समीक्षा करने को भी कहा। प्रधानमंत्री ने लोगों से अत्यधिक सतर्क रहने तथा मास्क पहनने व उचित दूरी सहित बचाव के सभी अन्य उपायों का पालन करने की भी अपील की।

देश में कोविड-19 की ताजा स्थिति और जारी टीकाकरण अभियान की समीक्षा के लिए प्रधानमंत्री ने शीर्ष अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक की। लगभग दो घंटे चली इस बैठक के दौरान अधिकारियों ने प्रधानमंत्री को चिंता का विषय बने ओमीक्रोन और उसकी प्रकृति, विभिन्न देशों में इसके प्रभाव और भारत पर इसके असर के बारे में जानकारी दी और साथ ही संभावित प्रभावों पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि मोदी ने नए स्वरूप को देखते हुए प्रोएक्टिव रहने की आवश्यकता के बारे में बताया।

पीएमओ के मुताबिक उन्होंने कहा, नए खतरे को देखते हुए लोगों को अधिक सतर्क रहने की जरूरत है और मास्क लगाने तथा सामाजिक दूरी का पालन करने जैसी उचित सावधानी बरतने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने जोखिम वाले देशों के रूप में चिह्नित किए गए देशों पर विशेष ध्यान देते हुए सभी अंतरराष्ट्रीय आगमन की निगरानी और दिशानिर्देशों के अनुरूप यात्रियों की ( शेष पेज 8 )

### दक्षिण अफ्रीका से मुंबई आने वाले यात्रियों को पृथकवास में रहना होगा

**मुंबई।** दक्षिण अफ्रीका में कोविड-19 के एक नए संक्रामक स्वरूप के सामने आने के मद्देनजर मुंबई की महापौर किशोरी पेडनेकर ने शनिवार को कहा कि दक्षिण अफ्रीका से शहर में आने वाले सभी यात्रियों को पृथकवास में रहना होगा। उन्होंने बताया कि इन यात्रियों के नमूने जीनोम अनुक्रमण के लिए भेजे जाएंगे। पीटीआई-भाषा से बातचीत में पेडनेकर ने कहा कि यह निर्णय दक्षिण अफ्रीका में कोविड-19 के नए स्वरूप ( शेष पेज 8 )

**एयरसेल-मैक्सिस मामला**

## अदालत ने पी. चिदंबरम, उनके बेटे कार्ति को 20 दिसंबर को किया तलब

**भाषा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** की एक अदालत ने एयरसेल-मैक्सिस मामले में सीबीआई और ईडी द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम और उनके बेटे कार्ति के खिलाफ दायर आरोप पत्र पर शनिवार को संज्ञान लिया और उन्हें 20 दिसंबर को तलब किया। विशेष न्यायाधीश एम. के.नागपाल ने इस बात पर गौर करते हुए आदेश पारित किया कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार और धन शोधन के मामलों में चिदंबरम और अन्य आरोपियों को समन भेजे जाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं।

सीबीआई और ईडी ने अदालत को सूचित किया कि ब्रिटेन और सिंगापुर को जांच से जुड़ी और सूचना प्राप्त करने के वास्ते अनुरोध पत्र भेजे गए हैं और इस संबंध में कुछ प्रगति हुई है। अदालत में ईडी का प्रतिनिधित्व विशेष लोक अभियोजक



एन.के. मट्टा ने किया जबकि सीबीआई के लिए अधिवक्ता नूर रामपाल पेश हुए। यह मामला एयरसेल-मैक्सिस समझौते के लिए विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड (एफआईपीबी) द्वारा दी गई मंजूरी में कथित अनियमितता से जुडा है। इस समझौते को वर्ष 2006 में मंजूरी दी गई थी, तब चिदंबरम केंद्रीय वित्त मंत्री थे। सीबीआई और ईडी ने आरोप लगाया है कि वित्त मंत्री रहते हुए चिदंबरम ने समझौते को अपने अधिकार क्षेत्र से परे जाकर मंजूरी दी जिससे कुछ लोगों को लाभ हुआ।

## खराब वायु गुणवत्ता के बीच कल से खुलेंगे सभी स्कूल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी के सभी स्कूलों में सोमवार से छात्रों के लिए कक्षाएं फिर से शुरू हो सकती हैं। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को यह घोषणा की। बढ़ते वायु प्रदूषण कारण सरकार ने सभी स्कूल-कॉलेज बंद कर दिए थे। हालांकि अभी भी वायु प्रदूषण बरकरार है और स्थिति लगातार खराब हो रही है। शनिवार को औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 402 अंक पर दर्ज किया गया है। सिसोदिया के पास शिक्षा मंत्री का भी प्रभार है, उन्होंने ट्विटर पर एक आधिकारिक आदेश के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि दिल्ली के सभी स्कूल 29 नवंबर से सभी कक्षाओं के लिए फिर से खुलेंगे। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने 24 नवंबर को राजधानी की वायु गुणवत्ता में सुधार होने के आधार पर स्कूलों को फिर से खोलने के आदेश दिया था। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गंभीर वायु ( शेष पेज 8 )


## ईशनिंदा विरोधी कानून की मांग के विरोध में जावेद, शबाना, नसीरुद्दीन

- ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने की थी मांग

**भाषा।** नई दिल्ली

**ऑल** इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की ओर से ईशनिंदा विरोधी कानून की मांग किए जाने के कुछ दिनों बाद शनिवार को गीतकार जावेत अख्तर और अभिनेता नसीरुद्दीन शाम समेत कई बुद्धिजीवियों ने इस मांग का पुरजोर विरोध किया और कहा कि एक धर्मनिरपेक्ष देश में ईशनिंदा को अपराध ठहराने से संबंधित कोई कानून नहीं हो सकता।

पिछले दिनों पर्सनल लॉ बोर्ड ने कुछ शरारती तत्वों द्वारा पैगम्बर मोहम्मद का अपमान किए जाने की ओर सरकार का ध्यान खींचा था और कहा था कि ईशनिंदा के खिलाफ कानून होना चाहिए। इंडियन मुस्लिम्स फॉर सेक्युलर डेमोक्रेसी



(आईएमएसडी) की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि ईशनिंदा विरोधी कानून की मांग करना असंवैधानिक है। इस बयान पर अख्तर, शाह, अभिनेत्री शबाना आजमी, फिल्मकार आनंद पटवर्धन तथा कुछ अन्य लोगों के हस्ताक्षर हैं। बयान में कहा गया है कि यह संगठन इस सिद्धांत का पुरजोर समर्थन करता है कि एक धर्मनिरपेक्ष देश में ईशनिंदा को अपराध ठहराने का कोई कानून नहीं होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान सहित अधिकांश मुस्लिम देशों में ईशनिंदा संबंधी कानून हैं जिनमें कड़ी सजा का प्राबिधान है।

## सभी निर्माण श्रमिकों को मिलेंगे पांच-पांच हजार, राशि जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राजधानी** में वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए निर्माण गतिविधियां रोके जाने से प्रभावित हुए श्रमिकों को केजरीवाल सरकार पांच-पांच हजार रुपये देगी। इसके लिए लगभग 350 करोड़ की धनराशि जारी कर दी गई है और यह रकम पात्रों को मिलने भी लगी है। दिल्ली सरकार के अनुसार राजधानी में सात लाख निर्माण श्रमिक पंजीकृत हैं। सरकार द्वारा शनिवार को 2.95 लाख निर्माण श्रमिकों के खातों में सहायता राशि भेजी गई। बाकि श्रमिकों के खातों में भी दो दिन में सहायता राशि भेज दी जाएगी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली सरकार निर्माण श्रमिकों के साथ हर कदम पर खड़ी है। श्रमिक देश के रीढ़ हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बेशक निर्माण गतिविधियों पर रोक लगी है, लेकिन श्रमिक भाइयों-बहनों के घरों में चूल्हे जलते रहेंगे। सरकार उनकी हर संभव मदद करेगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा ( शेष पेज 8 )

## पुलिस अफसरों के तबादले संबंधी सूची देशमुख को भेजता था एक मंत्रीः ईडी

**भाषा।** मुंबई

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख के निजी सचिव रहे संजीव पलांडे के बयान का हवाला देते हुए बंबई उच्च न्यायालय को बताया है कि राज्य का एक कैबिनेट मंत्री एसीपी या उससे ऊंची रैंक के पुलिस अधिकारियों के स्थानांतरण और तैनाती के मकसद से एक सूची देशमुख को भेजा करता था। ईडी ने शुक्रवार को अदालत में दाखिल हलफनामे में कहा कि पलांडे देशमुख के निर्देश पर वह अनौपचारिक सूची पुलिस स्थापना बोर्ड को भेजा करते थे। ईडी ने पलांडे की उस याचिका का विरोध करते हुए यह हलफनामा दाखिल किया है, जिसमें उन्होंने अपने खिलाफ दर्ज धनशोधन मामले को रद्द करने का अनुरोध किया था। पलांडे के बयान का हवाला देते हुए, ईडी ने यह दावा भी किया कि एक मंत्री एक सूची के साथ तत्कालीन गृह मंत्री (देशमुख) से मिलते थे, जिसमें उन पुलिस अधिकारियों और स्थानों का नाम होता था, जहां उनका स्थानांतरण किया जाना होता था। इसके अलावा इस सूची में शिवसेना के संबंधित विधायकों और विधान परिषद सदस्यों के नाम भी होते थे। हलफनामे में कहा गया है कि इसके अलावा, पलांडे ने बार ऑर्केस्ट्रा मालिकों से वसूले जाने वाले धन में वृद्धि की संभावना पर चर्चा करने के लिए बर्खास्त मुंबई पुलिस अधिकारी सचिन वाजे और देशमुख के बीच बैठकों की व्यवस्था करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। ईडी ने कहा कि पलांडे ने जांच एजेंसी को दिए अपने बयान में स्वीकार किया है कि एक कैबिनेट मंत्री देशमुख को तबादलों और तैनाती के लिए पुलिस अधिकारियों की सूची भेजते थे। पलांडे को ईडी ने इसी साल जून में गिरफ्तार किया था। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। उनकी गिरफ्तारी के लगभग तीन महीने बाद, महाराष्ट्र सरकार ने उन्हें निलंबित कर दिया था। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता देशमुख को इस महीने की शुरूआत में धनशोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। वह भी न्यायिक हिरासत में हैं।

### बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,107 | |
| निफ्टी | 17,026 | |
| सोना | 47,155 | /10g |
| चांदी | 62,145 | /kg |

### क्विक न्यूज

**हिज्बुल मुजाहिदीन के दो मददगार गिरफ्तार**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कहा कि सुरक्षा बलो ने शनिवार को पुलवामा जिले मे हिज्बुल मुजाहिदीन (एचएम) आतंकवादियों के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से गोला-बारूद तथा अपराध मे इस्तेमाल होने वाली सामग्री बरामद की है। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि उनकी पहचान मुजम्मिल अय्यूब भट और सुहैल मंजूर मोहंद केस्प मे हुई है। दोनो शाहाबाद खरपोरा बाला लाल गाम, अवंतीपोरा केनिवासी हैं। प्रवक्ता ने कहा, दक्षिण कश्मीर जिले के अवंतीपोरा इलाके में प्रतिबंधित आतंकी संगठन हिज्बुल-मुजाहिदीन केआतंकवादियों के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया है। प्रवक्ता ने कहा कि उनकेपास से गोला बारूद और अपराध में इस्तेमाल होने वाली सामग्री बरामद की गई है, जिसमें एके-47 के 383 कारतूस शामिल हैं।

## बिहार में मृत व्यक्ति ने जीता पंचायत चुनाव

**भाषा।** जमुई

**बिहार** के जमुई जिले में एक मृत व्यक्ति ने अपनी ही मौत से पैदा हुई सहानुभूति के कारण पंचायत चुनाव में जीत दर्ज की है। चुनाव बुधवार को हुए थे। यह हास्यास्पद त्रासदी जिले में तब सामने आई जब अधिकारी 24 नवंबर को हुए चुनाव में विजय हासिल करने वाले उम्मीदवारों को प्रमाण पत्र सौंप रहे थे। इस दौरान, खैरा ब्लॉक के अंतर्गत दीपकरहर गांव में वार्ड संख्या दो पर जीत दर्ज करने वाले सोहन मुर्मू कहीं नहीं मिले।

खैरा के प्रखंड विकास अधिकारी (बीडीओ) राघवेंद्र त्रिपाठी ने कहा, पूछताछ करने पर पता चला कि मतदान संपन्न होने से एक पखवाड़े पहले छह नवंबर को ही मुर्मू की मौत हो गई थी। दीपकरहर झारखंड की सीमा से लगते क्षेत्र में स्थित है जहां मुख्य रूप से आदिवासी लोग रहते हैं। बीडीओ ने कहा, मुर्मू ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 28 मतों से पराजित किया। मुर्मू के परिजनों ने कहा कि मुर्मू बीमार थे और चुनाव जीतना उनकी अंतिम इच्छा थी, इसलिए वे चुप रहे। गांव के किसी व्यक्ति ने भी हमें इसकी जानकारी नहीं दी।

ऐसा लगता है कि उन सभी ने मुर्मू की अंतिम इच्छा पूरी करने के लिए उन्हें वोट दिया। मृतक के परिजनों और ग्रामीणों के भोलेपन के कारण अधिकारियों का काम बढ़ गया है। त्रिपाठी ने कहा, जीत का प्रमाण पत्र किसी को भी नहीं दिया जा सकता। हम राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर इसकी जानकारी देंगे और अनुरोध करेंगे कि संबंधित वार्ड के चुनाव रद्द कर फिर से चुनाव कराया जाए।

# अविवेकपूर्ण टिप्पणी संदिग्ध व्याख्याओं को देती है जगह

- संविधान दिवस कार्यक्रम में राष्ट्रपति ने न्यायाधीशों से कहा

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रपति** रामनाथ कोविंद ने कहा है कि अविवेकपूर्ण टिप्पणी भले ही अच्छे इरादे से की गई हो, वह न्यायपालिका के महत्व को कम करने वाली संदिग्ध व्याख्याओं को जगह देती है। उन्होंने न्यायाधीशों से कहा कि वे अदालत कक्षों में अपनी बात कहने में अत्यधिक विवेक का प्रयोग करें। वहीं प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण ने कहा कि विधायिका कानूनों के प्रभाव का आकलन या अध्ययन नहीं करती है, जो कभी-कभी बड़े मुद्दों की ओर ले जाते हैं और परिणामस्वरूप न्यायपालिका पर मामलों का अधिक बोझ पड़ता है।

उच्चतम न्यायालय द्वारा आयोजित संविधान दिवस कार्यक्रम के समापन



संबिधान दिवस पर कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना और राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद

समारोह को संबोधित करते हुए कोविंद ने कहा कि न्याय वह महत्वपूर्ण आधार है, जिसके चारों ओर एक लोकतंत्र घूमता है, तथा यह तब और मजबूत होता है जब राज्य की तीन संस्थाएं- न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका- एक सामंजस्यपूर्ण ढंग से अस्तित्व में होती हैं। राष्ट्रपति ने कहा, संविधान में, प्रत्एक संस्था का अपना परिभाषित स्थान होता है जिसके भीतर वह कार्य करती है। उन्होंने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि न्यायपालिका ने अपने लिए उच्चतम मानक स्थापित किया है। राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी एक बयान में कोविंद के हवाले से कहा गया, इसलिए, न्यायाधीशों का यह भी दायित्व है कि वे अदालत कक्षों में अपने बयानों में अत्यधिक विवेक का प्रयोग करें।

अविवेकपूर्ण टिप्पणी, भले ही अच्छे इरादे से की गई हो, न्यायपालिका के महत्व को कम करने वाली संदिग्ध व्याख्याओं को जगह देती है। कोविंद ने कहा कि लोग न्यायपालिका को सबसे भरोसेमंद संस्था मानते हैं। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर न्यायाधीशों के खिलाफ की जाने वाली टिप्पणियों पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा, ...सोशल मीडिया मंचों पर न्यायपालिका के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियों के कुछ मामले सामने ( शेष पेज 8 )

### ऐसी स्थिति में नहीं रहा जा सकता, जहां कानूनों का क्रियान्वयन मुश्किल होः किरेन रिजिजू

**भाषा।** नई दिल्ल

**केंद्रीय** कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को यहां कहा कि ऐसी स्थिति में नहीं रहा जा सकता, जहां विधायिका द्वारा पारित कानूनों और न्यायपालिका द्वारा दिए गए फैसलों को लागू करना मुश्किल हो। उच्चतम न्यायालय द्वारा आयोजित



दो दिवसीय संविधान दिवस कार्यक्रम के समापन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कभी-कभी, अपने अधिकारों की तलाश में, लोग दूसरों के अधिकारों और अपने कर्तव्यों के बारे में भूल जाते हैं। मंत्री ने कहा कि मौलिक अधिकारों और मौलिक कर्तव्यों के बीच संतुलन तलाशने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि संसद और राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयक और उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले देश के कानून होते हैं। रिजिजू ने हिंदी में कहा, ऐसी नौबत हम कैसे देख सकते हैं कि उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय, विधानसभा या संसद कानून पारित कर दे, फिर भी लागू करने ( शेष पेज 8 )

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 28 नवंबर, 2021



# प्रधानमंत्री मोदी दिसंबर के अंत में ग्रेनो में करेंगे मेडिकल पार्क समेत कई परियोजनाओं का उद्घाटन



● गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन और यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी ने शुरू की तैयारियां

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ठीक एक महीने बाद एक बार फिर ग्रेटर नोएडा का दौरा करेंगे। अभी तारीख पूरी तरह फाइनल नहीं है, लेकिन संभावित तिथि 25 दिसंबर बताई जा रही है। उस दिन पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई का जन्म दिवस है।

भारत सरकार इसे सुशासन दिवस के रूप में मनाती है। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री एक साथ कई बड़े प्रोजेक्ट की नींव ग्रेटर नोएडा में रखेंगे। इनमें उत्तर भारत का पहला मेडिकल डिवाइस पार्क भी शामिल है। गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन और यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

यमुना अथॉरिटी के सेक्टर-28 में 350 हेक्टेयर क्षेत्रफल पर उत्तर भारत का पहला मेडिकल डिवाइस पार्क बनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार, केंद्र सरकार और यमुना अथॉरिटी का यह संयुक्त उपक्रम है। इसके लिए राज्य सरकार ने करीब एक साल पहले यमुना अथॉरिटी को नोडल एजेंसी घोषित किया था।

इस परियोजना के लिए केंद्र सरकार 100 करोड़ रुपये की सब्सिडी देगी। उत्तर प्रदेश सरकार जमीन की कीमत, स्टाम्प ड्यूटी और बिजली की दरों में आवंटी कंपनियों को छूट देगी।

इस प्रोजेक्ट की नींव रखने के लिए प्रदेश सरकार और यमुना अथॉरिटी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर ग्रेटर नोएडा बुला रहे हैं। आपको बता दें कि 2 दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जेवर आए थे। उन्होंने दुनिया के चौथे सबसे बड़े नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का शिलान्यास किया है।

## नए साल पर खुलेगा पहला इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा में प्रदूषण को कम करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक वाहनों पर ज्यादा जोर डाला जा रहा है। अब इलेक्ट्रॉनिक वाहन चलाने वालों के लिए खुशी की खबर सामने आ रही है। ग्रेटर नोएडा में बहुत ही जल्द पहला इलेक्ट्रॉनिक वाहन चार्जिंग स्टेशन खोलने की तैयारी चल रही है। बताया जा रहा है कि जनवरी 2022 के दूसरे हफ्ते में ग्रेटर नोएडा में पहला इलेक्ट्रॉनिक वाहन चार्जिंग स्टेशन खुल जाएगा। इसको लेकर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और इलेक्ट्रॉनिक चार्जिंग स्टेशन लगाने वाली कंपनी कनवर्जेसन एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड के बीच में करार हो चुका है। यह कंपनी ग्रेटर नोएडा में इलेक्ट्रॉनिक वाहनों के चार्जिंग के लिए 100 चार्जिंग स्टेशन खोलेगी। इसके लिए ग्रेटर नोएडा में कहां पर चार्जिंग स्टेशन खोले जाएंगे, उसकी तलाश की जा रही है। खासतौर पर यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे इलेक्ट्रॉनिक वाहन चेकिंग सेंटर खोले जाएंगे। इसके अलावा शॉपिंग मॉल, मल्टीप्लेक्स सेंटर और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर भी इलेक्ट्रॉनिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। खासतौर पर इसके लिए एक वेबसाइट बनाई जाएगी। जिसमें सभी चार्जिंग स्टेशन के बारे में जानकारी होगी। इसके अलावा आप गूगल के माध्यम से भी चार्जिंग स्टेशन के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अभी तक की मिली जानकारी के मुताबिक इलेक्ट्रिक वाहन को चार्जिंग के लिए शुल्क लगभग तय हो चुका है। लोटेंशन लाइन के लिए 4.5 रुपए प्रति यूनिट और हाईटेंशन लाइन के लिए 5 रुपए प्रति यूनिट की दर होगी। यह भारत में सबसे कम मूल्य है। इसी के साथ चार्जिंग सुविधा के आधार पर भी सर्विस चार्ज को जोड़ा जा सकता है।

गालंद के डंपिंग ग्राउंड में वैज्ञानिक तरीके से होगा कूड़े का निस्तारण

# निगम दुकानों में किराये की बढ़ोतरी टली

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



सदन में उपस्थित मेयर आशा शर्मा व अन्य अधिकारीगण।

नगर निगम बोर्ड की बैठक में शुक्रवार को कई प्रस्ताव को लेकर हंगामा हुआ, जिसके चलते नगर निगम सदन को के प्रस्ताव स्थगित करने पड़े। कुल मिलाकर 28 प्रस्ताव इस बैठक में रखे गए थे। जिसमें नगर निगम की दुकानों का किराया 11 गुना बढ़ाए जाने वाला प्रस्ताव स्थगित कर दिया गया, जबकि गालंद में डंपिंग ग्राउंड के बजाय सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट लगाने का प्रस्ताव पास किया गया।

वार्डों में विकास कार्यों में भेदभाव को लेकर पार्षदों में जमकर हंगामा हुआ। कई बार मेयर और नगर आयुक्त को पार्षदों को समझाना पड़ा। नगर निगम मुख्यालय स्थित सभागार में महापौर आशा शर्मा के अध्यक्षता में यह बैठक शुरू हुई। बैठक में कुल 28 प्रस्ताव रखे गए जिनमें ज्यादातर पास कर दिए गए।

बैठक में नगर निगम की दुकानों का किराया किराया 11 गुना बढ़ाए जाने को लेकर पार्षद राजीव शर्मा जहां नगर निगम मुख्यालय पर धरने पर बैठ गए। वही बैठक में मौजूद पार्षदों में भी इस प्रस्ताव को स्थगित करने का सुझाव दिया। जिसके बाद यह प्रस्ताव फ़िलहाल अप्रैल माह तक स्थगित कर दिया गया।

हालांकि नगर निगम प्रशासन ने कहा कि अब सभी दुकानदारों को अपना मूल आवंटन पत्र दिखाना होगा और यह साबित करना होगा कि दुकान पर वही असली मूल आवंटित है जो दुकानदार मूल आवंटन पत्र नहीं ~~लिखा सकेगा उसे नगर निगम~~ प्रीमियम वसूलेगा। दूसरा मामला गाल में डंपिंग ग्राउंड बनाने का रहा।

इसको लेकर सहमति बनी कि डंपिंग ग्राउंड नहीं बल्कि सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट लगाया जाएग, जिसमें वैज्ञानिक तरीके से कूड़े का निस्तारण होगा इसको लेकर कहा गया कि अब इसको डंपिंग ग्राउंड न कहकर सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की संज्ञा दी जाएगी। वही विकास कार्यों को ~~लेकर पार्षदों में काफी हंगामा हुआ।~~ जिसके बाद नगर निगम नगर आयुक्त ने आश्वासन दिया कि जो कार्य अधूरे हैं उन्हें दिसंबर से पहले पहले उनके टेंडर छोड़ दिए जाएंगे और जल्द से जल्द 5 करोड़ तक के काम पूरे कर दिए जाएंगे। इस बैठक में 12 सौ करोड़ रुपए का बजट भी पास कर दिया।

## हंगामेदार रहा नगर निगम का सदन

नगर निगम सदन की बजट पर चर्चा के दौरान जबरदस्त हंगामा हुआ। कुछ पार्षदों ने यहां तक कहा कि उनके रबड की स्टांप न समझा जाए, जो केवल बजट पर हस्ताक्षर करने तक ही सीमित है। वहीं बीजेपी के पार्षद एसके माहेवरी ने सदन में कागज लहराते हुए कहा कि किसी पार्षद विशेष के वार्ड में तीन करोड किसी वार्ड में 60 लाख का भी काम न होना दुर्भाग्य पूर्ण है। ये भेदभाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं इंदिरापुरम के शिप्रा सन सिटी से बीजेपी के पार्षद ने खुला आरोप लगाया कि निगम के अफसर नहीं चाहते इंदिरापुरम जीडीए से निगम को हैंड ओवर हो। इसी लिए प्रक्रिया को चार साल से कागजों तक सीमित किया गया है।



## व्यापारियों ने दिया धरना



**गाजियाबाद।** नगर निगम द्वारा 1702 दुकानों का किराया 11 गुना करने सम्बन्धी प्रस्ताव के विरोध में शहर के व्यापारी सड़क पर आ गए। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष सुभाष छाबड़ा के नेतृत्व में व्यापारियों ने घंटाघर पर धरना दिया। राज्यमंत्री अतुल गर्ग ने भी आश्वासन दिया है कि किसी भी हाल में यह आदेश को पारित नहीं करा जाएगा। वही उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष गोपीचंद के नेतृत्व में निगम मुख्यालय पर धरना दिया। उनके साथ महामंत्री अशोक चावला, राकेश स्वामी समेत अनेक व्यापारी शामिल थे।

# इंटरनेशनल ऑप्टिकल फेयर का उद्घाटन

● गौतमबुद्ध ने बनाई विश्वस्तरीय पहचानः नागरिक उड्डयन मंत्री

***नोएडा।*** *नोएडा के सेक्टर-62 स्थित एक्सपो सेंटर में शनिवार से तीन दिवसीय इंडिया इंटरनेशनल ऑप्टिकल फेयर शुरू हुआ। इसका विधिवत उद्घाटन उत्तर प्रदेश के नागरिक उड्डयन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने की। इस अवसर पर भाजपा विधायक पंकज सिंह भी मौजूद रहे।*

*नंद गोपाल गुप्ता ने उद्घाटन के अवसर पर कहा कि मौजूदा समय में आप्टीकल उद्योग देश में करीब 20 हजार करोड़ का है लेकिन यह कारोबार पूरी तरह से चीन, जापान, कोरिया, यूरोप से आने वाले फिनिश गुड्स पर निर्भर है। उन्होंने यहां के उद्योगपतियों से अपील किया कि वे इस कारोबार को स्वालंबी बनाएं। वहीं, ऑप्टिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सुभाष बंसल ने कहा कि उत्पादन इकाई संचालित करने के लिए कच्चा माल से लेकर प्लांट एंड मशीनरी पर आयात शुल्क अधिक है।*

*इस कारण देश में यह उत्पाद उद्योग के रूप में विकसित नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि उनकी संस्था लगातार प्रयास कर रहा है कि सरकार यदि कर के नियमों में थोड़ा सा संशोधन कर दे तो आयातित उद्योग के उत्पादन में तब्दील किया जा सकता है।*

## संक्षिप्त समाचार



वेन को हरी झंडी देखकर शुभारभ करते डीएम

### इवीएम व वीवीपैट मशीन के बारे में दी जानकारी

**गाजियाबाद।** विधान सभा निर्वाचन-2022 के मद्देनजर अधिक से अधिक मतदाताओं का पंजीकरणकराए जाने के लिए मतदाता जागरूकता के लिये वैन रवाना की गई। जिसके शुभारभ जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने झंडी दिखाकर रवाना किया। वैन में भारत निर्वाचन आयोग की ओर से इवीएम व वीवीपैट मशीन के बारे में मतदाताओं को जागरूक करने के लिये रवाना किया गया। मुख्य विकासअधिकारी अस्मिता लाल,एसडीएम सदर सहित कई अधिकारीगण मौजूद रहें।

### सुविधाओ की मांग को लेकर वेब सिटी में प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** वेब सिटी में सुविधाओं के अभाव को लेकर व रखरखाव के नाम पर अवैध वसूली करने के खिलाफ वेब सिटी के आवंटियों ने जमकर हगामा काटा और प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे मनोज यादव ने बताया कि वेब सिटी के बिल्डर्स मेंटीनेंस के नाम पर अवैध वसूली करते हैं। पैसा न देने पर धमकी देते हैं और जब से वेब सिटी बनी है तब से लेकर आज तक मेंटीनेस के नाम पर कोई सुविधा स्थानीय निवासियों को नहीं मिली है। वेब सिटी के अन्दर मोबाइल नेटवर्क ज्यादातर निवासियों के लिए उपलब्ध नहीं हैं। पीने के पानी की कोई उचित व्यस्था नहीं है। सुरक्षा व बच्चों के खेल कूद का कोई प्रबंध नहीं है। बिल्डर्स की मनमानी से परेशान होकर सभी रेजीडेंन्टस ने वेब सिटी पर प्रर्दशन किया। इस मौके पर गोपी चन्द, देविन्द्र शर्मा, नवीन कुमार, फौजिन्द्र यादव, अतुल प्रधान आदि लोग उपस्थित रहे।



### बालकनी में खेल रही बच्ची की गिरकर मौत

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-49 क्षेत्र के सेक्टर-75 में स्थित एक सोसाइटी में खेलते समय साढे 3 वर्ष की बच्ची दसवीं फ्लोर से नीचे गिर गई। इस घटना में उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना सेक्टर.49 के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि सेक्टर-75 के एक सोसायटी में रहने वाले व्यापारी जयप्रकाश चैलानी कि साढे 3 वर्षीय बेटी बीती रात को अपनी मां के साथ अपने फ्लैट के बालकनी में खेल रही थी। बच्ची की मां किसी काम से उसको बालकनी में अकेला छोड़ कर घर के अंदर चली गई। इसी बीच बच्ची खेलते हुए बालकनी से नीचे गिर गई और इस घटना में बच्ची की मौत हो गई है।

### वाद विवाद प्रतियोगिता के 12 छात्र पुरस्कृत

**गाजियाबाद।** वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के ऑडिटोरियम में संविधान दिवस समारोह में वाद विश्लेषण प्रतियोगिता के 12 श्रेष्ठ विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में 30 टीमों में 60 विद्यार्थियों ने भाग लेकर पोस्टरों के माध्यम से देश के चर्चित वादों पर अपनी दलीलें पेश की थीं। परिवार न्यायालय की रिटायर्ड मुख्य न्यायाधीश बिमला कुमारी समारोह की मुख्य अतिथि थीं। रिटायर्ड जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमेश कुमार एवं रिटायर्ड अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश महावीर सिंघल ने कानून की बारीकियों पर प्रकाश डाला। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने सभी अतिथियों को सम्मानित किया।

# नोएडा जेल में बंद विचाराधीन कैदी ने की आत्महत्या

● प्रेमिका की शादी तय होने से था परेशान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



गौतमबुद्ध नगर के लुक्सर जेल में बंद एक कैदी ने जेल की रसोई घर में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक जनपद अलीगढ़ के थाना बन्नादेवी क्षेत्र से 10 वर्ष पूर्व डकैती और हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया था।

3 वर्ष पूर्व वह अलीगढ़ जेल से ट्रांसफर होकर गौतमबुद्ध नगर जेल में आया था। जेल के अधिकारियों अनुसार मृतक की प्रेमिका की शादी तय हो गई थी। इस बात से वह अवसाद में था।

लुक्सार जेल के सुपरिटेंडेंट अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि जनपद अलीगढ़ के बन्नादेवी थाना क्षेत्र से 10 वर्ष पूर्व डकैती और हत्या के मामले में गिरफ्तार कैदी कुलदीप उर्फ दीपू वर्ष 2018 में जनपद अलीगढ़ जेल से ट्रांफर होकर गौतमबुद्ध नगर जेल में आया था।

कुलदीप की एक प्रेमिका थी, जो लगातार जेल पर उससे मिलाई करने आती थी। कुलदीप अपनी जमानत कराने में विफल रहा और उसकी प्रेमिका के घर वालों ने उसकी शादी वर्ष 2022 के जनवरी माह में किसी और से तय कर दी।

## लिव इन में रह रही युवती ने किया सुसाइड

**नोएडा।** थाना सेक्टर-20 क्षेत्र के हरौला गांव में लिव इन रिलेशनशिप में रह रही एक युवती ने बीती रात को पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने उसके पार्टनर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मृतका बिहार के पटना जनपद की रहने वाली थी। पुलिस ने मृतिका के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है। थाना सेक्टर 20 के प्रभारी निरीक्षक मुनीष प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि मूल रूप से जनपद पटना की रहने वाली कुमारी बॉबी राज 23 वर्ष हरौला गांव के अमित शुक्ला के मकान में किराए पर रहती थी।

# घायल सब इंस्पेक्टर का हाल-चाल लेने पहुंचे डीसीपी अमित चौधरी

● बाइक सवार दो बदमाशों ने मारी थी गोली, मुठभेड़ के बाद एक गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

घायल सब इंस्पेक्टर का हाल-चाल जानने के लिए डीसीपी अमित कुमार अस्पताल में पहुंचे। घायल एसआई नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। शुक्रवार की शाम बिलासपुर चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर अंकुर चौधरी दोपहर दो बाइक सवार बदमाशों ने गोली मार दी थी। इस वारदात में सब इंस्पेक्टर की जान बाल-बाल बची गई है।

वही पुलिस ने शुक्रवार देर शाम मुठभेड़ में फरार एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। दोपहर को बिलासपुर चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर अंकुर चौधरी चेकिंग कर रहे थे। बाइक सवार बदमाशों को अंकुर ने रोकने का प्रयास किया तो बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया।

# गौर बिल्डर और निवासियों की हुई बैठक, कई मुद्दों पर बनी सहमति

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौड़ सिटी के फर्स्ट एवेन्यू में पानी का अलग कनेक्शन लगाने को बिल्डर राजी हो गया है। सोसाइटी के रखरखाव से जुड़ी समस्याओं का भी समाधान करेगा। फ्लैट निवासियों की मांग पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से हुई बैठक में इन मसलों पर सहमति बन गई है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण के निर्देश पर फ्लैट खरीदारों की बिल्डर से जुड़ी समस्या को हल करने के लिए लगातार बैठकें हो रहीं हैं। प्राधिकरण के बिल्डर सेल के ओएसडी संतोष कुमार के नेतृत्व में हुई बैठक में फर्स्ट एवेन्यू ने खरीदारों ने कई समस्याएं सामने रखीं। निवासियों ने पानी आपूर्ति के लिए का अलग कनेक्शन करने की मांग की।

ओएसडी ने भी हर सोसाइटी के पानी का मीटर अलग करने के निर्देश दिए, जिस पर बिल्डर सहमत हो गया। आईएफ एमएस इंटरेस्ट फ्री मेनटेनेंस एंड सिक्योरिटी चार्जेस के तौर पर जमा रकम भी अपार्टमेंट ऑनर्स एसोसिएशन को वापस करने के लिए भी बिल्डर तैयार हो गया है।

# छात्राओं ने पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्थापना दिवस मनाया

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

संजय नगर सेक्टर 23 स्थित राम किशन इंस्टीट्यूट परिसर में नेशनल कैडेट कॉर्प्स एनसीसी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया।

इस मौके पर एनसीसी गर्ल्स कैडेट्स ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर एनसीसी के महत्व को समझाया। आपको बता दें कि 1947 में नवंबर के चौथे रविवार को इस कॉर्प्स का दिल्ली में सबसे पहले गठन किया गया था। इस लम्हें को यादगार बनाने के लिए स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर छात्राओं ने ध्वजारोहण के बाद रंगारंग सांस्कृतिक एवं देशभक्ति पूर्ण गीत प्रस्तुत कर माहौल को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। इस कार्यक्रम में कक्षा नौ की छात्रा परी चौधरी ,कक्षा 8 की तान्या चौधरी ,साक्षी चौधरी और सृष्टि वर्मा ने भाग लिया।

इस मौके पर निदेशक डॉक्टर आलोक गर्ग ने कहा कि एनसीसी का देश की सुरक्षा और अखंडता में महत्वपूर्ण योगदान होता है। सफल संचालन एनसीसी प्रभारी प्रीति चौधरी ने किया।




एनसीसी की छात्राएं सांस्कृतिक प्रस्तुति देते हुए।

# नोएडा में सम्मानित किए सफाई कर्मचारी

● प्राधिकरण ने दी 1100 रुपए से सम्मान राशि

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा के 12 स्थानों पर स्वच्छता रैली और भंडारे का आयोजन किया गया है। स्वच्छता रैली का आयोजन नोएडा के सबसे स्वच्छ शहर और गार्बेज फ्री सिटी में 5 स्टार रेटिंग प्राप्त करने के उपलक्ष में किया गया है।

इस रैली के जरिए सफाई कर्मचारियों को भी प्रोत्साहित किया गया है। इस कार्यक्रम का आयोजन जन्म स्वच्छता विभाग के सभी जोन संविदाकरो, मैकेनिकल शिपिंग एजेंसी, डोर टू डोर एजेंसी, और 2.5 प्रतिशत संविदाकरों के माध्यम से आयोजन किया गया। स्वच्छता रैली की शुरूआत सभी के द्वारा स्वच्छता की शपथ लेकर की गई। शपथ लेने के बाद उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता रैली निकाली गई। रैली के समाप्त होने के बाद सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने भोजन किया।

रैली के दौरान अपने आसपास सफाई रखने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। स्वच्छता रैली का आयोजन मैसर्स एजी इन्वायरो कार्यालय सेक्टर-08, स्टेडियम सेक्टर-21ए, मैसर्स चेन्नई एएसडब्लू कार्यालय, सेक्टर-33, सेक्टर-39 बारात घर, सेक्टर-46 बारात घर, सेक्टर-63 बारात घर, सैक्टर.105 बारात घर, सेक्टर-125, सेक्टर-135 बारात घर, ग्राम पर्थला, नगली शाहपुर और सुलतानपुर में किया गया।

सफाई कर्मचारियों के काम की सराहना की गई। साथ ही प्राधिकरण ने सफाई कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिए 1100 की धनराशि सभी सफाई कर्मचारियों को देने की घोषणा की थी। जिसका वितरण स्वच्छता रैली के दिन किया गया। इस धनराशि का वितरण सभी संविदाकारों और एजेंसियों द्वारा सभी स्वच्छता कर्मियों को किया गया। स्वच्छता रैली में विभिन्न आरडब्लूए द्वारा प्रतिभाग किया गया है। कार्यक्रम में नोएडा प्राधिकरण के अपर अधिकारी प्रवीण मिश्र, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी इन्दुप्रकाश सिंह, विशेष कार्याधिकारी एवं नोएडा एम्पलाइज एसोसिएशन के अध्यक्ष कुशल पाल सिंह द्वारा सेक्टर-8 एवं सेक्टर-21ए स्टेडियम के कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। डॉ. अविनाश त्रिपाठी द्वारा सेक्टर-105 के कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। जन स्वास्थ्य अधिकारी एससी मिश्रा द्वारा सेक्टर-39, 46 और ग्राम सुल्तानपुर के कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया।

विजय रावल और गौरव बंसल नोएडा सेक्टर-21, स्टेडियम के कार्यक्रम में उपस्थित रहे। आरके शर्मा और एपी वर्मा सेक्टर-105 के कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# विधायक ने दिव्यांग बच्चों को बांटे निशुल्क सहायक उपकरण

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

ब्लॉक संसाधन केंद्र मुरादनगर परिसर में विधायक अजीतपाल त्यागी ने एक शिविर में दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण वितरित किए। ये सभी उपकरण एलिम्को कानपुर नामक संस्था ने उपलब्ध कराए हैं।

खास बात यह है कि 6 से 14 वर्ष कक्षा 1 से 8 तक के दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराए गए । इनमें पचपन दिव्यांग बच्चों को 89 उपकरण, जिसमे नो ट्राइ साइकिल ,12 व्हील चेयर 2सीपी चेयर 12 एमआर किट 10 बैसाखी 38 सुनने की मशीन एक ब्रेलसलेट शामिल है। इस मौके पर जिला समन्वयक गौरव त्यागी ने बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग में बच्चों के दिव्यांगता मापन हेतु प्रत्येक ब्लॉक में पहले शिविर लगाया जाता है। उसके पश्चात और आवश्यकतानुसार सहायक उपकरण प्रदान किए जाते हैं । उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि इन बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ा जाए ताकि शिक्षित होने में इन्हे कोई परेशानी ना हो। इसी क्रम में विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा कि समाज के इस महत्वपूर्ण वर्ग के प्रति सरकार की संवेदनशीलता को प्रदर्शित करते हुए यह एक अच्छा आयोजन है।



सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# कोविड-19 के नए स्वरूप से खतरा दिल्ली में बढ़ाई सतर्कता

## एलजी ने अधिकारियों को आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा

● मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से प्रभावित देश से आने वाली उड़ानों पर रोक लगाने का किया अनुरोध

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


दक्षिण अफ्रीका में मिले कोरोना के नए वैरिएंट (बी.1.1.529) ने एक बार भी सबकी चिंता बढ़ा दी है। डाक्टरों के बीच इस बात की भी चर्चा होने लगी है कि कहीं यह नया वैरिएंट देश में तीसरी लहर का कारण न बन जाए। ऐसे में डाक्टर्स बचाव के लिए जीनोम सिक्वेंसिंग के जरिये वायरस की निगरानी बढ़ाने पर जोर दिया है। डाक्टरों का वर्ग यह भी कह रहे हैं कि कोरोना के डेल्टा सहित किसी भी वैरिएंट ने एक बार संक्रमित हो चुके लोगों को दोबारा ज्यादा प्रभावित नहीं किया है। इसलिए देश में नए वैरिएंट से खतरे की आंशका बहुत कम है। फिर भी सतर्कता बढ़ाने की जरूरत है।

उधर उपराज्यपाल अनिल बैजल ने शनिवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की और सार्वजनिक स्थानों पर कोविड प्रोटोकॉल का सख्त पालन सुनिश्चित करने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए अस्पतालों में तैयारी रखने का निर्देश दिया है।

सूत्रों के अनुसार दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) सोमवार को होने वाली अपनी बैठक में अंतरराष्ट्रीय विमानों से उतरने वाले यात्रियों की आरटी-पीसीआर जांच कराने और दक्षिण अफ्रीका, बोत्सवाना, जिम्बाबवे और हांगकांग सहित जिन देशों में कोरोना वायरस का नया स्वरूप मिला है, उन देशों से आने वाले यात्रियों को पृथकवास में रखने के संबंध में फैसला कर सकता है।

उपराज्यपाल की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में विशेषज्ञ और नागर विमानन मंत्रालय के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अनुरोध किया था कि जिन देशों में कोरोना वायरस का नया स्वरूप सामने आया है, वहां से आने वाली अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दें। केजरीवाल ने शनिवार को ट्वीट कर इस बात पर जोर दिया कि देश बहुत मुश्किलों से कोविड-19 महामारी से उबरा है। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नये स्वरूप से प्रभावित देशों से आने वाली उड़ानों को प्रतिबंधित करने का अनुरोध करते है। बहुत मुश्किलों से देश कोरोना से उबरा है। उन्हें इस नये स्वरूप को जहां तक संभव हो सके भारत आने से रोकना चाहिए।

इस बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोना वायरस के इस नए स्वरूप को ओमीक्रॉन नाम दिया है। इसे बेहद संक्रामक चिंताजनक स्वरूप करार दिया है। कोरोना वायरस के इस नये स्वरूप के सामने आने के बाद अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, रूस और कई अन्य देशों के साथ यूरोपीय संघ ने अफ्रीकी देशों से लोगों के आवागमन पर रोक लगा दी है।



### राजधानी में संक्रमण के 27 नए मामले मिले

**नई दिल्ली।** शनिवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 27 नए मामले सामने आए और संक्रमण दर 0.05 प्रतिशत रही। इस अवधि में संक्रमण से एक मरीज की मौत हुई है। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, अब तक संक्रमण के 14,40,834 मामले सामने आ चुके हैं, जबकि 14.15 लाख से अधिक लोग ठीक हुए हैं। अब तक इस वायरस के कारण 25,096 लोगों की मौत हो चुकी है। विभाग के अनुसार, नवंबर के महीने में अब तक कोविड-19 के पांच मरीजों की मौत हुई है, जबकि अक्टूबर में चार और सितंबर में पांच मरीजों की जान गई थी।

# एम्स में पुरानी व्यवस्था बंद होने के बाद रोजाना हो रहे 653 एक्स-रे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



● पिछले दो महीने से कोई प्रतीक्षा सूची नहीं

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) दिल्ली में 'अपाइंटमेंट' व्यवस्था बंद होने के बाद रोजाना औसतन 653 एक्स-रे हो रहे हैं, जबकि पहले यह औसत 175 था। पुरानी व्यवस्था खत्म होने के बाद बीते दो महीने में कोई प्रतीक्षा सूची नहीं है।

एम्स के रेडियो-डायग्नोसिस विभाग के प्रमुख डॉ. दीप एन श्रीवास्तव ने कहा कि पहले मरीजों को समय लेकर( अपॉइंटमेंट) लेकर जांच के लिए अस्पताल आना होता था। ओपीडी में परामर्श के लिए उन्हें फिर से अस्पताल आने की आवश्यकता होती थी।

श्रीवास्तव ने कहा कि सितंबर के अंत तक इस व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया था। अब रोगी ओपीडी में दिखाकर सीधे यहां आते हैं और एक्स-रे कराने के तुरंत बाद फिल्म ले लेते हैं। ऐसा इसलिये किया गया ताकि उन्हें बार-बार अस्पताल नहीं आना पड़े।

उन्होंने कहा, %एम्स में पहले प्रतिदिन औसतन 175 एक्स-रे किए जा रहे थे, लेकिन रेडियो-डायग्नोसिस विभाग द्वारा अपाइंटमेंट व्यवस्था बंद करने के बाद यह संख्या बढ़कर औसतन 653 प्रति दिन हो गई है, जिसके बाद पिछले लगभग दो महीनों से कोई प्रतीक्षा सूची नहीं है।

# निगम चुनाव से पहले कांग्रेस को लगा झटका

## पांच बार के निगम पार्षद मुकेश गोयल ने थामा आप का दामन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



पार्टी की टोपी पहनाकर मुकेश गोयल का स्वागत करते उपमुख्यमंत्री सिसोदिया।

निगम चुनाव से पहले कांग्रेस को एक और झटका लगा है। उत्तरी नगर निगम में कांग्रेस दल के नेता मुकेश गोयल ने कांग्रेस से इस्तीफा देकर आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने उन्हें पटका और आप की टोपी पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। गोयल पांच बार निगम पार्षद का चुनाव जीत चुके हैं । कांग्रेस ने उन्हें विधानसभा चुनाव में आदर्श नगर विधानसभा से टिकट दिया था, लेकिन उन्हें कामयाबी नहीं मिली । वह एकीकृत निगम में तीन बार स्थायी समिति के अध्यक्ष रहे हैं। इस समय वह सराय पीपलथला वार्ड से निगम पार्षद हैं।

मनीष सिसोदिया ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अगुवाई में आम आदमी पार्टी ने आम लोगों के हितों के लिए ऐसे काम किए है जिसे राजनीति में कभी संभव नहीं माना जाता था। आम आदमी पार्टी ने जिस तरह शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी-बिजली व जनहित के अन्य कामों को किया है उससे प्रभावित होकर मुकेश गोयल शनिवार को आप पार्टी में शामिल हो गए है। आप आदमी पार्टी जनता को बेहतर सुविधाएं देने का एक आंदोलन है और वह गोयल का इस आन्दोलन में स्वागत करते है। आशा करते हैं। वह आम आदमी पार्टी से जुड़कर समाज की सेवा करेंगे।

इस अवसर पर मुकेश गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री विकास का जो मॉडल तैयार किया है उसकी चर्चा देश दुनिया में हो रही है। कांग्रेस से निकलकर आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए है क्योंकि उन्होंने जनता के हित में बेहतर काम कर रही आम आदमी पार्टी का विरोध करना सही नहीं समझा।

# केंद्र और आप सरकार कोविड-19 मृतकों के आंकड़े छिपा रही : कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार दिल्ली की अरविन्द सरकार पर कोविड महामारी के दौरान हुई मौतों के आंकड़ों को छिपाने का आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली में कोविड से 50 हजार से भी अधिक मौतें हुई जबकि दिल्ली सरकार के सरकारी आंकड़ों में 25095 मौतें दर्शा रही है। कोविड से हुई मौतों के आंकड़ों में राजधानी दिल्ली विश्व भर में नंबर वन बन गई।

नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट के प्रावधान के अनुसार आपदा से हुई मौतों पर 4 लाख रुपये मुआवजा केन्द्र सरकार दिल्ली में प्रत्येक कोविड मृतकों के परिवारजनों को तुरंत प्रभाव से देकर लोगों को राहत दें।

प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को प्रदेश अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार के साथ अभाक कमेटी के प्रदेश प्रभारी एवं सांसद शक्तिसिन्ह गोहिल ने भी संबोधित किया। इस दौरान मीडिया कमेटी के चैयरमेन अनिल भारद्वाज भी मौजूद थे। शक्तिसिन्ह गोहिल ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार और दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने कोविड़-19 महामारी पर नियंत्रण पाने, मरीजों को इलाज मुहैया कराने और कोविड मौतों के वास्तविक आंकड़ों को बताने में पूरी तरह अमानवीय रवैया अपनाते हुए लोगों को गुमराह करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सरकारों की मानवीय तौर पर जिम्मेदारी होती है कि वह आपदा के समय पीड़ित परिवारों की मदद करें।

## कांग्रेस त्याग, तपस्या और संघर्ष की प्रतीक है : डॉ. नरेश



**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. नरेश कुमार ने कहा कि कांग्रेस त्याग, तपस्या और संघर्ष की प्रतीक हैं और जो लोग इसे छोड़कर अन्य दलों में शामिल हो रहे हैं वे बरसाती मेंढक की तरह हैं। जहां उन्हें अपना भविष्य नजर आता हैं वे वहीं चले जाते हैं और ऐसा करके वे अपना ही नुकसान कर रहे हैं। कांग्रेस की स्थापना वर्ष 1885 में हुई थी। पार्टी की अगुवाई में देश में व्यापक पैमाने पर संघर्ष तथा आंदोलन चलाए गए और इसकी बदौलत देश आजाद हुआ। इन 62 वर्षों में कांग्रेस और इसके नेताओं ने देश के विकास के लिए बहुत त्याग किए तथा उनकी तपस्या से देश का विकास भी हुआ।

# फिर गैस चैंबर बनी दिल्ली एक्यूआई 400 के पार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● आज भी यही स्थिति रहने की आशंका

पिछले दिनों प्रतिबंधों में ढील देने के बाद प्रदूषण बढ़ने लगा है। इसके चलते सरकार ने निर्माण गतिविधियों पर फिर से प्रतिबंध लगा दिया है। इसके बावजूद राष्ट्रीय राजधानी की हवा बहुत खराब श्रेणी में दर्ज की है। एयर क्वालिटी इंडेक्स बिगड़ने के साथ प्रदूषण का स्तर फिर बढ़ गया है। शनिवार को औसतन एयर क्वालिटी इंडेक्स 402 दर्ज किया गया है, जो गंभीर श्रेणी में है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की वायु गुणवत्ता निगरानी एजेंसी सफर के अनुसार, रविवार को भी यही स्थिति रहने की आशंका है।

सफर ने कहा स्थानीय हवा की गति 29 और 30 नवंबर को थोड़ा बढ़ने की उम्मीद है जिससे प्रदूषण कारक तत्व बिखर जाएंगे और कुछ सुधार होगा लेकिन एक्यूआई बेहद खराब श्रेणी में रहेगा। हवा की गति धीमी पड़ने से प्रदूषण कारी तत्वों का बिखराव नहीं हो रहा है। पीएम 2.5 कणों में पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण का हिस्सा छह प्रतिशत है।

सुबह नौ बजे एक्यूआई 407 था। फरीदाबाद में 434, गाजियाबाद में 376, गुरुग्राम में 378 और नोएडा में यह 392 था। दिल्ली में 24 घंटे का औसत एक्यूआई शाम चार बजे 402 दर्ज किया गया। फरीदाबाद में यह 416, गाजियाबाद में 368, गुरुग्राम में 362, ग्रेटर नोएडा में 352 और नोएडा में 381 था।



# त्रिदेव को पढ़ाया बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने का पाठ

## गुरुग्राम में आयोजित की गई त्रिदेव कार्यशाला

## विधायक सुधीर सिंगला के संयोजन में हुई कार्यशाला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**शनिवार** को गुरुग्राम विधानसभा की त्रिदेव कार्यशाला का यहां पुराना दिल्ली रोड स्थित अमित महल में आयोजन किया गया। कार्यशाला में पूर्व सांसद एवं बीजेपी कोर कमेटी की सदस्य सुधा यादव, राई से विधायक एवं प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बड़ोली, गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला, हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा, भाजपा सेवा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सतीश खोला व जिला विस्तारक सुनील महता ने शिरकत की और त्रिदेवों को पार्टी हित में काम करने को प्रेरित किया।



गुरुग्राम में भाजपा के त्रिदेव की कार्यशाला में अतिथियों का स्वागत करते विधायक सुधीर सिंगला।

### पीएम ने किया देश को मजबूत: सुधा यादव

**त्रिदेव** को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद सुधा यादव ने कहा कि कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने खुब तरक्की किया है। हर क्षेत्र में उन्होंने देश को मजबूत किया है। राष्ट्रीय और अंतराराष्ट्रीय स्तर पर देश को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि देश को आगे बढ़ाने में भारतीय जनता पार्टी का अहम योगदान है। लोगों में इस बात का संदेश जाना चाहिए कि देशहित, समाजहित में सिर्फ भाजपा ही काम करती है। उन्होंने कहा कि अंतिम व्यक्ति तक देश व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ मिले, यह सुनिश्चित होना चाहिए।

### देश-प्रदेश तरक्की की राह पर : सुधीर सिंगला

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में तरक्की हो रही है। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर भाजपा को मजबूत बनाए रखना है, ताकि भविष्य में भी देश और प्रदेश का लाभ होता रहे। उन्होंने कहा कि त्रिदेव कार्यकर्ताओं की यह जिम्मेदारी है कि वे बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाएं। अंतिम व्यक्ति को अपने साथ जोड़ें।

### हर स्तर पर मजबूत हुआ है देश : सतीश खोला

**भाजपा** सेवा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सतीश खोला ने कहा कि आगे बढ़ने के लिए केंद्र और प्रदेश में भाजपा सरकार का लंबे समय तक बना रहना बहुत जरूरी है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने हर स्तर पर मजबूती पाई है।

### पार्टी की नीतियों को लोगों तक पहुंचाना : जीएल शर्मा

**भाजपा** प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा ने कहा कि हमें पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम पूरी शिद्दत से करना है। पार्टी को मजबूती देकर हम अपने को पार्टी में श्रेष्ठ साबित कर सकते हैं। त्रिदेव के कंधों पर बूथ स्तर को मजबूत करने की जिम्मेदारी है।

### पार्टी की मजबूती को त्रिदेव दें अहम योगदान : मोहन लाल

**राई** से विधायक एवं प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बड़ोली ने त्रिदेव के रूप में कार्यकर्ता ब्रह्मा, विष्णु और महेश हैं। पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूती देने में इनकी अहम भूमिका रहेगी। आमजन तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने का काम भी त्रिदेव मजबूती के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि आम जनता भाजपा की योजनाओं से संतुष्ट है। सभी को निर्धारित नियमों के अनुसार लाभ मिल रहा है। फिर भी जनता को पार्टी की नीतियों से अवगत करवाकर पार्टी को मजबूती देने में त्रिदेव अपना भरपूर योगदान दें।

# जेवर एयरपोर्ट को लेकर सांसद डॉ. महेश शर्मा का किया धन्यवाद



जेवर एयरपोर्ट के लिए सांसद डॉ. महेश शर्मा को धन्यवाद देते भाजपा के युवा नेता, जिला कार्यकारिणी सदस्य मनजीत सिंह और जिला आईटी संयोजक चंद्रमणि भारद्वाज।

## भाजपा युवा नेता मनजीत सिंह व आईटी संयोजक चंद्रमणि भारद्वाज ने किया धन्यवाद

**गुरुग्राम।** जेवर के पूर्व विधायक स्वर्गीय ठाकुर छत्तरपाल सिंह के आवास पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों की एक बैठक हुई, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जेवर एयरपोर्ट के शिलान्यास पर खुशी जाहिर की गई। साथ ही गौतमबुद्ध नगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा को जेवर एयरपोर्ट के लिए धन्यवाद किया।

क्षेत्र के सभी लोगों ने यह कहा कि जो व्यक्ति जातिवाद क्षेत्रवाद गरीबों मजदूरों किसानों को एक साथ लेकर चलता हो वही क्षेत्र का विकास कर सकता है जिस प्रकार से पूर्वविधायक स्वर्गीय ठाकुर छत्तरपाल सिंह की कार्यशैली रही है, उन्हीं को आदर्श मानने वाले डॉ. महेश शर्मा सांसद गौतमबुद्ध नगर एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार क्षेत्र में विकास कर रहे हैं। क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में डॉ. महेश शर्मा विमानन उड्डयन राज्यमंत्री ना होते तो एयरपोर्ट का रास्ता साफ नहीं हो पाता। नागरिक उड्डयन मंत्री होने के साथ साथ पर्यावरण मंत्रालय की जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हुए डॉ. महेश शर्मा ने क्षेत्र के लिए एयरपोर्ट का रास्ता साफ कर दिया। जल्द ही क्षेत्र के सम्मानित लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल जाकर डॉ. महेश शर्मा को धन्यवाद ज्ञापित करेगा।

बैठक के बाद जेवर विधानसभा से भाजपा के युवा नेता एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य मनजीत सिंह एवं जिला संयोजक आईटी चंद्रमणि भारद्वाज ने सांसद डॉ. महेश शर्मा का धन्यवाद किया। बैठक में क्षेत्र के प्रमुख लोगों में ठाकुर करनेश सिंह समाजसेवी भाजपा नेता सुरेश चंद शर्मा, गांव दयानतपुर के प्रधान गजेंद्र चौधरी, अशोक छोकर, ओमवीर सिंह, आस वीर, ठाकुर किशोर सिंह, सचिन चौहान, प्रमोद कुमार सिंह, यतीश कुमार, पुष्पेंद्र ठाकुर, यशपाल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### दुर्घटना में घायल युवक ने दम तोड़ा, दूसरे की हालत गंभीर

**होडल।** नेशनल हाइवे बावरी मोड के निकट सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक ने दम तोड़ दिया जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। गांव नगला शिवकरण जिला मैनपुरी यूपी निवासी जितेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसका भाई हरिओम 25 अक्टूबर को अपने साथी सोमबीर के साथ बाइक पर गुड़गांव ड्यूटी के लिए जा रहा था। उसने बताया कि वह नेशनल हाइवे बावरी मोड के निकट पहुंचा तो पीछे से स्पीड में आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। आसपास के लोगों ने इन दोनों घायलों को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने इनकी हालत को गंभीर देख आगे अस्पताल के लिए रैफर कर दिया। जितेंद्र ने पुलिस को बताया कि अस्पताल में उपचार के दौरान हरिओम ने दम तोड़ दिया जबकि सोमबीर की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने जितेंद्र की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### सविधान दिवस समारोह में नियमों की शपथ लेते विधार्थी



**होडल।** पुन्हाना मोड स्थित राजकीय महाविद्यालय के प्रांगण में सविधान दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार औझा ने की। इस सविधान दिवस समारोह में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। समारोह में प्राचार्य अनिल कुमार ने विद्यार्थियों को भारतीय सविधान के विषय में बताते हुए उन्हें भविष्य में सविधान के नियमों के अनुसार कार्य करने के लिए प्रेरित किया। समारोह में विद्यार्थियों ने सविधान के महत्व के बारे में अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों को सवैधानिक नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक किया। समारोह में महाविद्यालय के स्टॉफ व विद्यार्थियों ने सविधान के नियमों के पालन के लिए शपथ ली। समारोह में हरबीर सिंह ने मंच संचालन करते हुए सविधान के नियमों की विस्तार से जानकार दी। कविता, गुयनाम सिंह, डॉ. रामकिशोर के अलावा महाविद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थी मौजूद थे।

### अदालत के आदेश पर पीड़ित सुष्मिता को घर में मिला प्रवेश



**गुरुग्राम।** ससुरालियों की प्रताड़ना का शिकार हुई बहु सुष्मिता को आखिरकार घर में प्रवेश देने को ससुरालीजन मजबूत हो गये। अदालत के आदेशों पर उन्होंने सुष्मिता को घर में प्रवेश दिया। सुष्मिता के साथ हुई ज्यादगी तो प्रमुखता से उठाकर प्रशासन तक पहुंचाने के लिए उसके परिजनों ने मीडिया का भी धन्यवाद किया है। गुरुग्राम के गांव तिघरा में सुष्मिता की ससुराल है। ससुरालियों द्वारा सुष्मिता को लंबे समय से प्रताड़ित किया जा रहा था। बीते दिनों ससुरालियों ने उसे घर से बाहर निकाल दिया और बच्चों को अंदर ही रख लिया। इस मामले में उसके ससुर ज्ञानेंद्र सिंह तो उसे घर में रखने को तैयार थे, लेकिन सुष्मिता की सास ओमलता, दादा ससुर फतेह सिंह और पति अमित खिलाफ थे। उन सबने ही सुष्मिता को घर से निकाला था। बीती 24 नवम्बर 2021 को सुष्मिता को घर से बाहर निकाल दिया गया और कुछ कपड़ों के बैग भी बाहर डाल दिए गए। पीड़िता ने डायल 112 पर कॉल करके पुलिस भी बुलाई थी। डायल 112 की टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे घर में प्रवेश दिलाया था, लेकिन ससुरालियों ने फिर से उसे बाहर निकाल दिया। इस घटना से पहले सुष्मिता की ओर से पुलिस आयुक्त को भी शिकायत दी गई थी। यहां तक कि पूर्व विधायक तेजपाल तंवर के नेतृत्व में पंचायत भी इस मामले में हो चुकी थी। ससुराल पक्ष की ओर से पंचायत का भी मान नहीं रखा गया और उसकी प्रताड़ना जारी रखी। सुष्मिता की ओर से इस मामले में कानूनी कार्यवाही करने में कदम बढ़ाया गया। रात भर घर के बाहर ठंड में रही सुष्मिता को प्रशासन ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित सखी (वन स्टॉप सोल्युशन) सेंटर में भेज दिया था। अब अदालत के आदेश पर सुष्मिता को महिला थाना पुलिस ने ससुराल के घर में प्रवेश दिलाया है। साथ ही भविष्य में किसी तरह की घरेलू हिंसा उसके साथ नहीं करने को कहा है। प्रोटेक्शन ऑफिसर मीना कुमारी ने बताया न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते तुरंत प्रभाव से आदेश जारी कर पीड़िता को राहत देने का कार्य किया है। सुष्मिता को न्यायालय के आदेशों का पालन करते हुए पुलिस प्रशासन की मदद से पीड़िता को सकुशल उसके घर में प्रवेश करवा दिया गया है।

### छत पर 1100 केवी विद्युत लाइन की चपेट में आई बच्ची

**फर्रूखनगर।** यहां वार्ड-8 मेंचार वर्षीय नर्सरी की छात्रा यशिका घर की छत के पास से गुजर रही 1100 किलोवाट बिजली की लाइन की चपेट में आ गई। इस हादसे में वह बुरी तरह से झुलस गई। गंभीर रूप से घायल बच्ची को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में रेफर किया गया है। उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। बच्ची के साथ हुई इस दुर्घटना से पूरी बस्ती में बिजली विभाग के प्रति गहरा रोष बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि 1100 केवी की बिजली की तारों को हटाने के लिए कई बार विभागीय अधिकारियों को शिकायत की जा चुकी है। अगर बिजली की वायर घरों के पास से हटा दी जाती तो यह दुर्घटना नहीं घटती।

# गुरुजल सोसायटी, ह्यूंडई करेंगे 3 तालाबों को रिस्टोर





गुरुग्राम में तालाबों को रीस्टोर करने के लिए समझौता करते अधिकारी।

## गुरुजल सोसायटी के गठजोड़ से सोहना, पटौदी और फरूखनगर में 3 तालाबों को किया जाएगा रीस्टोर

**गुरुग्राम।** ह्यूंडई मोटर इंडिया फाउंडेशन ने शनिवार को तीन तालाबों को रीस्टोर करने का एलान किया है। इनमें गुरुग्राम में सोहना के हरियाहेड़ा, पटौदी के पलासोली और फरूखनगर के ताजनगर के एक-एक तालाब शामिल हैं। यह कदम गुरुजल सोसायटी के सहयोग से किया जाएगा। गुरुजल एक मल्टी-स्टेकहोल्डर इकाई है, जिसकी अध्यक्षता गुरुग्राम के उपायुक्त कर रहे हैं। इसका उद्देश्य गुरुग्राम में पानी की कमी को दूर करना, भूजल स्तर को सही करना, बाढ़ एवं जलजमाव की समस्या का समाधान करना है।

इस कार्यक्रम की शुरुआत पर फाउंडेशन के एमडी व सीईओ एसएस किम ने कहा कि देश में पानी सबसे तेजी से घट रहा संसाधन है। बेहतर भविष्य के लिए जल संरक्षण की दिशा में साझा प्रयास की जरूरत है। अपने ग्लोबल विजन प्रोग्रेस फॉर ह्यूमैनिटी को अपनी हर पहल के केंद्र में रखते हुए और मोबिलिटी से आगे (बियॉन्ड मोबिलिटी) बढ़ते हुए ह्यूंडई ने गुरुजल सोसायटी के साथ साझेदारी की है। जो समाज की बेहतरी और भावी पीढ़ियों के लिए बेहतर पर्यावरण बनाने की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

शहरीकरण के कारण कंक्रीट से ढंकती जमीन, कम होते पेड़, खत्म होते प्राकृतिक जल गींत और भूजल पुनर्भरण (ग्राउंड वाटर रीचार्ज) कम होने के कारण क्षेत्र में भूजल स्तर नीचे जा रहा है। 3 तालाबों से 9.3 करोड़ लीटर भूजल पुनर्भरण में मदद मिलेगी, साथ ही 22.7 करोड़ लीटर वाटर ट्रीटमेंट हो सकेगा, जिससे सालाना करीब 8000 निवासियों को फायदा होगा। 1500 से ज्यादा पेड़-पौधे लगाए जाएंगे, जिससे सालाना 2500 टन कार्बन अवशोषण होगा और 84 टन ऑक्सीजन उत्पादन होगा, जिससे क्षेत्र का पर्यावरण समृद्ध होगा। तीनों तालाबों के लिए कम्युनिटी मोबिलाइजेशन और वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने का काम पूरा हो चुका है। तालाबों की डीवाटरिंग, डिस्टलिंग, आसपास की सफाई और तालाब के आसपास की लैंड स्केपिंग का काम अगले कुछ महीने में पूरा हो जाएगा।

# 150 श्रमिकों व परिवारजनों की सेहत जांची

## मानेसर सेक्टर-6 में लगाया जांच शिविर

**गुरुग्राम।** जन साहस संस्था और आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने संयुक्त रूप से श्रमिकों और उनके परिवारजनों के लिए निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया। इस दौरान श्रमिकों, बच्चों, महिलाओं का स्वास्थ्य जांच की गई। करीब 150 लोगों का चेकअप किया गया। आईएमटी मानेसर सेक्टर-6 नाहरपुर में आंगनबाड़ी केंद्र में यह शिविर लगाया गया।

शिविर में डॉ. मनीष नेहरा, डॉ. पूनम ने चेकअप किया। जन साहस संस्था की ओर से जिला कोआर्डिनेटर नेहा बहुगुणा, सेंटर कोआर्डिनेटर शंकी, रेखा, सब्बीर अली, आशा, नैन्सी, सोना, जयपाल, प्रवेश आदि का सहयोग रहा।



श्रमिकों और उनके परिजनों की स्वास्थ्य जांच करते चिकित्सक।

दवाइयां भी वितरित की गई। मौसमी बीमारियों से बचने को। कुपोषित बच्चों को प्रोटीन पाउडर, महिलाओं को दवाएं व सेनेटरी पैड्स नि:शुल्क दिए गए। नेहा बहुगुणा ने कहा कि जनहित के कार्यों में जन साहस संस्था सदैव काम करती है। उन्होंने कहा कि वंचितों को लाभ दिलवाना संस्था का काम है। उन्होंने कहा कि हम सबको ऐसे लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए, जो लोग वंचित हैं। आमजन संस्था से संपर्क करके यह काम कर सकती है। उन्होंने बताया कि जन साहस संस्था की हेल्पलाइन-1800-2000-211 पर भी कॉल करके जानकारी दे सकते हैं।

# मुकदमा वापस लेने के लिए दी फोन पर धमकी

**होडल।** मुकदमा वापस न लेने पर महिला व उसके पति को फोन पर जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

होडल थाना प्रभारी अनूप सिंह ने जानकारी में बताया कि होडल निवासी महिला कविता ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसके पति जोगेंद्र कुमार ने कुछ लोगों के खिलाफ से लूट कर जाने से मारने के प्रयास के तहत पलवल अदालत में मुकदमा दर्ज कराया है। महिला ने बताया कि पिछले कई दिनों से उसके पति व उसके फोन पर उस मामला वापस लेने के लिए धमकी भरे फोन आ रहे हैं। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर धमकी देने वाले आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया है।

# दो स्थानों से बाइक और स्कूटी चोरी

**होडल।** होडल में इन दिनों बाइक चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। आए दिन बाइक चोर किसी ना किसी की बाइक चुराकर ले जाते हैं। पीड़ितों ने मामले की सूचना होडल थाना पुलिस को दी है।

रोहता पट्टी निवासी चंदन सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह अपनी स्कूटी को लेकर बिछोर रोड खेतों पर किसी कार्य से गया था। अपनी स्कूटी रोड पर खड़ा कर खेतों में चला गया और जब वह लौटा तो स्कूटी गायब थी। दूसरी शिकायत में आदर्श कॉलोनी निवासी पुष्पेंद्र ने बताया कि घर में खड़ी बाइक रात के समय चोरी हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर बाइक औ स्कूटी चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# डेढ़ वर्ष बाद भी अधूरा है विश्राम गृह का निर्माण कार्य

एन रोहिल्ला। सोहना।

**शहर** के अंबेडकर बाईपास चौक पर सिंचाई विभाग परिसर में निर्माणाधीन विश्राम गृह का कार्य कछुआ गति से चल रहा है। विश्राम गृह का निर्माण कार्य करीब दो-डेढ़ वर्ष में भी पूरा नहीं हो सका है। सिंचाई विभाग के जेई से लेकर एक्सइएन निर्माण कार्य धीमा होने के कारणों को बताने के लिए तैयार नहीं हैं।

सिंचाई विभाग के परिसर में प्रदेश सरकार के आदेश पर दो मंजिला आठ कमरे वाले विश्राम गृह का करीब डेढ़ वर्ष पहले निर्माण कार्य शुरू किया गया था। विश्राम गृह का निर्माण कार्य आज भी अधर में लटका हुआ है। निर्माण कार्य में देरी होने के कारणों की जानकारी देने में सिंचाई विभाग के अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। जिसके चलते इस बात का खुलासा नहीं हो पा रहा है कि विश्राम गृह कब तक बनकर तैयार होगा। अभी 15 से 20 फीसदी निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है।



सोहना में अंबेडकर बाईपास चौक के समीप बना सिंचाई विभाग का विश्राम गृह।

इस संबंध में जेई से लेकर एसडीओ और एक्सइएन कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हैं। जिनसे मोबाइल पर सम्पर्क किए जाने पर भी जवाब नहीं मिलता है।

### खल रही विश्राम गृह की कमी

**सोहना** शहर जिला नूंह, रेवाड़ी, पलवल, फरीदाबाद जाने वाले मार्गों से संबंध रखता है। इसके अलावा एनसीआर सीमा पर बसा है। जहां से उत्तर प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली जाने वाले नेता देर-सवेर रुककर विश्राम करते हैं, लेकिन यहां का विश्राम गृह होते हुए भी सुविधाएं नहीं मिल पाने से परेशानी और बढ़ जाती है। रात के समय तो दूसरे जिले या राज्य से आने वाला अधिकारी नेतागण या आम नागरिक विश्राम गृह को ही अपना आश्रय बनाना चाहते हैं।

# प्रदेश सरकार का पराली पर निर्णय किसानों को देगा राहत: नवीन गोयल

## अब पराली जलाने पर किसी किसान के खिलाफ नहीं होगी कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**पर्यावरण** को लेकर पूर्व में किसानों के खिलाफ सख्ती बरतते हुए पराली जलाने पर रोक लगाने के निर्णय को सरकार ने निरस्त कर दिया है। अब पराली जलाने को अपराध की श्रेणी में नहीं रखा जाएगा। यह हरियाणा, पंजाब, यूपी के किसानों के लिए बड़ी राहत है। यह बात पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने कही।

नवीन गोयल ने कहा कि चावल की खेती के बचे अवशेष पराली कहलाते हैं। इसे जलाने पर काफी धुआं उठता है और पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। सरकार ने दिल्ली-एनसीआर समेत अन्य क्षेत्रों में पराली से प्रदूषित होने वाले पर्यावरण को रोकने के लिए किसानों ने पहले भी अपील की हैं और अब भी की जा रही है। पराली जलाने पर किसानों पर जुर्माना लगाने का भी पूर्व में प्रावधान किया गया था, जिसे अब सरकार ने रद्द कर दिया है। यानी अब पराली जलाने पर किसानों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं होगी। पराली जलाने को अपराध की श्रेणी से बाहर कर दिया गया है। शनिवार को केंद्रीय कृषि मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने यह घोषणा की।

नवीन गोयल ने कहा कि सरकार का यह कदम सराहनीय है। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार किसानों के हित में काम कर रही है। किसानों की मांग पर तीन कृषि कानून रद्द करना सरकार का बहुत बड़ा कदम है। सरकार ने किसानों के हित में ऐसा कार्य किया है। इसी तरह पराली जलाने में कानूनी कार्रवाई नहीं करने की भी किसानों की मांग थी। जिसे सरकार ने मानते हुए अब उस नियम को खत्म कर दिया है। नवीन गोयल ने कहा कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने 10 दिसंबर 2015 को फसल अवशेषों पर जलाने का प्रतिबंध लगा दिया था। पराली जलाने पर कानूनी तौर पर कार्रवाई भी की जाती थी। पराली जलाते पकड़े जाने पर दो एकड़ भूमि तक 2,500 रुपये, दो से पांच एकड़ भूमि तक 5,000 रुपये और पांच एकड़ से ज्यादा भूमि पर 15,000 रुपये का जुर्माना लगाया जा सकता था।

# एटीएम कार्ड बदलकर रुपये निकालने वाले गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

कैलाश मंगला। होडल

**होडल** सीआइए पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पुन्हाना मोड से तीन एटीएम कार्ड बदलकर नगदी निकालने वाले गिरोह के तीन बदमाशों को हथियार सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से एक देशी कट्टा व दो कारतूस के अलावा अन्य बैंक उपभोक्ताओं के पांच एटीएम कार्ड भी बरामद किए हैं।

होडल सीआइए इंचार्ज जंगशेर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने पुन्हाना मोड पर नाका लगाकर वाहनों की तलाश शुरू कर दी। जैसे ही तीनों युवक पुलिस नाके के पास पहुंचे तो उन्होंने नाका देख बाइक वापस मोड़कर भागने का प्रयास किया। पुलिस ने बाइक का पीछा कर उन्हें कुछ दूरी पर ही दबोच लिया। सीआइए इंचार्ज ने बताया कि युवकों ने अपना नाम गांव पालडी जिला



भरतपुर निवासी मुनफेद, सब्बीर और गांव घघवाला जिला भरतपुर निवासी जलीस बताया। पुलिस ने जब उन तीनों की तलाशी ली तो पुलिस ने उनके पास से एक देशी कट्टा, दो कारतुस और पांच एटीएम कार्ड बरामद किए जो कि अन्य बैंक उपभोक्ताओं के हैं। सीआइए इंचार्ज ने बताया कि पकड़े गए आरोपी उपभोक्ताओं के एटीएम कार्ड बदलकर एटीएम से नगदी निकालने वाले गिरोह के सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि तीनों आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आरोपियों से अन्य वारदातों को खुलासा होने की उम्मीद है।

# प्रारंभिक निदान ओएबी के बेहतर प्रबंधन में मदद कर सकता है : डॉ. शैलेंद्र गोयल, कंसल्टेंट यूरोलॉजिस्ट मैक्स हेल्थकेयर

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**ओवर** एक्टिव ब्लैडर ओएबी एक ऐसी स्थिति है जो असुविधाजनक, शर्मनाक और संभावित रूप से दुर्बल करने वाली है। अच्छी खबर यह है कि यह एक ऐसी स्थिति है जिसे प्रबंधित किया जा सकता है। यद्यपि इस स्थिति का इलाज किया जा सकता है लेकिन अधिकांश रोगी उपचार को तलाशते या डॉक्टरों से परामर्श नहीं करते हैं। ओएबी को एक सिंड्रोम के रूप में जाना जाता है जो पेशाब करने के लिए अचानक और बिना रुके आवश्यकता का कारण बनता है। यदि अनुपचारित छोड़ दिया जाता है, तो ओएबी दैनिक गतिविधियों जैसे काम, सामाजिक गतिविधियों, व्यायाम और नींद में हस्तक्षेप करके जीवन को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है। ओएबी के लक्षणों की संख्या उम्र के साथ बढ़ जाती है। वृद्ध रोगियों में अपने चिकित्सक के साथ अपने ओएबी लक्षणों पर चर्चा करने की संभावना कम होती है और इलाज न किए जाने या कम इलाज की संभावना अधिक होती है।

डॉ. शैलेंद्र गोयल, कंसल्टेंट यूरोलॉजिस्ट, मैक्स हेल्थकेयर ने कहा पुरुषों और महिलाओं दोनों को ओएबी हो सकता है। यह हमारे देश में एक कम दर्ज की गई समस्या है। इसलिएए मामलों की सही संख्या ज्ञात नहीं है। हालांकि, प्रतिशत के संदर्भ में, कुछ अध्ययनों में उल्लेख किया गया है कि लगभग 14 प्रतिशत पुरुष ओएबी से पीड़ित हैं जबकि लगभग 12 प्रतिशत महिलाओं में किसी न किसी प्रकार की मूत्र असंयम की समस्या है। डॉ. शैलेंद्र गोयल ने कहा वृद्ध महिलाएं जो रजोनिवृत्ति से गुजर चुकी हैं और जिन पुरुषों को प्रोस्टेट की समस्या है, उनमें ओएबी होने की संभावना अधिक होती है। मस्तिष्क या रीढ़ की हड्डी, तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करने वाली बीमारियों जैसे स्ट्रोक और मल्टीपल स्केलेरोसिस वाले लोगों को भी ओएबी होता है। उम्र बढ़ना एक कारक है, लेकिन सभी लोगों को उम्र के साथ ओएबी नहीं मिलता है। इसलिएए इसे उम्र बढ़ने का सामान्य हिस्सा नहीं माना जाना चाहिए। हालांकि शुरू में हल्के, लक्षण समय के साथ खराब हो जाते हैं और विशेष रूप से गंभीर निशाचर, जो बुरी तरह से नींद और शारीरिक और मानसिक कामकाज में बाधा डालते हैं, के रूप में परेशान करने वाले हो जाते हैं और पीड़ित व्यक्ति को शौचालय तक पहुंचने से पहले पेशाब करने और पेशाब के रिसाव को स्थगित करने या स्थगित करने में असमर्थता महसूस होती है।

ओएबी के प्रबंधन में एस्केलेटरी या स्टैपिंग अप द लैडर अपरोच शामिल है। मूल और महत्वपूर्ण कदम व्यवहार और जीवन शैली में परिवर्तन द्वारा स्व.प्रबंधन के इर्द-गिर्द घूमता है। अगले स्तर हैं. गोलियां या मौखिक दवाएं, बलैडर वाल में इंजेक्शनए मूत्राशय से संबंधित नसों की विद्युत उत्तेजना और अंत में, लेकिन बहुत कम ही, सर्जरी का उपाय शामिल है। ओएबी को प्रबंधित करने के लिएए पहला कदम जीवनशैली में बदलाव करना है। कभी-कभी इन परिवर्तनों को बेहेवीयरल थिरेपी कहा जाता है। लोग अपनी जीवनशैली और दैनिक दिनचर्या में बदलाव करके बड़े सुधार देख सकते हैं।

# हाईरिस्क गर्भवती ने दिया तीन बच्चों को जन्म

### सिविल अस्पताल के चिकित्सकों की मेहनत से जच्चा और बच्चा स्वस्थ्य

### साढ़े आठ माह की गर्भवती को प्रसव पीड़ा होने पर कराई डिलीवरी : डॉ. रजनी


पैदा हुए नवजात बच्चों के संग डॉ. रजनी, डॉ. दीपिका, डॉ. विष्णु व अन्य स्टाफ


मंजू।

कविता। फरीदाबाद

**बादशाह** खान सिविल अस्पताल में शनिवार को एक महिला ने एक साथ तीन बच्चों को जन्म दिया। तीनों लड़के और महिला स्वस्थ हैं। हालांकि तीनों बच्चों को एहतियातन नर्सरी में रखा गया है। अस्पताल की गायनोलॉजिस्ट डॉ. रजनी ने बताया कि साढ़े आठ माह की गर्भवती महिला की डिलीवरी करानी पड़ी। महिला को 24 घंटे तक यहां से वहां चक्कर काटने पड़े, जिसके बाद वह अस्पताल में पहुंची। जांच में पाया गया कि डिलीवरी कराना अत्यंत आवश्यक है। जिस पर ओटी में तुरंत टीम के साथ डिलीवरी कराने के बाद जच्चा-बच्चा और चारों की जान बचाई गई।

राजवती ने बताया कि उसकी बेटी मंजू गर्भवती थी। उसके पति दीपू ने उसका अल्ट्रासाउंड कराया तो पता चला कि उसके गर्भ में तीन बच्चे पल रहे हैं। जिस पर उसका ध्यान रखते हुए सभी जांच करा रहे थे। शुक्रवार को उसे तेज प्रसव पीड़ा होने लगी। यहां वहां दिखाने पर सभी ने उसकी डिलीवरी करने से मना कर दिया। वह शनिवार की सुबह उसे लेकर बीके अस्पताल पहुंचे। वहां उसकी डिलीवरी सिजेरियन की गई। महिला चिकित्सक डॉ. रजनी ने अल्ट्रासाउंड व रिपोर्ट देखने के बाद इलाज शुरू कर दिया। राजवती ने बताया कि मंजू और दीपू के पहले भी सात साल का बेटा और चार साल की बेटी है। एक संतान और चाहते थे, लेकिन भगवान ने एक साथ तीन बेटे और दे दिए।

### तुरंत सिजेरियन डिलीवरी

**गायनोलॉजिस्ट** डॉ. रजनी ने बताया कि गर्भवती मंजू को शुक्रवार से प्रसव पीड़ा हो रही थी। यहां वहां अस्पतालों के चक्कर काटने के बाद शनिवार को गर्भवती को परिजन यहां लेकर आए। जांच के बाद उसकी तुरंत ऑपरेशन के माध्यम से डिलीवरी करानी पड़ी। पूरी टीम (जिसमें उनके अलावा बच्चों के चिकित्सक डॉ. विष्णु, एनेथिसिया चिकित्सक डॉ. दीपिका, स्टाफ बलजीत और रमन, संजय, बालकिशन) की कड़ी मेहनत के बाद मंजू की डिलीवरी की गई। फिलहाल जच्चा और बच्चा पूरी तरह से ठीक है। लेकिन बच्चों को नर्सरी में रखा है, क्योंकि महिला की डिलीवरी प्रीटर्म हुई है। बच्चों का वजन ठीक है, जिसमें एक बच्चा दो किलो, दूसरा बच्चा एक किलो 700 ग्राम और तीसरा बच्चा एक किलो 800 ग्राम का है।

## एमएसएमई लक्ष्यों की 50 प्रतिशत उपलब्धि की चिंताजनक

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव की अध्यक्षता में सितंबर 2021 तिमाही के लिए फरीदाबाद जिले की डीएलआरसी, डीसीसी बैठक में एजीएम आरबीआई योगेश अग्रवाल, एजीएम नाबार्ड विनय त्रिपाठी, जिला अधिकारी खादी बोर्ड अनिल दलाल और एलबीओ द्वारा मंच पर और मंच से बाहर सभी लाइन विभागों के स्वागत के साथ हुई। बैठक में उपस्थित एलडीसीएम फरीदाबाद आरएस सिंह ने सभी बैंकों के लिए जिला फरीदाबाद के लक्ष्यों की उपलब्धियों के बारे में सदन को सूचित किया। सभी सरकारी प्रायोजित योजनाओं जैसे पीएमएसवनिधि, पीकेसीसी, स्टैंडअप इंडिया और अन्य एमएसएमई योजनाओं और एसएचजी योजनाओं पर चर्चा हुई।

# उपायुक्त ने किया कोरोना अस्पताल का दौरा, मिली कई खामियां

### डेनमार्क की एजेंसी के सहयोग से तैयार अस्पताल में मिली डीसी को खामिया

### डीसी को मिली, वहीं खामियां जो पायनियर ने 23 नवंबर को खबर प्रकाशित की थी


96 बेड के कोरोना प्रीफैबरीकेटेड हॉस्पिटल के दौरे के दौरान डीसी, सीएमओ और पीएमओ


खामियों पर ध्यान दिए बिना बीके में अस्थाई अस्पताल शुरू

23 नवंबर छपी अस्पताल में व्याप्त खामियों की खबर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बीके** अस्पताल में तैयार किए गए 96 बेड के करोना प्रीफैबरीकेटेड हॉस्पिटल का जिला उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में डीसी को वहीं खामियां मिली, जो गत 23 नवंबर को पायनियर समाचार पत्र में प्रकाशित की गई थी। जिन्हें पूरा करने के लिए उन्होंने चार दिन का समय दिया है। इस मौके पर डीसी ने कहा कि कहा सीएम इसका शुभारंभ करेंगे। इस दौरान उन्होंने कहा कि अस्पताल में जो भी कमियां रह गई है उन्हें तुरंत पूरा किया जाए। अस्पताल को सीएसआर के तहत बनाया गया है। इस 96 बेड के अस्पताल में प्रत्येक कंटेनर में 6 बेड लगाए गए हैं और 2 एसी व चार पंखों की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने कहा कि अस्पताल के प्रत्येक बेड पर ऑक्सीजन पॉइंट की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने अस्पताल का दौरा करते हुए प्रत्येक व्यवस्था का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोविड-19 की दूसरी लहर में हम व्यवस्थाओं की कमी झेल चुके हैं। ऐसे में हमें किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हमेशा तैयार रहना होगा। उन्होंने इसके पश्चात बीके अस्पताल में अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली। इस अवसर पर उनके साथ सीएमओ डॉ विनय गुप्ता और पीएमओ डॉ. सविता यादव सहित सभी अधिकारी मौजूद थे।

जानकारी के मुताबिक बीके अस्पताल में डेनमार्क एजेंसी के सहयोग से तैयार किए गए 96 बेड के करोना प्रीफैबरीकेटेड हॉस्पिटल का सीएम को इसका उद्धाटन करना है, जिसके लिए चीफ मिनिस्टर के आफिस में पत्र भेजा गया है। समय निर्धारित होते ही सीएम इस अस्पताल का उद्धाटन करेंगे। जिसे देखते हुए निरीक्षण करने फरीदाबाद के डीसी जितेंद्र यादव पहुंचे और तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिए। जिसमें उन्होंने कहा कि उद्धाटन का पत्थर अस्पताल के राइट साइड में बनवाने के साथ ही अस्पताल में बाथरूम और गेटों की समस्याओं को तुरंत दूर करने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने अस्पताल के आसपास लाईट की व्यवस्था करने के साथ ही वहां आसपास पौधारोपण के भी निर्देश दिए। जो पौधे लगे हुए थे, उन्होंने कहा कि वह घटिया किस्म के है, जिस पर सीएमओ ने उन्हें कहा कि वह इन पौधों को बदलवा देंगे। वहीं पीएमओ डॉ. सविता यादव ने जिला उपायुक्त को बताया कि ट्रायल के लिए अस्पताल में कुछ मरीजों को भर्ती किया गया है। ताकि कमियों का पता चल सके। कोविड के मरीजों की संख्या बढ़ने से पहले ही कमियों को दूर किया जा सके। डीसी ने अंत में सभी कमियों को पूरा करने के लिए दो से चार दिन का समय दिया है।

## पेट्रोल डालकर जलाए युवक की मौत, परिजनों ने लगाया जाम

### ससुराल वालों ने पेट्रोल डाल कर युवक को जलाया था


मलेरना रोड पर शव को रख जाम लगते मृतक के परिजन।

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ की दौलत कॉलोनी में 18 नवंबर को अपनी ससुराल आए एक युवक पर उसके साले ने पेट्रोल डाल कर आग लगा दी थी। इस दौरान युवक ने पुलिस को बयान देकर आरोपी के खिलाफ मामला भी दर्ज कराया था। बीती रात इलाज के दौरान युवक ने सफदरजंग अस्पताल में दम तोड़ दिया। शनिवार की शाम को मृतक के परिजनों ने शव सड़क पर रखकर मोहना रोड पर जाम लगा दिया। परिजन साले के साथ अन्य ससुराल वालों को भी नामजद करने की मांग कर रहे थे। पुलिस के आश्वासन देने पर परिजनों ने जाम खोल दिया।

थाने में दर्ज मामले के अनुसार ऊंचा गांव निवासी 30 वर्षीय बबलू ने पुलिस को दिये बयान में कहा था कि उसका विवाह करीब तीन साल पहले दौलत कॉलोनी निवासी ज्योति के साथ हुआ था। करीब एक सप्ताह पहले ज्योति अपने मायके आ गई थी। वह 18 नवंबर की शाम को अपने दोस्त सोनू को साथ लेकर बाइक से ससुराल आया था। आरोप है कि घर में आते ही बबलू के साले मनीष ने उसके साथ गाली गलोंच शुरू कर दी। विरोध करने पर मनीष ने बबलू पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। लोगों ने आकर बबलू के शरीर में लगी आग को बुझा दिया। आग बुझने के बाद बबलू का दोस्त सोनू उसे बाइक पर बैठाकर सिविल अस्पताल लेकर पहुंच गया।

डॉक्टरों ने जांच के बाद बबलू की हालत गंभीर देख उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में रेफर कर दिया। जहां बीती रात बबलू ने दम तोड़ दिया। पोस्टमॉर्टम के बाद परिजन शव लेकर बल्लभगढ़ पहुंचे। जहां उन्होंने अन्य ससुराल वालों को नामजद करने और गिरफ्तारी की मांग को लेकर शाम चार बजे जाम लगा दिया। सूचना मिलने पर एसीपी मनीष सहगल ने मौके पर पहुंच कर अन्य लोगों को नामजद करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद परिजनों ने जाम खोल दिया।

## कराटे के खिलाड़ियों ने बेलारूस में दिखाया दम


बुडोकान क्लब के संचालक गणेश राजपूत बेलारूस में आयोजित कराटे प्रतियोगिता में पदक जीतकर आए खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए

**फरीदाबाद।** बेलारूस में आयोजित कराटे चैम्पियनशिप में बुडोकान कराटे एकेडमी के खिलाड़ियों ने ब्रान्ज मेडल जीत देश और प्रदेश का नाम रोशन किया। इस अवसर पर वापिस भारत पहुंचे खिलाड़ियों का यहां भव्य स्वागत किया गया।

बुडोकान क्लब के संचालक गणेश राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि फरीदाबाद में बुडोकान डोजो सेक्टर-17 में लगातार छह माह से ट्रेनिंग ले रहे खिलाड़ियों का बेलारूस में आयोजित कराटे प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया था। जिसके बाद बुडोकान क्लब के नितिन राणा, वैभव कुमार एवं रीतिका रावत ने सभी खिलाड़ियों को कड़ी ट्रेनिंग करवाई थी। बेलारूस में फरीदाबाद और दिल्ली के डोजो में बुडोकान के चैतन्य राठौर ने अरावली इंटर स्कूल ब्रान्ज मेडल, सारा सेद द श्रीराम मिलेनियम स्कूल नोएड़ा ब्रान्ज मेडल, शिवांक पंजनी डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद के ब्रान्ज, समय राजपूत डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद के दो ब्रान्ज मेडल और किन्शुक भटनागर डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद के ब्रान्ज मेडल जीते। इन सब खिलाड़ियों ने पदक जीतकर अपने भारत देश, हरियाणा व दिल्ली राज्यों के अलावा स्कूल, माता-पिता और अपने प्रशिक्षकों का नाम रोशन किया।

## परिवार उत्थान योजना मेला को लेकर बैठक का आयोजन

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत प्रत्येक व्यक्ति को रोजगार देना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य से 29 व 30 नवंबर को सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार कल्याण मेले का आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त जितेंद्र यादव शनिवार को कैंप कार्यालय में मेले की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि मेले का आयोजन शहरी लाभार्थियों के लिए किया जा रहा है। इसे पांच जोन में विभाजित किया गया है। इनमें जोन-1 में एनआईटी शहरी, जोन-2 में बड़खल शहरी, जोन-3 में फरीदाबाद शहरी, जोन-4 में बल्लभगढ़ शहरी और जोन-5 में तिगांव शहरी को शामिल किया गया है। इसके साथ ही 17 विभिन्न विभाग यहां अपने-अपने स्टाल लगाएंगे। उन्होंने बताया कि दो दिन के इस मेले के लिए अब तक 728 लोग अपना रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं।

## चौकीदार को बंधक बना कंपनी में लूटपाट करने वाला गिरोह गिरफ्तार

### मुख्यारोपी बंटी ने रची थी साजिश, इससे पहले फैक्ट्री में गार्ड की नौकरी कर चुका था आरोपी


कापर वायर लूटने के आरोप में गिरफ्तार युवक।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पांच दिन** पहले सेक्टर 59 स्थित कॉपर वायर फैक्ट्री के चौकीदार को बंधक बनाकर 30 लाख रुपये की कॉपर वायर लूट के मामले में क्राइम ब्रांच 65 ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिसमें लूट का सामान खरीदने वाला कबाड़ी भी शामिल है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में गिरीश उर्फ बंटी उर्फ मोहित, पंकज, जितेंद्र, रामनरेश, संजय तथा कबाड़ी आरिफ का नाम शामिल है।

पुलिस थाना सेक्टर 58 में दी अपनी शिकायत में फैक्ट्री के मालिक सेक्टर 9 निवासी हिमांशु ने बताया कि उसकी सेक्टर 59 में राजपूत केबल के नाम से बिजली की तार बनाने की फैक्ट्री है। फैक्ट्री के फॉरमैन हीरालाल सुबह 4:00 बजे जब फैक्ट्री में पहुंचे तो वहां पर उसे फैक्ट्री का चौकीदार हाथ पैर बंधे पड़ा हुआ दिखाई दिया। फोरमैन ने तुरंत चौकीदार के हाथ पांव खोलें तो चौकीदार ने बताया कि चार पांच बदमाश रात को पिकअप गाड़ी लेकर फैक्ट्री में घुस गए और उसके हाथ पैर बांधकर जमीन पर पटक दिया। जब चौकीदार ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उसके मुंह पर घुसा मारकर उसे घायल कर दिया। बदमाश फैक्ट्री से कॉपर तार की 90 रील लूटकर ले गए जिनकी कीमत 30 लाख रुपये से अधिक थी। जाते वक्त बदमाश फैक्ट्री से डीवीआर सहित सीसीटीवी कैमरा भी लूट कर ले गए। पुलिस ने फैक्ट्री मालिक की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ लूट व डकैती की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा ने मामले में तुरंत संज्ञान लेते हुए जल्द से जल्द आरोपियों की धरपकड़ के निर्देश दिए जिसके तहत कार्रवाई करते हुए क्राइमब्रांच 65 प्रभारी इंस्पेक्टर रविन्द्र की टीम ने गुप्त सूत्रों से मामले में 5 आरोपियों को एसजीएम नगर से गिरफ्तार किया।

# मीडिया विद्यार्थियों को दी उपयोगी जानकारी


जेबी बोस विश्व विद्यालय में मीडिया के छात्र-छात्राओं को संबोधित करते टीवी पत्रकार पराक्रम सिंह शेखावत।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जेसी** बोस विवि के कम्युनिकेशन व मीडिया टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा मीडिया विद्यार्थियों के लिए आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम के दूसरे दिन सुप्रसिद्ध फिल्म निर्माता डॉ. भुवन लाल, टीवी पत्रकार एवं संसद टीवी के एंकर पराक्रम सिंह शेखावत, जी मीडिया के प्रोड्यूसर जोगिन्दर सिंह, डीएवी कॉलेज की प्रधानचार्य डॉ. सविता भगत, प्रसिद्ध उद्यमी और विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र रहे एके नेहरा मुख्य वक्ता रहे तथा विद्यार्थियों को मीडिया, फिल्म एवं अकादमिक क्षेत्र में करियर की संभावनाओं और अवसरों की जानकारी दी।

फिल्म निर्माता डॉ. भुवन लाल ने फिल्म व मनोरंजन उद्योग से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां छात्रों से साझा की। उन्होंने बताया कि मनोरंजन उद्योग में काम पाने के लिए विद्यार्थियों को कंटेंट एवं तकनीकी रूप से बहुत काम करने की जरूरत है ताकि उन्हें काम पाने के लिए समझौता न करना पड़े।

टीवी एंकर पराक्रम सिंह ने मीडिया विद्यार्थियों को टीवी पत्रकारिता से जुड़ी अहम जानकारियां दी। उन्होंने कहा कि पत्रकार का काम भावनाओं में बहना नहीं है बल्कि सही तथ्यों को जनता के सामने लाना है। इसलिए, पत्रकार को समाचार के प्रत्येक पहलू पर काम करके ही इसे दर्शकों के सामने रखना चाहिए। उद्यमी एके नेहरा ने विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा किये और उन्हें उद्यमशीलता के लिए प्रेरित किया। डीएवी कॉलेज की प्रधानचार्य डॉ. सविता भगत ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को सामाजिक कार्यों में भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एक सामाजिक कार्यकर्ता आम आदमी की समस्याओं को समझते हुए उनमें आत्म विश्वास बढ़ाता है ताकि वह परिस्थितियों का सामना बेहतर ढंग से कर सके। उन्होंने सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में करियर संभावनाओं की भी जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को संविधान दिवस के महत्व तथा संविधान में निहित प्रावधानों के बारे में भी जानकारी दी। विशेषज्ञ वक्ता के रूप में सम्मिलित हुए जी मीडिया के प्रोड्यूसर जोगिन्दर सिंह ने मीडिया के विद्यार्थियों को वीडियो स्क्रिप्ट से संबंधित उपयोगी टिप्स दिये।

कार्यक्रम में कम्युनिकेशन व मीडिया टेक्नोलॉजी विभाग के एलुमनाई मानसी अरोड़ा, नमृता और सिमरन सिंधु ने भी विद्यार्थियों से संवाद किया तथा मीडिया एवं जनसम्पर्क के क्षेत्र में काम करने के उपयोगी टिप्स दिये। कार्यक्रम अंत में कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने सभी वक्ताओं का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का आयोजन कम्युनिकेशन व मीडिया टेक्नॉलजी के डीन एवं अध्यक्ष प्रो. अतुल कुमार मिश्रा की देख-रेख में किया गया।

## एनसीसी दिवस पर कैडेट्स ने चलाया स्वछता अभियान


बल्लभगढ़ के सरकारी स्कूल में एनसीसी दिवस स्वच्छता अभियान के तहत सफाई करते एनसीसी के केडेट्स।

**बल्लभगढ़।** राजकीय वरिष्ट माध्यमिक विद्यालय बल्लभगढ़ में शुक्रवार को एनसीसी दिवस पर केडेट्स द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया।

यह आयोजन पांच हरियाणा बटालियन गुरुग्राम के कमांडिग आफिसर कर्नल अजय कुमार के निर्देशन में एन सी सी प्रभारी फर्स्ट आफिसर अनिल कुमार के नेतृत्व में स्वच्छता के प्रति जागरूक कराने के लिए चलाया गया। कैडेट्स को स्वच्छता की जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छता ही वैश्विक महामारी से बचने का उपाय है। प्लास्टिक के अपशिष्टों को एकत्रित कर उसका उचित निस्तान्तरन कर पर्यावरण को प्रदूषण से मुक्त किया जा सकता है। इस अवसर पर एनसीसी केडेट्स ने स्कूल परिसर में स्लोगन, पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग कर स्वच्छता का संदेश देते हुए स्कूल व उसके आसपास बिखरे हुए प्लास्टिक के अपशिष्ट को एकत्रित किया। सेक्टर 3 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में जागरुकता रैली निकाली। विद्यालय के प्राचार्य धर्मवीर सिंह ने केडेट्स को स्वच्छता को घर- घर, गली गली तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर सुरेंद्र कुमार, नरेन्द्र कुमार, रामचंद्र आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### डायरेक्ट एसएमओ की भर्ती पर विधायकों को सौंपा ज्ञापन


विधायक सीमा त्रिखा को ज्ञापन देते डॉ. राजेश श्योकंद और डॉ. मान सिंह।

**फरीदाबाद।** स्वास्थ्य विभाग में सीधे एसएमओ की भर्ती निकालने के विरोध में हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन और जिला एसोसिएशन के जनरल सैकेट्रियों के द्वारा विधायकों को सीएम के नाम का ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी में उन्होंने लोगों को बचाने के लिए अपनी जान तक दाव पर लगा दी थी, लेकिन इसके बावजूद सरकार उन्हें पदोन्नत करने के बजाय नए लोगों को सीधे एसएमओं की पोस्ट पर भर्ती कर रही है। विरोध कर रहे चिकित्सकों ने कहा कि अगर एसएमओ की सीधी भर्ती होती है, तो सालों से जनता की सेवा कर रहे चिकित्सक पदोन्नजि से वंचित रह जाएंगे। इस मौके पर एसोसिएशन के जनरल सेकेट्री डॉ. राजेश श्योकंद ने बताया कि आगामी पांच दिसंबर को करनाल में एक बैठक की जाएगी, जिसमें पूरे हरियाणा के डॉक्टर एकत्रित होंगे। वहीं उन्होंने बताया कि बीके अस्पताल के डॉ. दिनेश रंगा मेडिकल ऑफिसर के पद से ही रिटायर्ड हो गए। जोकि काफी गलत है। वहीं जिला एचसीएसएमएस के जनरल सेकेट्री डॉ. मान सिंह ने बताया कि विभाग ने पहले भी इस तरह का निर्णय लिया था, लेकिन विरोध के बाद फैसला वापस ले लिया था। अब फिर से विभाग ने एसएमओ की सीधी भर्ती निकाली हैं, जोकि गलत है। ऐसे में सालों से जनता की सेवा कर रहे चिकित्सक पदोन्नति से वंचित रह जाएंगे।

### बसंतपुर रूट पर आज शुरू होगी शुभगमन बस सेवा

**फरीदाबाद।** एफएमडीए द्वारा रविवार को शहर के सराय ख्वाजा से बसंतपुर रूट पर शुभगमन बस सेवा के नए रूट की शुरुआत की जाएगी। इस बस सेवा को बसंतपुर से प्रातः 11-00 बजे केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर और प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

### सीडीई का किया आयोजन



सुधा रस्तोगी डेंटल कालेज में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते छात्र एवं छात्राएं।

**फरीदाबाद।** सुधा रुस्तगी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च, फरीदाबाद प्रोस्थोडॉन्टिक्स विभाग द्वारा नवोदित दंत चिकित्सकों के लिए बेसिक डेंटल इंप्लांटोलॉजी के परिचय पर एक सीडीई का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में, प्रत्येक छात्र को दंत प्रत्यारोपण लगाने की प्रक्रिया और उपकरण के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी दी गई। इसमें डेंटल इम्प्लांटोलॉजी का संपूर्ण प्रोस्थेटिक चरण भी शामिल था। सभी प्रतिभागियों में बहुत उत्साह था और उन्होंने पूरे मनोयोग से भाग लिया। विभागाध्यक्ष डॉ. सलिल पावा, प्रोफेसर डॉ. अमित गुप्ता, रीडर डॉ. चेतन पाठक और विभाग के अन्य संकाय सदस्यों के कुशल नेतृत्व में पाठ्यक्रम बहुत सुनियोजित और व्यवस्थित था।

### साइकिल यात्रा का किया भव्य स्वागत



बल्लभगढ़ कुंदन ग्रीन वैली स्कूल के प्रांगण में हरियाणा महिला पुलिस यात्रा का स्वागत करते जनहित सेवा सामाजिक संस्था के सदस्य।

**फरीदाबाद।** कुंदन ग्रीन वैली स्कूल बल्लभगढ़ के प्रांगण में सामाजिक संस्था जनहित सेवा संस्था फरीदाबाद और सोच के सहयोग से हरियाणा महिला पुलिस की साइकिल यात्रा का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस उपायुक्त जय वीर राठी बल्लभगढ़ और विशिष्ट अतिथि पुलिस सह उपायुक्त महिला सैफुद्दीन का विद्यालय के चेयरमैन भारत भूषण शर्मा व जनहित सेवा संस्था के अध्यक्ष संत सिंह हुड्डा, महासचिव सुभाष गहलोत ने फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित सेंट्रल महिला थाना प्रभारी गीता, बल्लभगढ़ महिला थाना प्रभारी नेहा राठी, साइकिल यात्रा की अगुवाई कर रही निरीक्षक माया व उनकी पूरी टीम का विद्यालय की निदेशक कमल अरोड़ा ने फूल मालाओं से सभी महिला अधिकारी व उनकी पूरी टीम का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में साइकिल यात्रा की अगुवाई कर रही निरीक्षक माया ने अपने संबोधन में कहा कि पूरे देश में इस तरह की महिलाओं को जागरूक करने की साइकिल यात्रा पुलिस महा निरीक्षक के निर्देशानुसार पहली बार हरियाणा में हो रही है। इस साइकिल यात्रा का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को जागरूक करना है। कार्यक्रम को संबोधित कर रहे कुंदन स्कूल के चेयरमैन भारत भूषण शर्मा ने कहा कि आज के समय में नारी किसी से कम नहीं है। साइकिल यात्रा से समाज में एक अच्छी जागरूकता आएगी। एक बहुत अच्छी पहल है। कार्यक्रम को संबोधित कर रहे जनहित सेवा संस्था के अध्यक्ष संत सिंह हुड्डा ने कहां की साइकिल यात्रा की टीम पर हमें गर्व है। उन्होंने बहुत ही अच्छी पहल की है। पूरे हरियाणा में प्रत्येक जिले में जाकर यह टीम महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं को जागरूक करेगी। पुलिस उपायुक्त बल्लभगढ़ जयवीर राठी ने भी अपने संबोधन में कहा कि पुलिस महा निरीक्षक ने ऐसी साइकिल यात्रा को शुरू करके बहुत ही अच्छा कार्य किया है। इससे हमारे समाज में जागरुकता पैदा होगी।

HARYANA TOURISM
Come, holiday with us !
HOTEL RAJHANS
Surajkund, Faridabad-121009 (Haryana)
Tel. +91 129 2512843
e-Tender Notice
Haryana Tourism intends to grant license for running & operation of the existing **"Health Club, Spa, Gymnasium and room for indoor games"** from 07.12.2021 to 06.12.2023 with a provision of two extensions of one year each and **Swimming Pool** from 07.12.2022 to 06.12.2023 at Hotel Rajhans, Surajkund, Faridabad (Haryana) with a provision of two extensions of one year each to a professional agency on 'as is where is basis'.
The details terms & conditions can be obtained from our website: **https://etenders.hry.nic.in** or from Hotel Rajhans.
The last date of submission of online e-tender is Friday, the 03rd December, 2021 on or before 5.00 PM. A hard copy of technical bid is also required to be submitted physically at Hotel Rajhans, Surajkund latest by Friday, the 03rd December, 2021 on or before 07.00 pm. The tender will be opened on Saturday, the 04th December, 2021 at 11.30 AM at Hotel Rajhans, Surajkund.
Interested bidders may visit site on any day between 10.00 AM – 5.00 PM. For further queries, contact Hotel Rajhans on +91-9818522873, 0129-2512843

# पाक ड्रोन का इस्तेमाल विस्फोटक गिराने के लिए करता है: जितेंद्र

भाषा। जम्मू

**केंद्रीय** मंत्री जितेंद्र सिंह ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान ड्रोन का इस्तेमाल भारतीय क्षेत्र में हथियार गिराने और आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए करता है लेकिन भारत इनका प्रयोग मानवता की सेवा के लिए करता है।

सिंह ने यह बात जम्मू कश्मीर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर कोविड-19 रोधी टीकों को पहुंचाने के लिए एक ड्रोन की शुरुआत के मौके पर कही। स्वदेश में निर्मित मध्यम दर्जे के मानव रहित वायुयान (यूएवी) ने यहां स्थित सीएसआईआर- भारतीय एकीकृत चिकित्सा संस्थान परिसर से उड़ान भरी और कोविड-19 रोधी टीके की 50 शीशियों को सफलतापूर्वक



जम्मू के मढ़ क्षेत्र में पहुंचाया जो भारत-पाकिस्तान सीमा के पास स्थित है। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्यमंत्री सिंह ने कहा, पाकिस्तान अपने ड्रोन का इस्तेमाल लोगों को नुकसान पहुंचाने और आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए करता है लेकिन हमारे ड्रोन मानवता की भलाई के लिए संजीवनी बूटी ले जाने के रूप में काम करेंगे और इससे शांति का संदेश जाएगा। सिंह ने कहा कि कोविड-19 टीकाकरण में लगे स्वास्थ्यकर्मियों को दूरदराज के इलाकों और पर्वतीय क्षेत्रों तथा जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश के दुर्गम स्थानों पर जाने में दिक्कत होती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के ड्रोन के इस्तेमाल से स्वास्थ्यकर्मियों की मदद होगी और सौ प्रतिशत टीकाकरण का सरकार का संकल्प पूरा होगा। एक अधिकारी ने बताया कि जीपीएस निर्देशित उक्त ड्रोन को राष्ट्रीय वांतरिक्ष प्रयोगशालाएं (एनएएल) ने विकसित किया है जो वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) की एक इकाई है। उन्होंने कहा कि इस ड्रोन की रेंज 55 किलोमीटर तक है और यह 20 किलोग्राम तक भार वहन कर सकता है।

## जम्मू-कश्मीर में भाजपा नेता ने उपेक्षा का आरोप लगाते हुए इस्तीफा दिया

**जम्मू।** भारतीय जनता पार्टी की जम्मू-कश्मीर इकाई के प्रचार सचिव अरुण के. छिब्बर ने उपेक्षा और अपमान का आरोप लगाते हुए शनिवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफे की घोषणा की। छिब्बर (65) ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वह पार्टी के साथ 40 साल से भी ज्यादा वक्त से जुड़े रहे हैं, पूरे समर्पण और निष्ठा से काम किया है।

छिब्बर ने कहा, अप्रैल 1980 में भाजपा की स्थापना के समय से ही मैं इससे जुड़ा हुआ था और जमीनी स्तर के कार्यकर्ता के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मैंने कभी अपने परिवार की परवाह नहीं की और देश की सेवा करने के पार्टी के एकमात्र लक्ष्य से प्रभावित रहा। स्नातकोत्तर छिब्बर ने कहा कि उन्होंने सरकारी नौकरी से ज्यादा तवज्जो भाजपा को दी और पार्टी नेतृत्व के हिसाब से हर स्तर पर अपनी जिम्मेदारियां निभाईं।



कन्नूर में पासिंग आउट परेड में भाग लेते भारतीय नेवल एकेडमी के कैडेट

## चेन्नई के विदेशी डाकघर में एमडीएमए की गोलियां और गांजा जब्त

**चेन्नई।** तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में स्थित विदेशी डाकघर से शनिवार को मादक पदार्थ एमडीएमए की 52 गोलियों के अलावा मेथ क्रिस्टल और गांजे से भरे हुए तीन पार्सल बरामद किए गए। सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक जब्त किए गए मादक पदार्थों की कीमत 3.12 लाख रुपए आंकी गई है। अधिकारियों ने एक विशेष सूचना के आधार पर यह कार्वाई की। प्राप्त सूचना के मुताबिक एमडीएमए की गोलियां किसी विदेशी जगह से आ रही थी। सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने इसके आधार पर पार्सल बरामद कर लिए। यह पार्सल नीदरलैंड और अमेरिका से आए थे। सीमा शुल्क विभाग की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक एक पार्सल में हरे रंग की 52 गोलियां थीं, जिनके मेथालेंडियोक्सी मेथामफेटामाइन (एमडीएमए) होने की आशंका जताई जा रही है।

## राजस्थान के शाही परिवार की संपत्ति मामले में पूर्व मंत्री व दो अन्य के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट

**कोटा।** एक मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने बूंदी के पूर्व शाही परिवार की संपत्ति को हथियाने के लिए कथित रूप से धोखाधड़ी करने और न्यास दस्तावेज (ट्रस्ट डीड) बनाने के मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस नेता जितेंद्र सिंह और दो अन्य लोगों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। पुलिस ने बताया कि जितेंद्र, उनके ससुर बिजेंद्र सिंह और बूंदी के पूर्व जिला प्रमुख श्रीनाथ सिंह हाडा के खिलाफ 18 नवंबर को गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। अदालत ने पुलिस को तीनों को गिरफ्तार कर छह जनवरी, 2020 को पेश करने का आदेश दिया है। बूंदी नगर पुलिस ने दिसंबर, 2017 में जितेंद्र और दो अन्य आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं 420 (धोखाधड़ी), 467 (जालसाजी), 468 (धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी), 471 (फर्जी दस्तावेज को असली के रूप में इस्तेमाल करना) और 120 (बी) (आपराधिक साजिश) के तहत मामला दर्ज किया था। यह मामला पूर्व राजपरिवार के आखिरी राजा बहादुर सिंह के बेटे रंजीत सिंह के मित्र होने का दावा करने वाले अविनाश कुमार चांदना की शिकायत पर दर्ज किया गया है।

जितेंद्र सिंह, रंजीत सिंह के भतीजे हैं। चांदना का आरोप है कि तीनों आरोपियों ने रंजीत सिंह की संपत्ति पर कब्जा करने के लिए षड्यंत्र रचा और मई, 2008 की पिछली तारीख का न्यास दस्तावेज तैयार कर उस पर उनके जाली हस्ताक्षर किए। रंजीत की कोई संतान नहीं थी। चांदना ने दावा किया कि रंजीत उनके दोस्त थे और वह 2010 में आखिरी सांस लेने तक दिल्ली स्थित उनके आवास में उनके साथ ही रहे थे। उन्होंने दावा किया कि शाही परिवार के वंशज ने 2009 में सारी संपत्ति उन्हें हस्तांतरित कर दी थी। चांदना का आरोप है कि जितेंद्र ने कुल देवी आशापुरा माताजी न्यास की स्थापना की और इसके माध्यम से रंजीत की सारी संपत्ति धोखे से अपने नाम कर ली। अदालत ने गिरफ्तारी वारंट जारी करते हुए कहा कि जितेंद्र और दो अन्य आरोपियों ने अनुचित लाभ लेने के लिए फर्जी न्यास दस्तावेज जमा कराके अदालत को धोखा देने की कोशिश की। अदालत ने इस बात पर भी गौर किया कि जितेंद्र ने जांच अधिकारी को दस्तावेज की मूल प्रति मुहैया नहीं कराई, बल्कि अधिकारी को एक निजी फोरेंसिक प्रयोगशाला द्वारा जारी एक फर्जी रिपोर्ट दी गई। जितेंद्र द्वारा जमा कराई गई इसी रिपोर्ट के आधार पर बूंदी पुलिस ने मामले में अंतिम रिपोर्ट दाखिल की थी।

## उपराष्ट्रपति ने लोगों से कार्बन उत्सर्जन कम करने का आह्वान किया

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने देश के प्रमुख शहरों में, विशेषकर सर्दियों के दौरान बिगड़ती वायु गुणवत्ता पर शनिवार को चिंता व्यक्त की और लोगों से यथासंभव कार्बन उत्सर्जन कम करने का आह्वान किया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं स्थापित करने पर जोर दिया और निजी क्षेत्र से आह्वान किया कि वे सरकार के प्रयासों में सहयोग करते हुए अपने शहरी अस्पतालों के दूरस्थ केंद्र ग्रामीण इलाकों में खोले। उपराष्ट्रपति सचिवालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक उपराष्ट्रपति निवास से इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजी के कार्यक्रम को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए नायडू ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और वाहनों से होने वाले प्रदूषण का वायु गुणवत्ता खराब होने के कारकों में अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि स्थाई विकास को लेकर लोगों के नजरिए पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। उन्होंने लोगों से कहा कि वे जीवनशैली का मूल्यांकन करें और यथासंभव कार्बन उत्सर्जन कम करने की कोशिश करें। देश में फेफड़ों की बीमारियों सहित गैर संचारी रोगों के बढ़ते खतरों को रेखांकित करते हुए उपराष्ट्रपति ने युवाओं को सलाह दी कि वे स्वस्थ और अनुशासित जीवनशैली अपनाएं।

## इंदौर का नाम बदलने की अटकलें बेबुनियाद : सांसद

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** इंदौर का नाम बदलने को लेकर सोशल मीडिया पर तूल पकड़ रहीं अटकलों को बेबुनियाद करार देते हुए स्थानीय सांसद शंकर लालवानी ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार देश के सबसे स्वच्छ शहर का नाम बदलने के किसी भी प्रस्ताव पर विचार नहीं कर रही है। गौरतलब है कि इंदौर का नाम पूर्व होलकर राजवंश की शासक देवी अहिल्याबाई के नाम पर रखे जाने की अटकलों को लेकर सोशल मीडिया पर पिछले तीन दिन से बहस चल रही है। हालांकि, ज्यादातर लोग इंदौर के नाम परिवर्तन की बात के खिलाफ सोशल मीडिया पर विरोध जताते हुए कह रहे हैं कि शहर का नाम बदले जाने की कोई जरूरत नहीं है। लालवानी ने बयान जारी कर बताया, इंदौर का नाम बदलने की अटकलों को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मेरी चर्चा हुई है। उन्होंने मुझे बताया है कि प्रदेश सरकार इंदौर का नाम बदलने के किसी भी प्रस्ताव पर विचार नहीं कर रही है। सांसद ने कहा, इंदौर का नाम इंदौर ही रहेगा।

## बूस्टर खुराक के बारे मे फैसला करना चाहिए केंद्र सरकार को: गहलोत

भाषा। जयपुर

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान सहित पूरे देश में कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों को चिंताजनक बताते हुए शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार को बूस्टर खुराक लगाने के बारे में फैसला करना चाहिए। इसके साथ ही गहलोत ने दूसरी खुराक लगाने के लिए अभियान चलाने पर जोर दिया। गहलोत ने यहां संवाददाताओं से कहा, देश में लोगों को दूसरी खुराक ही नहीं लगी है और जब तक आपको दूसरी खुराक नहीं लगे तब पहली का फायदा नहीं होता।

बचाव के लिए दोनों खुराक लेना जरूरी है। देश में दूसरी खुराक तो सिर्फ 35-40 प्रतिशत लगी है। तो एक अभियान चले देश में जिसमें दूसरी खुराक लग जाए, उसके बाद में नंबर आएगा बूस्टर डोज का। केंद्र सरकार द्वारा बूस्टर खुराक के बारे में फैसला किए जाने पर जोर देते हुए गहलोत ने कहा, हमने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है कि जिसको खुराक लगे सालभर होने को आ गया है, उसका प्रभाव कम हो जाता है, आपको चाहिए कि आप बूस्टर खुराक की अनुमति दें, जिसे दो खुराक लग गई उसको तीसरी बूस्टर खुराक भी लगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने इस बारे में अभी फैसला नहीं किया है शायद वे चाहते हैं कि पहले लोगों को दूसरी खुराक लगे। गहलोत के अनुसार लेकिन जो बुजुर्ग हैं या बीमार हैं अगर उनको बूस्टर खुराक नहीं लगेगी तो फिर तकलीफ हो सकती है। इन सब बातों को ध्यान में रखकर हमें कार्वाई करनी पड़ेगी। मुंबई यात्रा से यहां पहुंचे गहलोत ने यहां ईएचसीसी हॉस्पिटल में भर्ती जैन साध्वी प्रमुख कनखप्रभा जी से मिलकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और कुशलक्षेम जानी।



बेंगलुरू में आने वाले यात्रियों की कोविड जांच के लिए सैंपल लेते हुए स्वास्थ्यकर्मी

## पूर्व आईएएस सहित तीन के खिलाफ केस वापस लेने की याचिका खारिज

एजेंसी। जयपुर

**एक** स्थानीय अदालत ने एकल पट्टा प्रकरण में एक पूर्व आईएएस सहित तीन अधिकारियों के खिलाफ केस वापस लेने की राज्य सरकार की याचिका को खारिज कर दिया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी मामलों की विशेष अदालत ने राज्य सरकार की इस संबंधी याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। सरकार ने पूर्व आईएएस जी एस संधू, सेवानिवृत्त आरएएस अधिकारी निष्काम दिवाकर व मौजूदा आरएएस अधिकारी ओंकार मल सैनी के खिलाफ केस को वापस लेने के लिए यह याचिका दायर की थी। परिवारी की ओर से इस मामले में 2014 में मामला दर्ज करवाया गया था। उसके वकील संदेश खंडेलवाल ने कहा, एसीबी अदालत ने तीनों के खिलाफ अभियोजन वापस लेने की याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। उन्होंने बताया कि एसीबी ने इनके खिलाफ 2016 में आरोप पत्र दाखिल किया था। पूर्व आईएएस अधिकारी जीएस संधू इस समय शहरी विकास और आवास (यूडीएच) विभाग के सलाहकार हैं। वे 2011 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार के समय प्रधान सचिव (यूडीएच) थे जब एक सोसायटी से सम्बद्ध 27301.50 वर्ग गज से अधिक भूमि का एकल पट्टा बिल्डर को जारी करने में कथित अनियमितताएं हुईं। यह पट्टा हालांकि बाद में रद्द कर दिया गया। इस सिलसिले में राम शरण सिंह ने 2014 में एसीबी में केस दर्ज कराया था। एसीबी ने जीएस संधू, निष्काम दिवाकर और ओंकारमल सैनी समेत छह आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। तीन अन्य आरोपी आम व्यक्ति हैं। जब 2018 में कांग्रेस राज्य में सत्ता में आई तो उसने संधू और दो अन्य ने राज्य सरकार को मामला वापस लेने के लिए अभ्यावेदन दिया, जिसके बाद एक समिति गठित की गई।

## कांग्रेस ने भ्रष्टाचार को लेकर ठेकेदारों की शिकायतों की जांच कराने की मांग की

भाषा। बेंगलुरु

**कर्नाटक** में ठेकेदारों के संगठन की ओर से लगाए गए रिश्वत के आरोपों के संबंध में उच्चतम न्यायालय के मौजूदा न्यायाधीश से न्यायिक जांच कराने की अपनी मांग पर कायम कांग्रेस ने अधिकारियों द्वारा की जाने वाली जांच की विश्वसनीयता पर शनिवार को सवाल उठाया।

विपक्षी दल ने राज्य सरकार से इस मुद्दे पर गौर करने के लिए सदन की एक समिति गठित करने का भी आग्रह किया है। ठेकेदारों द्वारा लगाए गए आरोपों के संबंध में मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने जांच का आदेश दिया था। मुख्य सचिव पी रवि कुमार ने शुक्रवार को अतिरिक्त मुख्य सचिव (जल संसाधन) राकेश सिंह से 10 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाले कार्य के संबंध में निविदा प्रक्रिया या बिल भुगतान में किसी भी तरह की अनियमितता पर रिपोर्ट मांगी और अनियमितताओं की शिकायतों की जांच करने को कहा। जुलाई में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखे अपने पत्र में कर्नाटक स्टेट कॉन्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन ने मंत्रियों, निर्वाचित प्रतिनिधियों और अन्य लोगों द्वारा प्रताड़ित किए जाने का दावा करते हुए उन पर अनुबंध को मंजूरी देने के लिए निविदा राशि का 30 प्रतिशत तक और लंबित बिल को जारी करने के संबंध में 5-6 प्रतिशत की धनराशि मांग करने का आरोप लगाया था। कांग्रेस नेता डी के शिवकुमार ने यहां संवाददाताओं से कहा, पिछले दस वर्षों की जांच कर लें, हमें कोई आपत्ति नहीं है। इसमें जो भी शामिल है, चाहे वह कांग्रेस से हो या जनता दल (सेक्युलर) या भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से, दोषियों को दंडित किया जाना चाहिए, क्योंकि यह जनता का पैसा है, इसके लिए एक उचित खाता होना चाहिए। अतिरिक्त मुख्य सचिव राकेश सिंह जांच कैसे करेंगे, यह सवाल उठाते हुए शिवकुमार ने कहा, वह (सिंह) एक अच्छे अधिकारी हो सकते हैं, यह अलग विषय है। उच्चतम न्यायालय के एक मौजूदा न्यायाधीश द्वारा जांच कराने का आदेश दें या सदन की समिति गठित करें। मैं सदन की समिति से जांच कराने की मांग करता हूं, भले उनकी ही पार्टी (सत्तारूढ़ दल) के सदस्य को इसका अध्यक्ष बनाया जाए। कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के प्रमुख शिवकुमार ने कहा कि सरकार सदन की समिति का गठन ही कर दे क्योंकि वे न्यायिक समिति की जांच के लिए सहमत नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आगामी सत्र के दौरान राज्य विधानमंडल में इस मुद्दे को उठाएगी। शिवकुमार ने कहा, यह ठेकेदारों के संगठन की शिकायत है, इस पंजीकृत संगठन से एक लाख सदस्य जुड़े हैं।

## तमिलनाडु के सीएम ने राज्यपाल से नीट से संबंधित विधेयक राष्ट्रपति के पास भेजने का आग्रह किया

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शनिवार को राज्यपाल आर एन रवि से आग्रह किया कि वह राज्य को नीट के दायरे से बाहर रखने तथा 12वीं कक्षा के अंकों के आधार पर मेडिकल पाठ्यक्रमों में दाखिला देने के लिए विधानसभा द्वारा पारित विधेयक को मंजूरी के वास्ते राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के पास भेजें। स्टालिन ने यहां राजभवन में रवि से मुलाकात की और उनसे विधेयक को तत्काल कोविंद को भेजने का अनुरोध किया ताकि इसके लिए राष्ट्रपति की शीघ्र स्वीकृति मिल सके। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यहां कहा गया है कि मुख्यमंत्री के साथ जल संसाधन मंत्री दुरईमुरुगन, स्वास्थ्य मंत्री मा सुब्रमण्यम और शीर्ष सरकारी अधिकारी भी थे। राजभवन की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि भारी बारिश और कोविड-19 महामारी के संबंध में सरकार की पहलों पर भी बैठक में चर्चा हुई। इस साल मई में सत्ता में आने के बाद, द्रमुक सरकार ने सलेम में एक मेडिकल परीक्षार्थी की आत्महत्या की पृष्ठभूमि में यह विधेयक पारित कराया था। राज्य विधानसभा ने 13 सितंबर 2021 को तमिलनाडु स्नातक मेडिकल डिग्री पाठ्यक्रमों में प्रवेश विधेयक, 2021 पारित किया था। इस विधेयक में राज्य को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के दायरे से बाहर रखने और 12वीं कक्षा के अंकों के आधार पर दाखिला देने की अनुशंसा की गई थी। विधेयक की प्रस्तावना के अनुसार, नीट दाखिले का उचित या न्यायसंगत तरीका नहीं है क्योंकि यह समाज के अमीर और समृद्ध वर्गों के पक्ष में है।

## माओवादी शिविर मामले में एनआईए ने मोबाइल फोन के दुकान की तलाशी ली

**कोयंबटूर (तमिलनाडु)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पांच साल पहले केरल के निलांबुर जंगलों में भाकपा (माओवादी) द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर से जुड़े मामले की जांच में शनिवार को मोबाइल फोन की एक दुकान पर छापा मारा।

पुलिस ने बताया कि कोच्चि की एक टीम ने प्रशिक्षण शिविर में शामिल रहे कुछ लोगों द्वारा उपयोग किए गए सिम कार्ड के मामले में वेल्लोर की एक दुकान पर छापा मारा और दुकान मालिक से पूछताछ की। एनआईए ने कुछ महीने पहले शहर में दानिश और दिनेश के आवासों पर छापा मारा था और ग्रामीण क्षेत्र में अंगलकुरीची में संतोष कुमार के आवास की तलाशी ली थी। पुलिस ने बताया कि निलांबुर में 23 अगस्त, 2016 से सात दिनों के लिए आयोजित प्रशिक्षण शिविर के संबंध में एनआईए ने 19 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है, जिनमें ए लोग भी शामिल हैं।

## सरकार को सर्दी के बाद जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने चाहिए: आजाद

भाषा। श्रीनगर



**कांग्रेस** के नेता गुलाम नबी आजाद ने शनिवार को कहा कि केंद्र को फरवरी तक जम्मू-कश्मीर में परिसीमन प्रक्रिया पूरी करके सर्दी के तुरंत बाद विधानसभा चुनाव कराने चाहिए। श्रीनगर से लगभग 75 किलोमीटर दूर दक्षिण कश्मीर के कुलगाम के देवसर इलाके में कार्यकर्ताओं की सभा को संबोधित करते हुए आजाद ने यह भी कहा कि सर्दी के अगले चार महीने में चुनाव कराना संभव नहीं है। उन्होंने कहा, अगले चार महीने में चुनाव संभव नहीं हैं और अगर वे (केंद्र) चाहें तो भी हम ना कहेंगे। हम सभी ने (जून में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बुलाई गई) सर्वदलीय बैठक में कहा था कि पहले राज्य का दर्जा बहाल किया जाए और फिर परिसीमन होना चाहिए। आजाद ने पत्रकारों से कहा, लेकिन, सरकार ने इसे स्वीकार नहीं किया। इसलिए, उन्हें फरवरी तक परिसीमन प्रक्रिया समाप्त करनी चाहिए और सर्दी खत्म होने के बाद, अप्रैल में चुनाव होने चाहिए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि प्राथमिकता यह नहीं है कि कौन मुख्यमंत्री बने, बल्कि यह है जम्मू-कश्मीर में 4 अगस्त, 2019 की स्थिति को कैसे बहाल किया जाए। उन्होंने कहा, प्राथमिकता मुख्यमंत्री को लेकर नहीं है, यह मुद्दा ही नहीं है। प्राथमिकता यह है कि 4 अगस्त 2019 की स्थिति को कैसे बहाल किया जाए। ऐसा राज्य का दर्जा बहाल करने और फिर विधानसभा चुनाव कराने से होगा। आजाद ने कहा कि राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग कश्मीर केंद्रित नहीं है।

## कोडीन की तस्करी के आरोप में चिकित्सक समेत छह लोग गिरफ्तार

**कोलकाता।** भारत-बांग्लादेश सीमा के जरिए कोडीन आधारित कफ सिरप (सीबीसीएस) की तस्करी की कोशिश के आरोप में एक चिकित्सक सहित कम से कम छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के कोलकाता जोन ने शनिवार को यह जानकारी दी। एनसीबी के एक अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्वाई करते हुए बृहस्पतिवार रात बैरकपुर में छापेमारी की गई और छह लोगों को गिरफ्तार किया। ए लोग कोडीन सिरप की कथित तौर पर तस्करी में शामिल एक गिरोह का हिस्सा हैं। नशे के आदी लोग इस सिरप का सेवन करते हैं। टीम ने कफ सिरप की 2,245 बोतलें भी जब्त की। अधिकारियों का दावा है कि दोनों देशों के बीच सीमा पर कांटेदार तार के जरिए इन बोतलों को तस्करी करके भेजने के लिए संग्रहित किया गया था। अधिकारी ने कहा, आरोपी हल्के छोटे वाहनों में बैरकपुर से नदिया तक कफ सिरप बोतलों की तस्करी में शामिल रहे हैं। पहले, हमने दो लोगों को पकड़ा और फिर उनसे पूछताछ के बाद चिकित्सक और डॉ रेड्डीज के एक चिकित्सा प्रतिनिधि को गिरफ्तार किया। उन्होंने कहा कि चिकित्सक ने कफ सिरप बोतलों को भंडारित करने के लिए अपना गोदाम उपलब्ध कराया था, जबकि चिकित्सा प्रतिनिधि पूरी प्रक्रिया का समन्वय कर रहा था। उन्होंने कहा कि गोदाम बिना लाइसेंस का था।

## गिर में शेर सफारी कम से कम होनी चाहिए: उच्च न्यायालय

**अहमदाबाद।** गुजरात उच्च न्यायालय ने शेर सफारी के लिए गिर जंगलों में पर्यटकों की भीड़ जुटने पर चिंता जताते हुए कहा है कि एशियाई शेरों को शांति से रहने दिया जाना चाहिए तथा इंसानों और बिल्लियों की प्रजाति के इस विशालकाय जानवर के बीच संपर्क घटाया जाना चाहिए।


न्यायमूर्ति जे पी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर मेहता की खंडपीठ ने इस संबंध में दूसरे देशों द्वारा अपनाए गए कदमों का अध्ययन करने के बाद इस मामले में सरकार से नीति बनाने के लिए कहा।

गुजरात के गिरनार अभयारण्य में प्रस्तावित पर्यटन क्षेत्र का विरोध करने वाले एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) की एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कहा कि गिर अभयारण्य में सफारी गतिविधियां न्यूनतम होनी चाहिए और सरकार को मनुष्यों और जानवरों के बीच संपर्क को कम करने के लिए एक नीति बनानी चाहिए। उन्होंने कहा, आपको इससे क्या मिलेगा? उन्हें शांति से रहने दें। न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कहा कि व्यक्तिगत तौर पर उनका मानना है कि इंसानों को कभी भी जानवरों के साम्राज्य में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा, शेर और शेरनियों को शांति से रहने दें, आप उन्हें क्यों परेशान करते हैं? अगर किसी को उन्हें देखने की इच्छा है तो वे चिड़ियाघर जा सकते हैं। प्रकृति में हस्तक्षेप न करें।

उन्होंने यह भी कहा कि ज्यादा हस्तक्षेप से शेरों को मजबूरन आबादी क्षेत्रों की तरफ आना पड़ेगा। एक करतब के लिए एक शेर को एक जीवित गाय से फुसलाने की हालिया खबर का हवाला देते हुए, न्यायमूर्ति मेहता ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बड़ी बिल्लियों के शिकार कौशल को कम कर देंगे, और फिर वे मनुष्यों के लिए एक बड़ी समस्या पैदा करेंगे।

# मूल अधिकार और कर्तव्यों में संतुलन से ही राष्ट्रहित की सही पालना संभव

**भाषा।** जयपुर



**राज्यपाल** कलराज मिश्र ने शनिवार को कहा कि संविधान ने हमें मूल अधिकार दिए हैं तो कर्तव्य बोध भी दिया है। प्रत्एक नागरिक दोनों के बीच संतुलन रखकर राष्ट्रहित और नैतिक मूल्यों की सही मायने में पालना कर सकता है। राज्यपाल जवाहर कला केन्द्र में श्री अरविन्द सोसायटी द्वारा आयोजित संविधान में कलाकृतियां - श्री अरविन्द के आलोक में विषयक प्रदर्शनी के उद्घाटन से पूर्व समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि देश के संविधान की मूल प्रति में भारतीय संस्कृति का चित्रण भारत की संस्कृति और सभ्यता को समझने का आधार है। उन्होंने कहा कि संविधानसभा के सदस्यों द्वारा भारत की भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक संदेश देने का प्रयास इसके जरिए किया गया है। एक बयान के अनुसार राज्यपाल ने महर्षि अरविन्द को राष्ट्र ऋषि बताते हुए कहा कि वे राष्ट्रीयता से ओतप्रोत महान व्यक्तित्व थे। उन्होंने राष्ट्रवाद को सच्चा धर्म मानते हुए अपने चिंतन और सृजन से समाज को नई दिशा दी। वह भारतीय संविधान को देश का जीवंत दस्तावेज मानते हैं। ऐसा इसलिए कि इसमें भारतीय संस्कृति की उदात्त जीवनधारा को साक्षात अनुभव किया जा सकता है। राजस्थान उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति विनोद शंकर दवे ने कहा कि भारत का मूल संविधान 22 भागों में बांटा गया है और सभी भाग भारतीय सभ्यता के चित्रण से आरम्भ होते हैं, जो हमारे महापुरुषों और मनीषियों के ज्ञान को समेटे हुए हैं। पूर्व अतिरिक्त महाधिवक्ता गुरुचरण सिंह गिल ने कहा कि संविधान में सांस्कृतिक चित्रण का मूल विचार संविधानसभा के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का था। उन्होंने इन चित्रों के महत्व और संदेश को अपने संबोधन में रेखांकित किया।

# गोवा में सभी राजनीतिक दलों का भाजपा के साथ साठगांठ : तृणमूल

भाषा। **पणजी**

● **नेता महुआ मोइत्रा का आरोप**

**तृणमूल कांग्रेस** (टीएमसी) की नेता महुआ मोइत्रा ने शनिवार को आरोप लगाया कि गोवा में सभी दलों के साथ सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की साठगांठ है और उन्होंने कांग्रेस पर इतने वर्षों में कुछ नहीं करने का आरोप भी लगाया। मोइत्रा ने संवाददाता सम्मेलन में भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा की निंदा की और कहा कि उनकी पार्टी को पश्चिम बंगाल में खारिज कर दिया गया, इसलिए वह गोवा में तृणमूल को निशाना बना रहे हैं। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल ने भाजपा शासित गोवा में कुछ ही महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनाव को लड़ने का फैसला किया है।

उन्होंने कहा, गोवा में सभी पार्टियों की भाजपा से साठगांठ है। लेकिन कांग्रेस ने भाजपा को हराने के लिए इतने सालों में कुछ नहीं किया। पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर से तृणमूल की लोकसभा सदस्य ने कहा, (कांग्रेस के वरिष्ठ नेता) पी चिदंबरम के एक दिन यहां आने और सड़क पर चलने से कुछ नहीं होने वाला है। मैं यहां हर दिन मौजूद हूं। चिदंबरम यहां एक दिन के लिए आते हैं और चले जाते हैं। वह राज्य में हाल में निकाली गई मुद्रास्फीति के खिलाफ कांग्रेस की रैली का जिक्र कर रही थीं, जिसमें गोवा के लिए कांग्रेस के चुनाव पर्यवेक्षक चिदंबरम ने हिस्सा लिया था। मोइत्रा ने गोवा में तीन मुद्दों पर बात की - मोल्लेम वन क्षेत्र में तीन रैखिक परियोजनाओं के लिए पर्यावरण का विनाश, कला अकादमी परियोजना का नवीनीकरण और पुराने गोवा के पुरातात्विक रूप से संरक्षित क्षेत्र में अवैध संरचना।



बीजे मेडिकल कॉलेज के रेजिडेंट डॉक्टरों ने अहमदाबाद में राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा स्नातकोत्तर एनईईटी पीजी काउंसलिंग 2021 को स्थगित करने के मद्देनजर डॉक्टरों द्वारा आहूत राष्ट्रव्यापी हड़ताल के दौरान विरोध प्रदर्शन किया

## दुनिया भर की लेखिकाओं का नया कहानी संग्रह जारी हुआ

**नई दिल्ली।** दुनिया भर की लेखिकाओं की 18 लघु कहानियां द पंच मैगजीन एंथोलॉजी ऑफ न्यू राइटिंग : सेलेक्ट स्टोरीज बाई वूमेन राइटर्स में बताया गया है कि किस तरह संस्कृति साहित्य का मार्गदर्शन करती है और नई जानकारियां देती है। पुस्तक का प्रकाशन नियोगी बुक्स ने किया है जिसका संपादन एवं प्रकाशन द पंच मैगजीन के संस्थापक एवं प्रकाशक शिरीन कादरी ने किया है। पुस्तक मे कश्मीर से केरल और वॉशिंगटन से लंदन एवं रोम तक की संस्कृति को दर्शाती कहानियां लोगों के अंदर एवं बाहर की चिंताओं एवं मानसिक व्यस्तताओं को सामने लाती है। कादरी ने पुस्तक के बारे मे कहा, लघु कहानियो ने हमेशा दुनिया भर के लेखकों को आकर्षित किया है। समकालीन लेखिकाओं के लघु कहानियो के इस संकलन मे दिखाया गया है कि किस तरह से वे जीवन की जटिलताओं एवं विरोधाभासों का विस्तार करती है।

## जासूसी के आरोप में गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस की विशेष इकाई ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप मे सीमावर्ती इलाके से एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि गिरफ्तार निबाब खां पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी कर रहा था। पुलिस महानिदेशक (खुफिया) उमेश मिश्रा ने यहां बताया कि जैसलमेर के चांदन से निबाब खां को गिरफ्तार किया गया है जो लंबे समय से आईएसआई के स्थानीय एजेंट के रूप मे काम कर रहा था। यहां जारी बयान के अनुसार आरोपी निबाब खां 2015 में पाकिस्तान यात्रा पर गया था। वह वहां आईएसआई के हैंडलर के संपर्क मे आया। उसे 15 दिन का प्रशिक्षण एवं 10000 रुपए दिए गए। भारत लौटने पर उसने जासूसी शुरू कर दी। इसके बाद भी वह दो-तीन बार और पाकिस्तान गया था।

## मप्र के 39 बंधुआ मजदूरों को पुलिस ने कोल्हापुर से छुड़ाया

**भोपाला,** राजगढ़ । महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले मे गन्ने के खेतो मे बंधुआ मजदूर के तौर पर काम कर रहे मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले के 39 लोगों को पुलिस ने मुक्त कराया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि एक ठेकेदार इन लोगों को एक माह पहले पड़ोसी राज्य के कोल्हापुर मे ले गया गया था लेकिन वहां पहुंचने के बाद से श्रमिकों को उनकी मजदूरी का भुगतान नही किया गया है। कुछ दिन पहले नरसिंहगढ़ के विधायक ने 39 बंधुआ मजदूरो के महाराष्ट्र के कोल्हापुर मे फंसे होने की सूचना दी थी।

## ओडिशा में कोरोना वायरस संक्रमण के 219 नए मामले, तीन की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा मे पिछले एक दिन मे कोरोना वायरस संक्रमण के 264 नए मामले सामने आए जिसके बाद कुल मामले बढ़कर 10,48,492 हो गए। स्वास्थ्य विभाग की ओर से शनिवार को जारी बुलेटिन मे यह जानकारी सामने आई। बुलेटिन के अनुसार, महामारी से तीन और मरीजों की मौत हो गई ।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Malka Deeba W/o. Mohammad Kafeel Akhtar, R/o. A-234/1, Chinoy Apartment, Thoker No.-7, Shaheen Bagh, Abul Fazal Enclave Part-II, Jamia Nagar, New Delhi-110025, have Changed my name to Malka Kafeel for all future purposes.

PD(9113)A

# बहुसंख्यकों के विचार से मेल खाने पर ही वाक स्वतंत्रता का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए

**भाषा।** नई दिल्ली



**कांग्रेस** नेता सलमान खुर्शीद की किताब के प्रकाशन, वितरण और बिक्री पर रोक लगाने की मांग करने वाली याचिका को खारिज करते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि बहुसंख्यकों के विचारों से मेल खाने पर ही अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए और असहमति का अधिकार जीवंत लोकतंत्र का सार होता है। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की पीठ उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें खुर्शीद की किताब सनराइज ओवर अयोध्या : नेशनहुड इन ओल्ड टाइम्स पर दूसरों की आस्था को चोट पहुंचाने का दावा किया गया था। न्यायमूर्ति वर्मा ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता समेत संविधान प्रदत अधिकारों को अप्रिय होने की आशंका के आधार पर प्रतिबंधित नहीं किया जा सकता या उनसे वंचित नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि अगर रचनात्मक आवाजों का गला घोंट दिया गया या बौद्धिक स्वतंत्रता को दबा दिया गया तो विधि के शासन से संचालित होने वाला लोकतंत्र गंभीर खतरे में पड़ जाएगा। अपने छह पन्नों के फैसले में न्यायाधीश ने वाल्टेयर का उद्धरण दिया, आप जो कह रहे हैं, मैं उससे बिलकुल भी इत्तेफाक नहीं रखता, लेकिन मैं अंतिम सांस तक आपकी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा करूंगा। उन्होंने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की पूरे जोश के साथ रक्षा की जानी चाहिए , जबतक कि वह संवैधानिक या वैधानिक पाबंदियों के तहत नहीं आता हो।

## सबरीमला यात्रा के लिए बच्चों की आरटी-पीसीआर जांच जरूरी नहीं : केरल

**भाषा।** तिरुवनंतपुरम

केरल सरकार ने कहा है कि सबरीमला तीर्थयात्रा में भाग लेने वाले बच्चों के लिए कोविड-19 की आरटी-पीसीआर जांच आवश्यक नहीं है। राज्य सरकार के 26 नवंबर के एक आदेश के अनुसार, बच्चों के साथ आने वाले माता-पिता और वयस्क यह सुनिश्चित करेंगे कि वे साबुन, सैनिटाइजर मास्क पास में रखें और सामाजिक दूरी, मास्क पहनने के नियमों का पालन करें। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि श्रद्धालुओं और सबरीमला में तैनात कर्मचारियों को 72 घंटों के भीतर की आरटी-पीसीआर जांच की नेगेटिव रिपोर्ट या टीके की दोनों खुराक लेने का प्रमाणपत्र रखना होगा। आदेश में कहा गया, सरकार यह भी स्पष्ट करना चाहती है कि बच्चों को आरटी-पीसीआर जांच के बिना सबरीमला तीर्थयात्रा पर जाने की अनुमति है। बच्चों के साथ आने वाले माता-पिता या वयस्क, बच्चों के स्वास्थ्य के मुद्दों के लिए जवाबदेह होंगे और उन्हें साथ में साबुन, सैनिटाइजर रखना होगा।

कश्मीर में न्यूनतम तापमान में सुधार के साथ लोगों को सर्दी से राहत

श्रीनगर। कश्मीर में ज्यादातर स्थानों पर न्यूनतम तापमान में सुधार हुआ है और श्रीनगर में तापमान जमाव बिंदु से ऊपर दर्ज किया गया जिससे लोगों को ठंड से कुछ राहत मिली। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। दक्षिणी कश्मीर के कोकेरनाग को छोड़कर घाटी के बाकी इलाकों में रात के तापमान में सुधार हुआ।

## राजाजी बाघ अभयारण्य में मालगाड़ी की चपेट में आने से हाथी के बच्चे की मौत

**ऋषिकेश।** राजाजी बाघ अभयारण्य के मोतीचूर रेंज में शुक्रवार देर रात एक मालगाड़ी की टक्कर में हाथी के बच्चे की मौत हो गई। वन अभयारण्य के निदेशक धर्मेश कुमार सिंह ने बताया कि इस टक्कर में हाथी के चार साल के बच्चे की मौत हो गई, यह घटना शुक्रवार देर रात लगभग डेढ बजे हुई। ट्रेन के चालक ने कुछ मीटर की दूरी पर हाथियों के एक झुंड को पटरी पर खड़ा देखा, जिसके बाद ट्रेन की गति धीमी की गई और हॉर्न बजाया गया। ट्रेन जब तक रूकी तब तक झुंड के ज्यादातर हाथी समय पर पटरी से उतर गए थे।

## शीतकालीन सत्र में कांग्रेस के साथ समन्वय में तृणमूल कांग्रेस को दिलचस्पी नहीं

**भाषा। कोलकाता**

**तृणमूल** कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में उसे कांग्रेस के साथ समन्वय करने में दिलचस्पी नहीं है , लेकिन वह जनता के हित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अन्य विपक्षी दलों के साथ सहयोग करेगी। तृणमूल कांग्रेस के एक नेता ने कहा कि पार्टी संभवत: कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा 29 नवंबर को बुलाई गई विपक्ष की बैठक में भी शामिल नहीं होगी। गौरतलब है कि तृणमूल कांग्रेस के इस बयान से पहले राज्यसभा में विपक्ष के नेता खड़गे ने कहा था कि शीतकालीन सत्र में कांग्रेस तृणमूल कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दलों के साथ समन्वय करेगी। दोनों पार्टियों के तनावपूर्ण संबंधों के बीच तृणमूल कांग्रेस ने कांग्रेस को सलाह दी है कि उसे उचित आंतरिक समन्वय स्थापित करना चाहिए और पहले अपने घर को ठीक करना चाहिए। पार्टी के फैसले की जानकारी रखने वाले तृणमूल कांग्रेस के नेता ने पीटीआई-भाषा को बताया, शीतकालीन सत्र में हमें कांग्रेस के साथ समन्वय में कोई दिलचस्पी नहीं है। कांग्रेस नेता पहले अपने बीच समन्वय स्थापित करें।

## इंजन में खराबी के कारण आपात स्थिति में नागपुर हवाई अड्डे पर उतरा विमान

**भाषा।** नागपुर

**बेंगलुरू से** 139 यात्रियों को पटना ले जा रहे गो फर्स्ट के एक विमान के इंजन में खराबी आ जाने के कारण शनिवार को उसे नागपुर हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतारा गया। इस संबंध में एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। विमान पूर्वाह्न सवा 11 बजे हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतरा। हवाई अड्डे के निदेशक आबिद रूही ने पीटीआई-भाषा को बताया, गो फर्स्ट की उड़ान के पायलट ने नागपुर एटीसी से संपर्क कर बताया कि विमान के एक इंजन में समस्या आ रही है और उसने नागपुर हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में विमान को उतारने का अनुरोध किया। चालक दल के सदस्यों के अलावा विमान में 139 यात्री सवार थे। रूही ने बताया, हमने इसे पूर्ण पैमाने पर आपातकाल घोषित करके सभी आवश्यक व्यवस्था की, जिसमें रनवे, दमकल, डॉक्टर, एम्बुलेंस उपलब्ध कराना और पुलिस के साथ समन्वय शामिल है। सौभाग्य से विमान सुरक्षित तरीके से उतरा।



पर्यटक आगरा में ऐतिहासिक ताजमहल का दीदार करते हुए

# खतरे की श्रेणी में डाले गए देशों से आने वाले यात्रियों को गुजरात पहुंचने पर करानी होगी कोविड जांच



**भाषा।** अहमदाबाद

**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा खतरे की श्रेणी में डाले गए देशों से आने वाले उन यात्रियों को गुजरात पहुंचने के बाद कोविड-19 संक्रमण की जांच करवानी होगी जिन्होंने पूर्ण टीकाकरण नहीं कराया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन के सामने आने पर दुनिया भर में फैली चिंता के बाद नौ देशों को खतरे की श्रेणी में डाला गया है।

## पुडुचेरी में कोविड-19 के 35 नए मामले

**पुडुचेरी।** पुडुचेरी मे शनिवार सुबह नौ तक पिछले 24 घंटे मे कोविड-19 के 35 नए मामले सामने आए है, जिसके बाद कुल संक्रमितो की संख्या बढ़कर1,28,860 हो गई। पुडुचेरी मे 326 मरीजो का उपचार चल रहा है। पुडुचेरी, कराइकल, माहे और यानम मे पिछले 24 घंटे मे किसी मरीज की मौत नही हुई, जिसके बाद कुल मृतकों की संख्या1,872 बनी हुई है। स्वास्थ्य विभाग के निदेशक जी श्रीरामुलु ने एक विज्ञप्ति मे बताया कि पिछले 24 घंटे मे 30 मरीज संक्रमण मुक्त हुए, जिसके बाद कुल स्वस्थ हुए लोगो की संख्या बढ़कर1,26,662 हो गई। विभाग ने अब तक टीके की 12,07,678 खुराक लोगों को दी है, इनमे 7,49,928 को पहली खुराक जबकि 4,57,750 लोगो को दूसरी खुराक दी गई।

## धारवाड़ मेडिकल कॉलेज में संक्रमितों की संख्या 281 हुई

**बेंगलुरु** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने धारवाड़ मेडिकल कॉलेज मे कोविड-19 रोगियो की संख्या 281 तक पहुंचने तथा कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन के खतरे को देखते हुए शनिवार को कुछ एहतियाती कदम उठाने के संकेत दिए। राज्य सरकार ने पहले से ही कुछ देशो से आने वाले यात्रियो के लिए दिशानिर्देश जारी किए है, जहां इस स्वरूप के मामले सामने आए है। इसका उद्देश्य वायरस के प्रसार को रोकना है। बोम्मई ने कहा, हमने धारवाड़, बेंगलुरु और बेंगलुरु ग्रामीण क्षेत्रों मे स्कूलो, कॉलेजों और छात्रावासों मे कोविड का प्रसार तथा पड़ोसी राज्य केरल मे मामलो मे वृद्धि देखी है।

## ओमीक्रोन स्वरूप : केरल सरकार ने एहतियात बरतने का आग्रह किया

**तिरुवनंतपुरम।** केरल सरकार ने रविवार को कहा कि कोरोना वायरस के नए स्वरूप, ओमीक्रोन की विदेशो मे मौजूदगी के मद्देनजर राज्य मे निगरानी कड़ी कर दी गई है लेकिन फिलहाल के लिए राज्य मे इसे लेकर चिंता की कोई बात नही है। स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज ने कहा कि राज्य केंद्र के दिशा-निर्देशो के अनुरूप सभी एहतियाती कदम उठा रहा है और सभी हवाई अड्डो पर निगरानी प्रक्रिया मजबूत की जाएगी।

## जेरक्टांग से मध्य जलडमरूमध्य के बीच सुबह छह बजे का काफिला बहाल हो : अंडमान के सांसद

**भाषा।** पोर्ट ब्लेयर

**अंडमान-निकोबार** द्वीप समूह के सांसद कुलदीप राय शर्मा ने केंद्रशासित प्रदेश के मुख्य सचिव से जेरकटांग से मध्य जलडमरूमध्य के लिए सुबह छह बजे के काफिले को बहाल करने और काफिले में वाहनों की संख्या बढ़ाने का आग्रह किया।

जेरकटांग से मध्य जलडमरूमध्य की यात्रा करनेवाले पर्यटक या लोगों को एक काफिले में पुलिस की रक्षा में जाना पड़ता है क्योंकि वाहन जारवा जनजाति आरक्षित क्षेत्र से होकर गुजरते हैं। मुख्य सचिव को लिखे पत्र में कांग्रेस सांसद ने शुक्रवार को कहा कि बारतांग द्वीप में पर्यटन उद्योग से जुड़े बेरोजगार युवकों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि जेरकटांग से सुबह आठ बजकर 30 मिनट से रवाना होने वाले काफिले में सिर्फ 90 वाहनों को जाने की अनुमति है, जिस वजह से बड़ी संख्या में पर्यटक यहां नहीं पहुंच पा रहे हैं।

## एसएमआईएमएस में सिक्किम के छात्रों के लिए 50 मेडिकल सीटें आरक्षित

**गंगटोक।** राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) ने सिक्किम मणिपाल आयुर्विज्ञान संस्थान (एसएमआईएमएस) में सिक्किम के छात्रों के लिए 50 और मेडिकल सीटों को मंजूरी दी है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में शीर्ष पर रहने वाले छात्रों का इस सीट पर नि:शुल्क दाखिला होगा और राज्य सरकार पाठ्यक्रम के सभी खर्चों का भुगतान करेगी। इस निर्णय के साथ ही राज्य कोटे के तहत आरक्षित सीटों की संख्या 80 हो गई। इससे पहले, स्थानीय छात्रों के लिए 30 सीटें आरक्षित थीं लेकिन उन्हें पांच साल के पाठ्यक्रम के लिए शुल्क जमा करना पड़ता था।

**In The Court of the II ADDL Senior Civil Judge and CJM at Mysuru, O.S. No. 619 of 2019**
**Plaintiff:** Sri P.Shankara Chari, son of Sri Puttachari, aged about 39years, residing at No. 196, 5th Cross, Siddalingeshwara Badavane, J.P. Nagar,Mysuru city
V/S
**Defendant : Sri T.S. Anand And others**
To, Mr. Hari Prasad, (defendant No.3) Regional Manager-Collection, India Bulls Housing Finance Ltd. M.62 & 63,1st Floor, Connaught Place, N.D.-01
**SUMMONS TO APPEAR IN PERSON**
Whereas, the Plaintiff has filed this suit for specific performance against the defendants. Hence, You are hereby summoned to appear in this court in person or by an advocate duly instructed & able to answer all the material questions in relation to the said suit or who shall be accompanied by some person able to answer all such questions and claims on 6/1/22 at 11 A.M. in the forenoon. Take notice that in default of your appearance on that day before mentioned, the suit will be heard and determined in your absence. Take summons that in default of your appearance on that day before mentioned, the suit will be heard and determined in your absence.
**Schedule:** Site property bearing no. 1264, situated at 3rd Stage, Dattagalli, Chamaraja Mohalla, Mysuru City measuring east to west 9 Meters north to south 6 meters in all 54sq.mtr with ground floor fully constructed, RCC laid & 3 ft. wall in th first floor Bounded
**East by: Road, West by: Site no. 1288, North by: Site no. 1265, South by: Site no. 1263**
**Given under my hand and seal of the court, this 23rd day Nov of 2021, by order of court.**
**A.S. Nataraj, B.Sc., LL.M., (Advocate), No. 116, 1st floor, Banumaiah Chowk, Mysore. 08212425148**

**PUBLIC NOTICE**
**Subject:** Plot bearing No. K-14, admeasuring around 502 Sq. Mt., situated in the area of Village Basai Darapur, New Delhi
WHEREAS Mr. Anand Swarup Gosain was the owner of Plot bearing No. K-14, admeasuring around 502 Sq. Mt., situated in the area of Village Basai Darapur, New Delhi.
WHEREAS the said Mr. Anand Swarup Gosain has died on 31.10.1984.
WHEREAS Mr. Krishan Kumar and Mr. Narender Kumar sons of the said Late Mr. Anand Swarup Gosain are the only legal heirs of the said Late Mr. Anand Swarup Gosain.
WHEREAS Mr. Krishan Kumar and Mr. Narender Kumar sons of the said Late Mr. Anand Swarup Gosain intend to apply for the transfer of the said property in their favour being the only legal heirs of the said Late Mr. Anand Swarup Gosain.
If any person is having any objection against the transfer of Plot bearing No. K-14, admeasuring around 502 Sq. Mt., situated in the area of Village Basai Darapur, New Delhi in favour of Mr. Krishan Kumar and Mr. Narender Kumar sons of the said Late Mr. Anand Swarup Gosain, he/she /they can submit objection in writing to the office of the undersigned, along with supporting documents within 07 days from the date of publication of this notice failing which the concerned Authority may sanction the mutation of the property as per the records & may not entertain subsequent claim, thereupon.
**Mr. Subash Bhat (Advocate)**
**Add: Trinity Legal Partners, C-401, The Courtyard, Nirvana Country, Sector 50, Gurgaon, Haryana.**
**subash.bhat@trinitylegalpartners.com**

**PUBLIC NOTICE**
The general Public is hereby informed that my client Pawan Kumar S/o Matu Ram R/o C-112, Yadav Nagar, Samai Pur, Delhi-42,have disowned/debarred his son namely Nitish Aggarwal (age 30 years) from all their moveable and immoveable properties due to their quarrelsome character and bad behaviour towards my client. My client shall not be at all responsible of any act done by them in what so manner in future.
**NAZIA PARVEEN**(Advocate)
13, Hargovind Enclave,
Bhartendu Harish Chandra Marg, ND-110092
Mobile: 9278993021

**PUBLIC NOTICE**
This notice is hereby given my client Vidya Educational and Charitable Trust that - M/s Presidium Educational and Charitable Trust (Regd.) cancelled the lease Deed and all the right of the land was executed in favour of owner of land Sumeru Vinimay Private Ltd. who further conferred all the right to run the educational Institution which was earlier in the name of 'Presidium' and situated at Bangla Road, Near KB Safai Floor Mills, Hissar, Haryana. Subsequently M/s Sumeru Vinimay Private Ltd. entered into Educational Collaboration agreement with Vidya Educational and Charitable Trust conferring all right of land and to run educational Institution. Vidya Educational and Charitable Trust will be absolute owner and in possession of school and start running their Institution in the name and style of 'Palladium School'. All the people/ vendor/ associate that in case, they have any claim or agreement with earlier society/company or any liabilities may be communicated in writing within the period of 10 days from notice alongwith documentary proof thereof otherwise all the negotiation will be complete without any reference to such claims and the claim, if any, shall be deemed to have been given up or waived. Vidya Educational and Charitable Trust will not be held liable or responsible for any act, Deficiency, offence, failure, liabilities, commitment of M/s Presidium Educational and Charitable Trust (Reg.) or M/s Sumeru Vinimay Private Ltd in any regard.
**HIMANSHU UPADHYAYA-ADVOCATE**
**F-3, Manish Metro, Plot-4, Pocket-5, Sector-12, Dwarka, New Delhi**

**Office Of Executive Engineer, Maintenance Division,**
**Uttrakhand Jal Sansthan**
**Lane No-1, Tarun Vihar, Mothrowala Road, Dehradun-248001**
**Phone No/Fax. 0135 2671940, E-mail - eemdujs@rediffmail.com**
Letter No- 3384/E-Tender notice/2021-22/ Date-27/11/21
**NATIONAL COMPETITIVE BIDDING**
इस कार्यालय के पत्रांक सं०-3252/E-Tender Notice/2021-22/Dated-18-11-2021 के क्रमांक सं0-01 गुमानीवाला क्रमांक सं0-04 खड़कमाफ एवं क्रमांक सं0-05 प्रतीतनगर पेयजल योजनाओं की निविदायें अपरिहार्य कारणों से निरस्त की जाती है।
शेष निविदायें यथावत रहेंगी।
अधिशासी अभियन्ता

कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता
**उत्तराखण्ड जल संस्थान,**
ऊधमसिंह नगर
पत्रांक : 1432/निविदा/2021-22 दिनांक: 25.11.2021
**अल्पकालीन निविदा सूचना**
एतद्द्वारा उत्तराखण्ड जल संस्थान, वृत्त-ऊधमसिंह नगर में पाईप लाईन कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदार/फर्मो से रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से निम्नलिखित कार्य हेतु मोहर बन्द निविदायें दिनांक **13.12.2021** के अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 3:30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, ऊधमसिंह नगर के कार्यालय कक्ष में उपस्थित निविदाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित निविदा शुल्क जमा कर दिनांक **29.11.2021** से दिनांक **11.12.2021** की सांय 5.00 बजे तक कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान ऊधमसिंह नगर से प्राप्त किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र डाक द्वारा मंगाये जाने पर रु0 100.00 अतिरिक्त डाक व्यय देना होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जीएसटी सहित) | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की श्रेणी | मद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गदरपुर ग्रामीण पेयजल योजना के अन्तर्गत मानू नगर मार्ग पर महतोश मोड़ से शहीद बलजीत सिंह चौक तक पाईप लाईन शिफ्टिंग कार्य। | 1000+180.00 =1180.00 | 19,200.00 | 60 दिन | "डी"/ उच्चतर | डिपोजिट वर्क |

शर्ते:-
1. निविदा के साथ रू0 100.00 के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर रू0 1.00 का रसीदी टिकट लगाकर दरों की वैधता न्यूनतम 90 दिन रहने का शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।
2. शासनादेश संख्या-121(1)/XXVII(7)21-32/2007 टी.सी. दिनांक 29.04.2021 के द्वारा धरोहर धनराशि से छूट प्रदान की गयी है, यदि किसी ठेकेदार द्वारा निविदा के साथ धरोहर धनराशि जमा नहीं की जाती है तो सम्बन्धित ठेकेदार को निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त अनुबन्ध से पूर्व कुल कार्य की 03 प्रतिशत धनराशि जमा किये जाने का घोषणा पत्र, रू0 100/- के स्टाम्प पेपर पर निविदा के साथ प्रस्तुत करना होगा।
3. निविदा प्रपत्र के लिफाफे पर कार्य का नाम अंकित करना अनिवार्य है।
4. निविदा बिक्री/खुलने की तिथि को किसी कारणवश अवकाश घोषित होने पर अगला कार्य दिवस मान्य होगा।
5. निविदा डाक द्वारा विलम्ब से प्राप्त होने पर विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
6. शेष शर्ते निविदा प्रपत्र के अनुसार मान्य होगी।

"जल संचय-जीवन संचय"
(आर0 के0 श्रीवास्तव)
अधिशासी अभियन्ता

# राज्यों के साथ कारोबार सुगमता के लिए अनुपालन के बोझ को कम करने का प्रयास

**भाषा।** नई दिल्ली



**वाणिज्य** एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि केंद्र सरकार राज्यों के साथ मिलकर देश में कारोबार सुगमता की स्थिति को बेहतर करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि अनुपालन की बोझिल लाइसेंसिंग और नवीकरण की प्रक्रिया को हटाने के लिए काम किया जा रहा है। गोयल ने शनिवार को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के आत्मनिर्भर भारत के लिए कारोबार सुगमता पर राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि उद्योग और सरकार को मिलकर अदालतों में लंबित वाणिज्यिक मुद्दों के हल के लिए काम करना चाहिए।

गोयल ने कहा, हम राज्यों के साथ मिलकर अनुपालन के थकाऊ बोझ को कम करने का प्रयास कर रहे हैं। हमारा प्रयास लाइसेंसिंग, नियामकीय और मंजूरियों की जरूरतों को कम करने और नवीकरण की प्रक्रिया को सुसंगत बनाने का है। आगे चलकर स्व-नियमन और स्व-प्रमाणन एक जरूरत बनने जा रहा है।

वाणिज्यिक विवादों के तेजी से निपटान पर गोयल ने कहा कि हम मध्यस्थता को एक पसंदीदा व्यवस्था बनाने का प्रयास कर रहे हैं जिससे हर कोई अदालतों का रुख नहीं करे। उन्होंने कहा कि सीआईआई के सदस्य कुछ शीर्ष वकीलों की सेवाएं ले सकते हैं और सरकार को यह समझ बनाने में मदद कर सकते हैं कि भारतीय प्रणाली के लिए क्या व्यावहारिक है।

उन्होंने कहा, कुछ नीतिगत बदलावों, ढांचागत बदलावों की जरूरत हो सकती है, कानून में कुछ संशोधनों की जरूरत हो सकती है, लेकिन कुछ चीजें मेरे नियंत्रण से बाहर है। इनमें रिट याचिकाएं शामिल हैं। मंत्री ने उद्योग से आग्रह किया कि वे नियामकीय अनुपालन पोर्टल और औद्योगिक लैंड बैंक पोर्टल पर जाएं और अपने सुझाव सरकार को दें। उन्होंने कहा, हम उचित कीमत पर औद्योगिक जमीन की तलाश कर रहे हैं। स्व-नियमन निश्चित रूप से नियम होना चाहिए। मैं उद्योग से कहूंगा कि वे पारदर्शिता और स्व-नियमन के लिए अपने सुझाव दें।

## गोयल ने रत्न, आभूषण क्षेत्र से निर्यात उत्पादों में विविधता पर ध्यान देने को कहा

**नई दिल्ली( भाषा )।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रत्न एवं आभूषण उद्योग से निर्यात उत्पादों के डिजाइन, उनमें विविधता और प्रयोगशाला में तैयार हीरे जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने को कहा है। उन्होंने कहा कि इससे निर्यात और रोजगार सृजन को बढ़ावा दिया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-अक्टूबर अवधि के दौरान इस क्षेत्र से निर्यात बढ़कर 23 अरब डॉलर हो गया है। उन्होंने रत्न और आभूषण विनिर्माण संघ के एक कार्यक्रम में कहा, आने वाले समय में चार बिंदुओं पर ध्यान दें। अच्छे डिजाइन का पेटेंट कराया जाना चाहिएअ निर्यात सामग्री में मोती, प्लैटिनम और फैशन आभूषण जैसी नई चीजें शामिल करेंअ फ्यूजन आभूषण के लिए अन्य देशों के व्यवसायों के साथ करार किया जाए और प्रयोगशाला में तैयार किए गए हीरे पर ध्यान केंद्रित किया जाए।



बेंगलुरु में शनिवार को बसवागुडी क्षेत्र के बाजार में मूंगफली की खरीदारी करतीं युवतियां

## हिंदुजा ने निजी बैंकों में प्रवर्तकों को 26% हिस्सेदारी के फैसले का किया स्वागत

**भाषा।** मुंबई

**हिंदुजा** समूह ने रिजर्व बैंक द्वारा निजी क्षेत्र के बैंकों में प्रवर्तकों को 26 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने की अनुमति देने के फैसले का स्वागत किया है। उल्लेखनीय है कि हिंदुजा ने पूर्व में इंडसइंड बैंक में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने की अनुमति के लिए केंद्रीय बैंक के पास आवेदन किया था। हिंदुजा की इकाई, आईआईएचएल मॉरीशस इंडसइंड बैंक की प्रवर्तक है।

उसने बैंक में अपनी हिस्सेदारी 15 प्रतिशत की पिछली सीमा से बढ़ाकर 26 प्रतिशत तक करने के लिए रिजर्व बैंक के पास आवेदन किया था। इसके अलावा हिंदुजा ने इस मामले में स्थिति साफ करने को भी कहा था कि क्योंकि उसके प्रतिद्वंद्वी कोटक महिंद्रा बैंक के प्रवर्तकों को अपनी हिस्सेदारी 26 प्रतिशत करने की अनुमति दी गई थी। हालांकि कोटक महिंद्रा को यह अनुमति रिजर्व बैंक को अदालतों में घसीटने के बाद मिली थी। आईआईएचएल के चेयरमैन अशोक हिंदुजा ने कहा, हमारा मानना है कि प्रवर्तकों को अधिक हिस्सेदारी की अनुमति खासकर ऐसे समय जब भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ने के लिए तैयार है, सभी हितधारकों के लिए फायदेमंद होगी।

इसमें नियामक, बैंकिंग संस्थान और उसके ग्राहक सभी शामिल हैं। रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को निजी क्षेत्र के बैंकों पर संशोधित दिशानिर्देश जारी किए। इन दिशानिर्देशों के तहत प्रवर्तकों को निजी क्षेत्र के बैंकों में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने की अनुमति दी गई है। हालांकि, पूर्व गवर्नरों सहित विभिन्न हलकों के विरोध के बाद कॉरपोरेट समूहों को बैंकों के स्वामित्व की अनुमति नहीं दी गई है। रिजर्व बैंक के आंतरिक कार्यसमूह ने इस बारे में सिफारिश की थी।

## ओडिशा में जेएसडब्ल्यू की 50 हजार करोड़ की परियोजना के लिए जनसुनवाई

**भाषा।** पारादीप

**ओडिशा** के जगतसिंहपुर जिले में जिंदल स्टील वर्क्स (जेएसडब्ल्यू) के प्रस्तावित एकीकृत इस्पात संयंत्र के लिए शुक्रवार को जन सुनवाई का आयोजन किया गया। जेएसडब्ल्यू ने 50,000 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से एक विश्वस्तरीय 1.2 करोड़ टन वार्षिक क्षमता वाले कारखाने, 900 मेगावॉट के बिजली संयंत्र और 3,000 एकड़ भूमि में एक खुद के इस्तेमाल (कैप्टिव) के बंदरगाह का प्रस्ताव रखा है। बंदरगाह शहर पारादीप के पास दक्षिण कोरियाई इस्पात कंपनी पॉस्को के स्थल को प्रशासन ने जेएसडब्ल्यू परियोजना की स्थापना के लिए चुना है। दक्षिण कोरिया की कंपनी एक विशाल इस्पात परियोजना लगाने की अपनी योजना को वापस ले चुकी है। जेएसडब्ल्यू ने इससे पहले इसी महीने जिला स्तर पर गडकुजंग, नुआगांव और ढिंकिया ग्राम पंचायतों में त्रिपक्षीय बैठकें की थीं।

## भारत को जलवायु लक्ष्यों को पाने के लिए मौजूदा नजरिए में बदलाव लाना होगा: फिच

● कहा, भारत कार्बन उत्सर्जन में कमी के साथ मजबूत आर्थिक वृद्धि को संतुलित करने की चुनौती का सामना कर रहा है

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** को वर्ष 2030 तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा निर्धारित जलवायु परिवर्तन के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए अपने मौजूदा नजरिए में बदलाव करना होगा। रेटिंग एजेंसी फिच इंडिया ने शुक्रवार को यह बात कही। प्रधानमंत्री मोदी ने सीओपी26 में घोषणा की थी कि भारत अपनी गैर-जीवाश्म ईंधन बिजली उत्पादन क्षमता को 5,00,000 मेगावॉट तक बढ़ाने के साथ अपनी ऊर्जा का 50 प्रतिशत नवीकरणीय स्रोतों से हासिल करेगा तथा कार्बन उत्सर्जन को एक अरब टन तक घटाएगा। फिच सॉलूशंस ने एक नोट में कहा, भारत वर्तमान में अपने कार्बन उत्सर्जन में कमी के साथ मजबूत आर्थिक वृद्धि को संतुलित करने की चुनौती का सामना कर रहा है। रेटिंग एजेंसी ने कहा, भारत को यदि अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करना है, तो उसे अपने वर्तमान नजरिए में पर्याप्त रूप से परिवर्तन करना होगा। वर्तमान स्थिति के आधार पर भारत अपने जलवायु उद्देश्यों को समय पर पूरा करने से काफी पीछे रह जाएगा। वर्ष 2020 तक देश के प्राथमिक ऊर्जा मिश्रण में कोयले, तेल और प्राकृतिक गैस का हिस्सा क्रमश: 55, 28 और सात प्रतिशत था।

## एयरटेल ने ग्राहकों को भ्रम से बचाने के लिए कुछ पैक पर अतिरिक्त डेटा लाभ कूपन वापस लिए

**नई दिल्ली( भाषा )।** भारती एयरटेल ने कुछ प्रीपेड प्लान पर ऐप के जरिए दिए जा रहे डेटा लाभ कूपन वापस ले लिए हैं। कंपनी ने कहा कि यह कदम उपभोक्ताओं के बीच विभिन्न प्लान की पेशकश को लेकर किसी भी भ्रम की स्थिति से बचने में मदद करेगा। दूरसंचार कंपनी ने वॉयस प्लान, अनलिमिटेड वॉयस प्लान और डेटा टॉप-अप सहित विभिन्न प्रीपेड प्लान के दरों में 20-25 प्रतिशत की बढ़ोतरी की घोषणा की थी और नई दरें शुक्रवार से लागू हो गईं। हालांकि, एयरटेल ने चुनिंदा पैक पर 500 एमबी के अतिरिक्त डेटा लाभ की पेशकश को जारी रखा है। एयरटेल के प्रवक्ता ने कहा, उद्योग में केवल ऐप के माध्यम से कूपन के रूप में कैशबैक या अतिरिक्त डेटा प्रदान करने का चलन है। हमने अपने ग्राहकों को किसी गलत तुलना की वजह से पैदा होने वाले भ्रम से बचाने के लिए ऐप में दिए जाने वाले कूपन ऑफर वापस ले लिए हैं।

## क्विक न्यूज

### आर के सिंह, नीतीश कुमार ने बिहार में दो बिजली इकाइयों को राष्ट्र को किया समर्पित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय बिजली मंत्री आर के सिंह और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी की बरौनी और बाढ़ में 1,160 मेगावॉट की क्षमता वाली दो बिजली इकाइयों को शनिवार को देश को समर्पित किया। बिजली मंत्रालय ने बयान में कहा कि 500 मेगावॉट क्षमता (250-250 गुना की दो इकाइयां) वाली एनटीपीसी के बरौनी ताप विद्युत केंद्र के दूसरे चरण और एनटीपीसी की बाढ़ अत्याधुनिक तापीय विद्युत परियोजना की पहली इकाई (660 मेगावॉट) को राष्ट्र को समर्पित किया गया। एनटीपीसी समूह की बिहार में स्थापित क्षमता 7,970 मेगावॉट है जबकि 1,980 मेगावॉट की क्षमता निर्माणाधीन है। बिजली क्षेत्र के विकास में तेजी लाने और बिजली की उपलब्धता एवं लागत दक्षता में वृद्धि के लिए बिहार सरकार ने दिसंबर, 2018 में बरौनी थर्मल ताप बिजली स्टेशन को एनटीपीसी लिमिटेड को सौंप दिया था।

### बाउंस ने बैटरी अदला-बदली ढांचा के लिए पार्कू के साथ भागीदारी की

**मुंबई।** किराए पर इलेक्ट्रिक स्कूटर उपलब्ध कराने वाली स्टार्टअप कंपनी बाउंस ने शनिवार को 10 शहरों में 3,500 से अधिक स्थानों पर बैटरी अदला-बदली ढांचा स्थापित करने के लिए पार्किंग समाधान मंच पार्कू के साथ भागीदारी की घोषणा की। बाउंस अगले महीने की शुरुआत में अपना पहला ई-स्कूटर इन्फिनिटी उतारने जा रही है। कंपनी ने कहा कि यह स्मार्ट ढांचा आवासीय सोसायटियों, प्रमुख पार्किंग स्थलों, मॉल, कॉरपोरेट कार्यालय आदि स्थानों पर उपलब्ध होगा, ताकि ग्राहक अपने बाउंस ऐप या पार्कू ऐप पर निकटतम अदला-बदली स्टेशन ढूंढ सकें। कंपनी ने कहा किए एक ईंधन स्टेशन की तर्ज पर काम करेंगे। बाउंस बैटरी अदला-बदली स्टेशनों में चार्ज की हुई बैटरियां उपलब्ध होगी जहां जाकर ग्राहक एक मिनट से भी कम समय में अपनी बैटरी को बदल सकते है। बाउंस ने कहा कि इस बुनियादी ढांचे के साथ ग्राहकों को स्कूटर के चार्ज होने की प्रतीक्षा नही करनी होगी और उन्हें बैटरी खत्म होने चिंता नही होगी।

### नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को सऊदी अरब से मिलेगा तीन अरब डॉलर का कर्ज

**इस्लामाबाद।** नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को सऊदी अरब से जल्द ही तीन अरब डॉलर का कर्ज मिलेगा। इस बीच, प्रधानमंत्री इमरान खान की अगुवाई में मंत्रिमंडल ने इस राशि को देश के केंद्रीय बैंक में रखने की सहमति दी है। जियो न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक सऊदी सरकार ने स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) में तीन अरब डॉलर का भंडार रखने का वादा किया था। समझौते के अनुसार, सहायता राशि एसबीपी के जमा खाते में एक साल तक रहेगी। आधिकारिक सूत्रों ने द न्यूज को बताया, एसबीपी ने सभी प्रक्रियाओं को अंतिम रूप दे दिया है और अब सब कुछ ठीक है और यह राशि अगले कुछ दिन में प्राप्त हो जाएगी। एक आधिकारिक दस्तावेज के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सऊदी अरब से तीन अरब डॉलर की सहायता राशि को एसबीपी में रखने को मंजूरी दे दी है। वित्त पर प्रधानमंत्री के सलाहकार के प्रवक्ता मुजम्मिल असलम ने कहा कि पाकिस्तान अगले 60 दिन में सिर्फ तीन स्रोतों से सात अरब डॉलर प्राप्त करने की उम्मीद कर रहा है।

### नोएडा में तीन दिन ऑप्टिकल मेला शुरू

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-62 स्थित एक्सपो सेंटर में शनिवार से तीन दिन का इंडिया इंटरनेशनल ऑप्टिकल मेला शुरू हुआ। इसका उद्घाटन उत्तर प्रदेश के नागर विमानन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता (नंदी) ने किया। इस अवसर पर भाजपा विधायक पंकज सिंह भी मौजूद रहे। मंत्री ने कहा कि देश में ऑप्टिकल उद्योग करीब 20,000 रुपए का है, लेकिन यह कारोबार पूरी तरह से चीन, जापान, दक्षिण कोरिया और यूरोप से आने वाले तैयार सामान पर निर्भर है। उन्होंने स्थानीय उद्योगपतियों से इस कारोबार को आत्मनिर्भर बनाने की अपील की। वही ऑप्टिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सुभाष बंसल ने कहा कि उत्पादन इकाई संचालित करने के लिए कच्चे माल से लेकर संयंत्र और मशीनरी पर आयात शुल्क अधिक है। इस कारण देश में यह क्षेत्र उद्योग के रूप में विकसित नही हो सका है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार कर नियमों में थोड़ा सा संशोधन कर दे, तो एक से दो साल में यह उद्योग 20 हजार करोड़ रुपए के आयात को बंद कर 10 हजार करोड़ का निर्यात शुरू कर सकता है।

### स्टार हेल्थ काआईपीओ 30 को खुलेगा

**मुंबई।** स्टार हेल्थ एंडएलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड कंपनी अपने आईपीओ से संबंधित अपनी बोली ऑफर 30 नवंबर 2021 को खोलेगी। ऑफर का प्राइस बैंड 870 से से 900 रु प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 16 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 16 इक्विटी शेयरो के गुणकों में बोली लगाई जा सकती है। ऑफ़र में 20, 000 मिलियन तक का फ्रेश इश्यू शामिल है। फ्रेश इश्यू और 58,324, 225 इक्विटी शेयर्स तक का ऑफर फॉर सेल शामिल है।

## जीएचसीएल तमिलनाडु में 500 करोड़ का निवेश करेगी सरकार के साथ समझौता

**चेन्नई ( भाषा )।** रसायन और कपड़ा कंपनी जीएचसीएल लिमिटेड तमिलनाडु में 500 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। उसने इस बारे में राज्य सरकार के साथ एक समझौता किया है। कंपनी ने शनिवार को यह जानकारी दी। जीएचसीएल (धागा प्रभाग) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एम शिवबालसुब्रमण्यम ने हाल ही में कोयंबटूर में आयोजित निवेश सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री एम के स्टालिन की उपस्थिति में इस बारे में समझौता ज्ञापन (एमओयू) दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया। जीएचसीएल ने कहा कि वह सिंथेटिक और सिंथेटिक मिश्रण वाले धागे का उत्पादन करने के लिए तिरुचिरापल्ली जिले के मणप्पराई इलाके में 40,000 रिंग स्पिंडल स्थापित करेगी। कंपनी राज्य के मदुरई जिले में 24 बुनाई मशीनों के साथ 40,000 अन्य रिंग स्पिंडल स्थापित करेगी ताकि 100 प्रतिशत सूती धागे और बुने हुए कपड़े का उत्पादन किया जा सके।

## लोकतांत्रिक देशों को इंटरनेट को सुरक्षित, जवाबदेह बनाने के बारे में सोचने की जरूरत: चंद्रशेखर

**नई दिल्ली( भाषा )।** इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने शनिवार को कहा कि लोकतांत्रिक देशों को इंटरनेट को लेकर सुरक्षा, विश्वास और जवाबदेही तय करने के बारे में सोचने की जरूरत है, क्योंकि इंटरनेट की कोई सीमा नहीं है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और भारतीय राष्ट्रीय इंटरनेट एक्सचेंज (एनआईएक्सआई) द्वारा आयोजित पहले भारत इंटरनेट गवर्नेंस फोरम (आईआईजीएफ) को संबोधित करते हुए चंद्रशेखर ने कहा कि भारत 80 करोड़ इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के साथ दुनिया में इंटरनेट इस्तेमाल के मामले में सबसे बड़े देशों में से एक है। उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े ग्रामीण ब्रॉडबैंड कार्यक्रम के साथ भारत में जल्द ही इंटरनेट पर एक अरब से अधिक लोग होंगे। चंद्रशेखर ने कहा, इंटरनेट और साइबर क्षेत्र के आकार को देखते हुए, जिसकी कोई सीमा नहीं है, उसे सहयोग की जरूरत है। दुनिया को इसके बारे में सोचने की जरूरत है, खासकर लोकतांत्रिक देशों और समाज को। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन प्रमुख उद्देश्यों के साथ डिजिटल इंडिया मिशन की शुरुआत की भारतीयों के जीवन को बदलने के लिए, डिजिटल उद्यमिता के साथ आर्थिक अवसरों का विस्तार करने के लिए और इंटरनेट सहित कुछ प्रौद्योगिकियों में रणनीतिक क्षमताओं को बढ़ाने के लिए, ताकि इंटरनेट का भविष्य उन देशों द्वारा संचालित किया जा सके जहां मुक्त समाज है, जो समान लोकतांत्रिक मूल्यों को साझा करता है और नागरिक अधिकारों का सम्मान करता है।

## पीएचडीसीसीआई का जीएसटी परिषद से कर दरों को युक्तिसंगत बनाने का आग्रह

**नई दिल्ली( भाषा )।** उद्योग मंडल पीएचडीसीसीआई ने जीएसटी परिषद से कर की दरों को युक्तिसंगत बनाने का आग्रह किया है। पीएचडीसीसीआई का कहना है कि मौजूदा जीएसटी दरें देश में मांग बढ़ाने और रोजगार सृजन की दृष्टि से अनुकूल नहीं हैं। पीएचडीसीसीआई के अध्यक्ष प्रदीप मुल्तानी ने कहा, हम सरकार से माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों को 5%, 10% और 15% के तीन प्रमुख स्लैब में रखने का आग्रह करते हैं। कुछ वस्तुओं को 28% के स्लैब में रखा जा सकता है। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि 12% के स्लैब में आने वाली वस्तुओं पर 10% और 18% के स्लैब में आने वाली वस्तुओं पर कर को घटाकर 15 प्रतिशत तक किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि 28% के ऊंचे स्लैब में उत्पादों की संख्या 25 से अधिक नहीं होने चाहिए।

## अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शुरू करने के फैसले पर पुनर्विचार करे सरकार

**भाषा।** मुंबई

**कोविड-19 के** नए वैरिएंट की चिंता के बीच ज्यादातर भारतीय चाहते हैं कि सरकार 15 दिसंबर से भारत आने-जाने वाली अंतरराष्ट्रीय यात्री उड़ानों के परिचालन की अनुमति के अपने निर्णय पर पुनर्विचार करे। एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है। यह सर्वेक्षण सरकार के अनुसूचित अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवाओं को फिर से शुरू करने के निर्णय के तुरंत बाद किया गया है। भारत आने-जाने वाली सभी अंतरराष्ट्रीय उड़ानें कोविड-19 महामारी के कारण मार्च, 2020 से ही बंद हैं। ऑनलाइन मंच लोकलसर्किल द्वारा किए गए सर्वेक्षण में 72 प्रतिशत भारतीय को कहना है कि सरकार को बोर्डिंग के साथ अधिक जोखिम वाले देशों से आने वाले अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए कोविड की आरटी-पीसीआर जांच रिपोर्ट को अनिवार्य करना चाहिए। लोकलसर्किल के अनुसार, सर्वेक्षण में 64 प्रतिशत भारतीयों ने अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को फिर से शुरू करने के सरकार के निर्णय को लेकर कहा है कि सुरक्षित रहना खेद महसूस करने से बेहतर है। वहीं 25 प्रतिशत भारतीयों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को फिर से शुरू करना महत्वपूर्ण है। इसके आलावा सर्वेक्षण में 11 प्रतिशत लोगों ने इस मामले पर अपनी कोई राय व्यक्त नहीं की। नागर विमानन मंत्रालय द्वारा जारी ताजा अधिसूचना के अनुसार, भारत के लिए और भारत से अनुसूचित अंतरराष्ट्रीय उड़ानें 15 दिसंबर, 2021 से फिर से शुरू होंगी। वही14 देशों को जोखिम श्रेणी के रूप में वर्गीकृत किया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना के नए स्वरूप को लेकर प्रोएक्टिव रहने की आवश्यकता जताई और संभावित खतरों के मद्देनजर अधिकारियों से अंतरराष्ट्रीय यात्रा प्रतिबंधों में ढील देने की योजना की समीक्षा करने को भी कहा।

# पेज एक का शेष

### पराली जलाना...

22) के तहत जोड़ा गया था। विधेयक में कहा गया है कि जैसा कि हम आजादी के 75वें वर्ष को आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं, सभी को समावेशी विकास और विकास के पथ पर एक साथ ले जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि एक कानून को निरस्त करने के लिए, एक नया कानून बनाना पड़ता है और इसमें एक विशिष्ट निरसन खंड जोड़ा जाता है। इसलिए, तीन कृषि कानूनों के लिए संशोधन विधेयक को किसी अन्य विधेयक की तरह ही संसद में पेश करना होगा। एक बार जब संसद के दोनों सदन विधेयक को पारित कर देंगे, तो राष्ट्रपति द्वारा इसकी पुष्टि की जाएगी और पिछला अधिनियम वापस ले लिया जाएगा। किसानों का मानना है कि सितंबर 2020 में पारित तीन कृषि कानूनों से बड़े निगमों को फायदा होगा और उनकी आजीविका को भारी नुकसान होगा। सरकार कृषि उपज की बिक्री, मूल्य निर्धारण और भंडारण के नियमों को शिथिल करने के लिए कानूनों को लागू करना चाहती थी। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि किसानों की मांग पराली जलाने को अपराध से मुक्त करने की भी थी। सरकार इस मांग पर सहमत हो गई है। आंदोलन के दौरान किसानों के खिलाफ मामले वापस लेने के संबंध में तोमर ने कहा कि यह राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में है। उन्होंने कहा कि मामलों की गंभीरता को देखते हुए राज्य सरकारों को फैसला करना होगा और मुआवजे का मुद्दा भी उन्हें ही तय करना होगा। उन्होंने कहा कि हर राज्य अपने प्रदेश के कानून के अनुसार फैसला करेगा। यह कहते हुए कि सरकार द्वारा तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने की घोषणा के बाद आंदोलन जारी रखने का कोई औचित्य नहीं है, तोमर ने कहा कि इसलिए मैं सभी किसान संगठनों से विरोध को नैतिक रूप से समाप्त करने और अपना बड़ा दिल दिखाने की अपील करता हूं। उन्हें वापस अपने घर लौटना चाहिए।

### किसानों का...

सांस ली है, क्योंकि उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब के महत्वपूर्ण विधानसभा चुनावों से पहले वह किसानों से टकराव नहीं चाहती और उन्हें शांत करने की पूरी कोशिश कर रही है। सरकार किसानों को रोकने के लिए बल प्रयोग करने का जोखिम नहीं उठा सकती थी। ऐसा होने पर राष्ट्रीय राजधानी में स्थिति खराब हो सकती थी। किसानों ने शनिवार को बैठक के बाद संसद तक मार्च टालने का फैसला किया। अब, किसान समूह अपनी मांगों पर सरकार की औपचारिक प्रतिक्रिया का इंतजार करेंगे और फिर आगे की कार्रवाई तय करने के लिए 4 दिसंबर को फिर से बैठक करेंगे। किसान नेता दर्शन पाल सिंह ने किसान समूहों की एक बैठक के बाद कहा कि किसान समूहों ने 29 नवंबर को अपना प्रस्तावित संसद मार्च अभी तक के लिए स्थगित करने का फैसला किया है, लेकिन आंदोलन अभी जारी रहेगा।

### ओमीक्रोन का...

जांच की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने अधिकारियों से सामने आ रहे नए साक्ष्यों को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय यात्रा प्रतिबंधों में ढील देने की योजना की समीक्षा करने को भी कहा। प्रधानमंत्री को देश में अनुक्रमण प्रयासों और फैल रहे कोरोना के स्वरूप का संक्षिप्त विवरण दिया गया। इस सिलसिले में उन्होंने निर्देश दिया कि जीनोम अनुक्रमण के नमूने अंतरराष्ट्रीय यात्रियों और समुदाय से नियमों के अनुसार एकत्र किए जाएं, उनकी आईएनएसएसीओजी (इंडियन सार्स-कोविड-2 कंसोर्टियम ऑन जिनोमिक्स) के तहत पहले से स्थापित प्रयोगशालाओं के नेटवर्क तथा कोविड-19 प्रबंधन के लिए चिह्नित शुरुआती चेतावनी संकेत के जरिए जांच की जाए। प्रधानमंत्री ने अनुक्रमण प्रयासों को बढ़ाने और इसे और अधिक व्यापक बनाने की आवश्यकता के बारे में बताया। बैठक के दौरान मोदी को टीकाकरण अभियान में प्रगति और हर घर दस्तक अभियान के तहत किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराया गया। पीएमओ के मुताबिक मोदी ने दूसरी खुराक का दायरा बढ़ाने का निर्देश दिया और कहा कि जिन लोगों को पहली खुराक मिली है, उन्हें दूसरी खुराक समय पर दिया जाना राज्यों द्वारा सुनिश्चित किए जाने की जरूरत है। प्रधानमंत्री को समय-समय पर देश में होने वाले सीरो-पॉजिटिविटी और सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रतिक्रिया में इसके प्रभाव के बारे में भी जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री ने अधिकारियों को राज्य और जिला स्तर पर उचित जागरूकता सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम करने का भी निर्देश दिया।

### दक्षिण अफ्रीका...

ओमिक्रोन के सामने आने के बाद लिया गया क्योंकि इस स्वरूप के अधिक संक्रामक होने की आशंकाएं हैं। उन्होंने कहा, विदेशों में कोरोना वायरस का खतरा बढ़ गया है इसलिए बाहर से आने वाले लोगों को जीनोम जांच से गुजरना होगा। महापौर ने कहा कि शाम में महानगरपालिका की बैठक होने वाली है। पेडनेकर अभी दिल्ली में हैं और उन्होंने कहा कि कोविड-19 की पिछली लहर पर नियंत्रण में आई कठिनाई के अनुभवों के आधार पर यह निर्णय लिया गया है।

### खराब वायु...

प्रदूषण को देखते हुए 13 नवंबर को सभी स्कूलों और कॉलेजों को 20 नवंबर तक बंद करने की घोषणा की थी, जबकि स्कूलों को 15 नवंबर से ऑनलाइन कक्षाएं संचालित करने की अनुमति दी गई। वायु गुणवत्ता में कोई सुधार नहीं होने पर सरकार ने फिर से 21 नवंबर से स्कूलों को बंद कर दिया था।

### सभी निर्माण...

कि और श्रमिकों को पंजीकृत करने के लिए सरकार विशेष शिविर लगाकर अभियान चलाएगी। दिल्ली में अभी 10 लाख निर्माण श्रमिक हैं, जिनमें से सात लाख रजिस्टर्ड है।

### अविवेकपूर्ण टिप्पणी...

आए हैं। इन मंचों ने सूचनाओं को लोकतांत्रिक बनाने के लिए अद्भुत काम किया है, फिर भी उनका एक स्याह पक्ष भी है। इनके द्वारा दी गई नाम उजागर न करने की सुविधा का कुछ शरारती तत्व फायदा उठाते हैं। यह पथ से एक भटकाव है, और मुझे उम्मीद है कि यह अल्पकालिक होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि इस तरह के घटनाक्रम के पीछे क्या वजह हो सकती है। उन्होंने कहा कि क्या हम एक स्वस्थ समाज की खातिर सामूहिक रूप से इसके पीछे के कारणों की जांच कर सकते हैं। न्याय पाने में खर्च होने वाले धन के मुद्दे पर उन्होंने कहा, हमारे जैसे विकासशील देश में, नागरिकों का एक बहुत छोटा वर्ग न्याय के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाने का खर्च वहन कर सकता है। उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि सभी लोगों की कानूनी सहायता और सलाहकार सेवाओं तक पहुंच बढ़े। कोविंद ने कहा कि यह एक आंदोलन या एक बेहतर संस्थागत तंत्र का रूप ले सकता है। राष्ट्रपति ने कहा, निचली अदालतों से लेकर उच्चतम न्यायालय तक, किसी सामान्य नागरिक के लिए शिकायत निवारण प्राप्त करना कठिन होता जा रहा है। कोविंद ने लंबे समय से लंबित मामलों की ओर इशारा करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि सभी हितधारक राष्ट्रीय हित को सबसे ऊपर रखकर कोई रास्ता निकालें। उन्होंने कहा कि वह जानते हैं कि इसके बारे में बहुत कुछ लिखा जा चुका है और इस मुद्दे के समाधान के लिए उचित सुझाव दिए गए हैं। राष्ट्रपति ने कहा, "फिर भी, बहस जारी है और लंबित मामलों की संख्या भी बढ़ती रहती है। अंतत:, शिकायत करने वाले नागरिकों और संगठनों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है।

### ऐसी स्थिति...

में अगर मुसीबत होती है तो हम सबको सोचना होगा। उन्होंने कहा कि विधायिका, न्यायपालिका, कार्यपालिका, समाज के सभी वर्गों को सोचना होगा क्योंकि देश संविधान के अनुसार चलता है। इस अवसर पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति एन वी रमण और उच्चतम न्यायालय तथा उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश उपस्थित थे। मंत्री की टिप्पणी सोमवार से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र से पहले आई है, जिसमें सरकार तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने के लिए एक विधेयक पेश करेगी। तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने की मांग एक साल से प्रदर्शन कर रहे लगभग 40 किसान संगठनों की प्रमुख मांगों में शामिल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 नवंबर को तीन कृषि कानूनों को वापस लेने की घोषणा करते हुए कहा था कि सरकार विरोध करने वाले किसानों को कानूनों के लाभों के बारे में नहीं समझा पाई। उन्होंने किसानों से धरना समाप्त करने और घर लौटने का भी आग्रह किया था।

# अफगानिस्तान के प्रमुख तालिबान नेताओं ने पाकिस्तानी मदरसे में की है पढ़ाई

**● दोनों आलोचक इसे जिहाद विश्वविद्यालय कहते हैं**

**भाषा।** पेशावर

**दारुल** उलूम हक्कानिया मदरसा पाकिस्तान के सबसे बड़े और पुराने मदरसे में से एक है और दशकों से पूरे क्षेत्र में हिंसा फैलाने में मदद करने के लिए इसके आलोचक इसे जिहाद विश्वविद्यालय कहते हैं। मीडिया में आई एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के किसी भी स्कूल से अधिक इस मदरसे में कई तालिबान नेता पढ़ाई कर चुके हैं। मदरसे के पूर्व छात्र अब अफगानिस्तान में महत्वपूर्ण पदों पर आसीन हैं। पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में स्थित मदरसे का अफगानिस्तान में व्यापक प्रभाव पड़ा है। मदरसा के पूर्व छात्रों ने तालिबान आंदोलन की स्थापना की और 1990 के दशक में अफगानिस्तान पर शासन किया।

द न्यूयॉर्क टाइम्स (एनवाईटी) में शुक्रवार को छपी रिपोर्ट के अनुसार, मदरसे ने तर्क दिया है कि तालिबान को यह दिखाने का मौका दिया जाना चाहिए कि वे अपने खूनी तरीकों से आगे बढ़ गए हैं क्योंकि उन्होंने पहली बार दो दशक पहले अफगानिस्तान पर शासन किया था। मदरसा के कुलपति राशिदुल हक समी ने एनवाईटी से कहा, दुनिया ने कूटनीतिक मोर्चे और युद्ध के मैदान दोनों पर अपनी जीत के माध्यम से देश को चलाने की उनकी क्षमताओं को देखा है। रिपोर्ट के मुताबिक सामी के पिता और सेमिनरी के दिवंगत चांसलर समीउल हक, जिनकी 2018 में इस्लामाबाद में उनके आवास पर हत्या कर दी गई थी, को तालिबान के जनक के रूप में जाना जाता है।

मदरसा मिराज: ए कंटेम्परेरी हिस्ट्री ऑफ इस्लामिक स्कूल्स इन पाकिस्तान के लेखक अजमत अब्बास ने कहा, तालिबान नेताओं की मातृ संस्था होने के नाते, हक्कानिया को निश्चित रूप से उनका सम्मान मिलता है। खबर में कहा गया है कि सिराजुद्दीन हक्कानी (41) इसके पूर्व छात्र हैं और उन्होंने तालिबान के सैन्य प्रयासों का नेतृत्व किया। अमेरिकी सरकार ने उनके सिर पर 50 लाख अमेरीकी डॉलर का इनाम रखा था और अब वह अफगानिस्तान के नए कार्यवाहक आंतरिक मंत्री हैं वहीं नए विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी और उच्च शिक्षा मंत्री अब्दुल बकी हक्कानी भी इसके पूर्व छात्र हैं। स्कूल प्रशासकों का कहना है कि न्याय मंत्री, अफगान जल और बिजली मंत्रालय के प्रमुख और कई गवर्नर, सैन्य कमांडर और न्यायाधीश भी हक्कानिया मदरसा से पढ़ाई कर चुके हैं। उन्होंने कहा, हमें गर्व महसूस होता है कि अफगानिस्तान में हमारे छात्रों ने पहले सोवियत संघ को तोड़ा और अब अमेरिका को भी बोरिया बिस्तर बांधकर भेज दिया। मदरसे के लिए यह सम्मान की बात है कि इसके स्नातक अब मंत्री हैं और तालिबान सरकार में उच्च पदों पर आसीन हैं। कई पूर्व छात्र हक्कानी नाम को गर्व के प्रतीक के रूप में अपनाते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि हक्कानी नेटवर्क का नाम मदरसे के नाम पर रखा गया है। यह तालिबान की सैन्य शाखा है।



ला-पेज (बोलिविया) में आयोजित की गई क्रिसमस परेड का एक दृश्य

## बाइडन ने देश की विभिन्न समस्याओं के लिए कोविड को जिम्मेदार ठहराया

**एपी।** वाशिंगटन

**अमेरिका** में महंगाई बढ़ रही है, उद्योग-धंधों की हालत खराब है, राष्ट्रपति जो बाइडन की राजनीतिक स्थिति भी प्रभावित हुई है और व्हाइट हाउस ने इन सभी समस्याओं के लिए कोविड-19 को जिम्मेदार ठहराया है। बाइडन की टीम देश की समस्या और उनकी राजनीतिक दिक्कतों के लिए महामारी को जिम्मेदार ठहरा रही है। व्हाइट हाउस का मानना है कि देश और बाइडन की राजनीति को पटरी पर लाने का एक ही उपाय है- देश में कोविड-19 पर नियंत्रण करना।

लेकिन कोरोना वायरस संक्रमण व्हाइट हाउस के लिए मुश्किल चुनौती साबित हो रहा है। पिछली गर्मियों में कोरोना को भगाने का दावा किया गया था, लेकिन वायरस का नया स्वरूप डेल्टा भयावह रूप में लौटा तथा सभी दावों को गलत साबित कर दिया। देश में स्थिति यह है कि लाखों की संख्या में अमेरिकी नागरिकों ने अब तक टीका नहीं लगवाया है और देश की अर्थव्यवस्था महामारी के वक्त पैदा हुई समस्याओं से जूझ रही है। इन सबके बीच अब कोरोना वायरस का नया स्वरूप ओमीक्रोन आ गया है। इसे लेकर स्वास्थ्य अधिकारी बेहद चिंता में हैं और नए सिरे से यात्राओं पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है, बाजार में भी दहशत का माहौल है। हालांकि, अर्थव्यवस्था पटरी पर लौट रही है, लेकिन अब भी तमाम ऐसे संकेत नजर आ रहे हैं कि महामारी खत्म होने के बाद भी कोविड अपना गहरा निशान छोड़ जाएगा। वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने थैंक्सगिविंग की छुट्टियों के दौरान शुक्रवार को करीब एक घंटे नानटुकेट में खरीदारी की और क्रिसमस ट्री को लाइट से सजाने के वार्षिक कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान बाइडन के साथ उनके कुछ पोते-पोतियां भी थे। बाइडन और उनका परिवार मैसाचुसेट्स द्वीप पर थैंक्सगिविंग की छुट्टियां बिता रहा है।

## मुंबई हमले के दोषियो को सजा देने में काफी देरी हो गई है: ब्लिंकन

**वाशिंगटन (भाषा)।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने 26।11 हमलों की 13वीं बरसी पर मुंबई वासियों की सहनशीलता की तारीफ करते हुए पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों द्वारा 2008 में किए गए नरसंहार के दोषियों को जल्द सजा देने की जरूरत पर जोर दिया। उल्लेखनीय है कि 26 नवंबर 2008 को लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकवादी समुद्री मार्ग से मुंबई पहुंचे थे और उन्होंने कई स्थानों पर अंधाधुंध गोलीबारी की थी, जिसमें 18 सुरक्षा कर्मियों समेत 166 लोगों की मौत हो गई थी। हमलों में मारे गए लोगों में छह अमेरिकी भी शामिल थे।

ब्लिंकन ने शुक्रवार को ट्वीट किया, मुंबई में 26।11 आतंकवादी हमले को हुए 13 साल बीत गए हैं। आज बरसी पर हम छह अमेरिकियों समेत सभी मृतकों को और मुंबई वासियों की सहनशीलता को याद करते हैं।

## सत्ता में आने पर कालापानी, लिंपियाधुरा व लिपुलेख को भारत से वापस लेंगे : ओली

भाषा। काठमांडू

**नेपाल** के पूर्व प्रधानमंत्री और मुख्य विपक्षी दल सीपीएन-यूएमएल के अध्यक्ष के पी शर्मा ओली ने शुक्रवार को वादा किया कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो वह भारत से कालापानी, लिम्पियाधुरा और लिपुलेख क्षेत्रों को बातचीत के जरिए वापस ले लेंगे। लिपुलेख दर्रा कालापानी के पास एक सुदूर पश्चिमी बिंदु है, जो नेपाल और भारत के बीच एक विवादित सीमा क्षेत्र है। भारत और नेपाल दोनों कालापानी को अपने क्षेत्र के अभिन्न अंग के रूप में दावा करते हैं। भारत उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के हिस्से के रूप में और नेपाल धारचूला जिले के हिस्से के रूप में इस पर दावा करता है।

काठमांडू से 160 किलोमीटर दक्षिण में चितवन में नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के 10वें आम सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए ओली ने दावा किया कि अगर उनकी पार्टी



सत्ता में वापस आती है तो वह भारत से बातचीत के माध्यम से लिम्पियाधुरा, कालापानी और लिपुलेख जैसे विवादित क्षेत्रों को वापस ले लेगी। उन्होंने कहा, हम बातचीत के जरिए समस्याओं के समाधान के पक्ष में हैं, न कि पड़ोसियों से दुश्मनी करके। ओली ने विश्वास जताया कि सीपीएन-यूएमएल अगले साल होने वाले आम चुनाव में सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत के रूप में उभरेगा। भारत द्वारा उत्तराखंड में लिपुलेख दर्रे को धारचूला से जोड़ने वाली 80 किलोमीटर लंबी रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सड़क आठ मई, 2020 को खोले जाने के बाद द्विपक्षीय संबंध तनावपूर्ण हो गए थे। नेपाल ने सड़क के उद्घाटन का विरोध करते हुए दावा किया था कि यह उसके क्षेत्र से होकर गुजरती है। कुछ दिनों बाद, नेपाल लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा को अपने क्षेत्रों के रूप में दिखाते हुए एक नया नक्शा लेकर आया। भारत ने इस कदम पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। अपने संबोधन में, ओली ने कहा कि उनकी पार्टी नेपाल की स्वतंत्रता और संप्रभुता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। इस बीच, उद्घाटन कार्यक्रम को विशेष अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा ने सभी राजनीतिक दलों से देश के विकास के लिए एक साथ आने और हाथ मिलाने का आग्रह किया।

## क्विक न्यूज

### ब्रिटेन में चार नई नदी पुनरुद्धार गंगा कनेक्ट शाखा की शुरुआत

**लंदन।** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनसीएमजी) और लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग ने नमामि गंगे नदी पुनरुद्धार एजेंडा के तहत भारत-ब्रिटेन सहयोग की कोशिशों के लिए यहां पर चार शाखाएं खोली हैं। ब्रिटेन में इस महीने की शुरुआत से ही गंगा कनेक्ट प्रदर्शनी चल रही है और इसका समापन इस सप्ताह लंदन स्थित इंडिया हाउस में लंदन, मिडलैंड, स्कॉटलैंड और वेल्स में गंगा कनेक्ट की शाखाओं की शुरुआत करने के साथ हुआ है। प्रत्एक शाखा में समन्वयक होगा जो वैज्ञानिकों, प्रौद्योगिकी कंपनियों, निवेशकों और समुदायों के सदस्यों सहित विभिन्न हित समूहों को नमामि गंगे कार्यक्रम से जोड़ेगा। गंगा नदी पुनरुद्धार प्रयासों के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए कार्यशाला और जन अभियान का आयोजन करेगा। लंदन में भारतीय उच्चायुक्त गायत्री इस्सार कुमार ने कहा, यह भारतीय समुदाय को सूचना देने और उन्हें इसमें शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए है। उन्होंने कहा, प्रदर्शनी ने हितधारकों, संभावित साझेदारों जैसे विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संगठनों और निजी क्षेत्र के साझेदरों में जागरूकता पैदा करने में योगदान दिया।

### ब्रिटेन में तूफान की चपेट में आने से कम से कम दो लोगों की मौत

**लंदन।** ब्रिटेन में इस साल की सर्दियों के पहले तूफान में लगभग 160 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलने से कम से कम दो लोगों की मौत हो गई है। मौसम विभाग ने इस तूफान को अर्वेन नाम दिया है। इंग्लैंड के उत्तरी हिस्से, स्कॉटलैंड और उत्तरी आयरलैंड मुख्य रूप से इस चक्रवात से प्रभावित हुए जिसकी वजह से सड़कें बंद करनी पड़ीं, ट्रेन देर से चल रही है, बिजली में कटौती हुई और समुद्र में उंची लहरों का सामना करना पड़ा। उत्तर पश्चिमी इंग्लैंड में कमब्रिया पुलिस ने कहा कि शुक्रवार को पेड़ गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। उत्तरी आयरलैंड में एक व्यक्ति की कार पर पेड़ गिरने से उसकी मौत हो गई।

### तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस दुर्घटनाग्रस्त, 19 की मौत

**मेक्सिको सिटी।** मध्य मेक्सिको में एक धार्मिक स्थल पर तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही एक बस दुर्घटनाग्रस्त होने से 19 लोगों की मौत हो गई और 32 अन्य घायल हो गए। सरकारी अधिकारियों ने बताया कि ऐसा लगता है कि शुक्रवार को बस चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और बस मेक्सिको प्रांत में एक इमारत से टकराई। बस पश्चिमी मिचोआकन से चलमा की ओर जा रही थी। रोमन कैथोलिक तीर्थयात्री सदियों से इस शहर में जाते रहे हैं। घायल यात्रियों की हालत के बारे में कोई सूचना नहीं मिली है।

### जुआघर चलाने के आरोप में सनसिटी के मालिक हिरासत में

**बीजिंग।** चीन के स्वायत्त क्षेत्र मकाउ की पुलिस ने शनिवार को यहां के सबसे बड़े जुआघर संचालक के मालिक और अन्य लोगों को हिरासत में ले लिया। मकाउ पुलिस ने यह कदम चीनी अधिकारियों द्वारा अंतर सीमा जुआ गिरोह चलाने के आरोप में इनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने के बाद उठाया। दुनियाभर में अपने जुआघरों के लिए मशहूर मकाउ में यह गिरफ्तारी चीन के पूर्वी प्रांत झीजियांग के वेझोउ के अभियोजकों द्वारा शुक्रवार को सनसिटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अल्विन चाए और एक अन्य व्यक्ति झांग निंगनिंग पर सीमा पार जुआ संबंधी गतिविधियां आयोजित कराने और पूरे चीन में जुआघर स्थापित करने के आरोप लगाने के बाद की गई।



## बुर्किना फासो में सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले छोड़े

**औगाडोउगोउ (भाषा)।** बुर्किना फासो में अलकायदा और इस्लामिक स्टेट से जुड़ी हिंसा को रोकने में सरकार की नाकामी से नाराज जनता ने शनिवार को राजधानी औगाडोउगोउ में प्रदर्शन के दौरान पथराव किया,जिसके बाद उन्हें काबू में करने के लिए सुरक्षाबलों को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। सैकड़ों की संख्या में प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे और राष्ट्रपति रोच मार्क क्रिश्चियन काबोरे के इस्तीफे की मांग की। राजधानी के केंद्र में प्रदर्शनकारियों की सुरक्षाबलों के साथ झड़प हुई और उन्हें काबू में करने के लिए सेना और पुलिस कर्मी सड़कों पर नजर आए, जिन्होंने जगह-जगह अवरोधक लगाए थे जबकि प्रदर्शनकारियों ने टायर में आग लगाकर और और पत्थरबाजी कर विरोध जताया। इसाक पैगबराम ने कहा, हम बुर्किना फासो को नहीं खोएंगे। हम देश की सुरक्षा के लिए सक्षम व्यक्ति को तैनात करेंगे। हम पहले ही अपना दो तिहाई भूभाग खो चुके हैं। कोई भी शांति से देश में नहीं घूम सकता है। हमें न कहना ही होगा। हम तबतक बैठ नहीं सकते जबतक कि जिहादी औगाडोउगोउ में हमारी हत्या करने नहीं आते।

## वाशिंगटन के एक मॉल में गोलीबारी, एक व्यक्ति घायल

**एपी।** टैकोमा (अमेरिका)

**वाशिंगटन** राज्य के टैकोमा स्थित मॉल में शुक्रवार को हुई गोलीबारी में कम से कम एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया और घबराए सैकड़ों लोग जान बचाने के लिए दुकानों के भीतर छिप गए। थैंक्सगिविंग के अगले दिन ब्लैक फ्राइडे पर खरादारी के लिए बड़ी संख्या में लोग टैकोमा मॉल में आए थे।

प्राधिकारियों ने बताया कि सिएटल के दक्षिण में स्थित टैकोमा स्थित मॉल के फूट कोर्ट (मॉल का ऐसा स्थान जहां रेस्तरां आदि होते हैं) के पास शाम करीब सात बजे के ठीक बाद गोलीबारी हुई। टैकोमा पुलिस ने बताया कि गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल हुए व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोलीबारी के तत्काल बाद मॉल को बंद कर दिया गया और खरीदारी करने आए लोग दुकानों के भीतर छुप गए।

## दक्षिण अफ्रीका से उड़ानें रद्द होने पर यात्री फंसे

**भाषा।** जोहानिस्बर्ग

**पारिवारिक** और व्यावसायिक यात्राओं पर दक्षिण अफ्रीका आए सैंकड़ों विदेशी नागरिक फंस गए हैं क्योंकि देश में कोविड-19 के नए स्वरूप ओमीक्रोन के सामने आने के बाद कई देशों ने यात्रा प्रतिबंध लागू कर दिए हैं। ब्रिटेन ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि दक्षिण अफ्रीका और पांच पड़ोसी देशों से आने-जाने वाली सभी उड़ानें शुक्रवार दोपहर से प्रतिबंधित रहेंगी।

देश ने वायरस के नए स्वरूप के सामने आने के बाद यह घोषणा की। कई अन्य देशों ने भी इस तरह के कदम उठाए और यह संकेत दिया कि सिर्फ उनके अपने नागरिक ही वापस लौट पाएंगे और वे भी पृथकवास में रहेंगे। नई दिल्ली में केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से दक्षिण अफ्रीका से सीधे या दक्षिण अफ्रीका, हांगकांग और बोत्सवाना से होकर आने वाले सभी अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की कड़ाई से जांच के आदेश दिए हैं। यात्रा प्रतिबंध पर प्रतिक्रिया देते हुए दक्षिण अफ्रीका के स्वास्थ्य मंत्री जो फाहला ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका पर यात्रा प्रतिबंध इस समय अनुचित है। न्यूज24 ने फाहला को यह कहते हुए उद्धृत किया, मैं दक्षिण अफ्रीका के लोगों और दुनिया के लोगों को बताना चाहता हूं कि कुछ प्रतिक्रिया अनुचित हैं। मैं खास तौर पर यूरोप के देशों, ब्रिटेन और कई अन्य देशों की प्रतिक्रियाओं के बारे में यह कह रहा हूं।

मुझे यह बताया गया है कि यूरोपीय आयोग के देश भी इस तरह की प्रतिक्रिया पर विचार कर रहे हैं। शुक्रवार को सरकार के आदेश के अनुसार विमानन कंपनियां भारत और दक्षिण अफ्रीका, हांगकांग और बोत्सवाना के बीच 15 दिसंबर से 50 फीसदी क्षमता के साथ परिचालन कर सकती हैं।

## मादक पदार्थों की तस्करी के दोषी भारतीय मूल के दो लोगों की मौत की सजा बरकरार

**भाषा।** सिंगापुर

**सिंगापुर** की सर्वोच्च अदालत ने मार्च 2016 में 1.34 किलोग्राम मादक पदार्थ की तस्करी की साजिश रचने का दोषी ठहराए गए भारतीय मूल के दो व्यक्तियों की मौत की सजा को बरकरार रखा है। अखबार द स्ट्रेट्स टाइम्स ने यह खबर दी। भारतीय मूल के मलेशियाई कमलनाथन मुनियांडी (27) और भारतीय मूल के सिंगापुरी नागरिक चंद्रू सुब्रमण्यम (52) ने अपराध में संलिप्तता और मादक पदार्थ की जानकारी होने से इनकार किया था। अपीलीय अदालत ने मामले में शामिल एक तीसरे व्यक्ति भारतीय मूल के मलेशियाई नागरिक प्रवीणाश चंद्रन (26) की अपील को भी शुक्रवार को खारिज कर दिया, जिसे मादक पदार्थ रखने के जुर्म में आजीवन कारावास और 15 बेंत मारने की सजा सुनाई गई थी। इससे पहले, उच्च न्यायालय ने पाया था कि प्रवीणाश मादक पदार्थ का मात्र वाहक था और अभियोजन पक्ष ने प्रमाणित किया था कि उसने मादक पदार्थों की तस्करी गतिविधियों को रोकने में मदद की थी। पांच मार्च, 2016 को कमलनाथन और प्रवीणाश दक्षिणी प्रायद्वीपीय मलेशिया को जोड़ने वाले मार्ग वुडलैंड्स चेकपॉइंट से होते हुए सिंगापुर पहुंचे। जब वे क्रांजी एमआरटी रेलवे स्टेशन पहुंचे तो प्रवीणाश के झोले में नशीले पदार्थ रखे गए थे। इसके बाद दोनों व्यक्ति पास की एक कॉफी शॉप में गए जहां कमलनाथन ने सुरेन नाम के एक व्यक्ति को बुलाया। बाद में वे क्रांजी रोड गए, जहां उन्होंने चंद्रू से संपर्क स्थापित किया, जिसने उन्हें पैसे और प्लास्टिक के खाली बैग दिए।

इन तीनों को अलग होने के तुरंत बाद सेंट्रल नारकोटिक्स ब्यूरो (सीएनबी) के अधिकारियों ने गिरफ्तार कर लिया। अदालत ने शुक्रवार को जारी एक फैसले में कहा कि मादक पदार्थ प्रवीणाश के झोले में पाए गए थे। द स्ट्रेट्स टाइम्स की खबर के अनुसार अपीलीय अदालत ने अपने फैसले में कहा कि इन तीनों की सजा को पलटने या उनकी अनिवार्य सजा को कम करने का कोई आधार नहीं है। मीडिया में आई खबरों के अनुसार, मादक पदार्थ से जुड़े एक अन्य मामले में भारतीय मूल का मलेशियाई मादक पदार्थ तस्कर पन्नीर सेल्वम प्रंथमान (34) मौत की सजा के खिलाफ अदालत में चुनौती पेश करने की अपनी अपील में विफल रहे। पन्नीर को 2017 में सिंगापुर में 51.84 ग्राम हेरोइन आयात करने का दोषी ठहराया गया था और अनिवार्य मौत की सजा सुनाई गई थी।

## जापानी प्रधानमंत्री ने रक्षा शक्ति बढ़ाने का लिया संकल्प

**तोक्यो (एपी)।** जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने शनिवार को अपनी पहली सैन्य समीक्षा में दुश्मन के अड्डे पर हमला करने की क्षमता हासिल करने सहित सभी विकल्पों पर विचार करने की अपनी प्रतिज्ञा को दोहराया और चीन तथा उत्तर कोरिया से बढ़ते खतरों के बीच देश की रक्षा के लिए एक मजबूत आत्मरक्षा बल बनाने की प्रतिबद्धता जताई। किशिदा ने कहा कि जापान के आस-पास सुरक्षा स्थिति तेजी से बदल रही है और वास्तविकता पहले से कहीं ज्यादा गंभीर हो गई है जब उत्तर कोरिया अपनी क्षमताओं को बढ़ाते हुए लगातार बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण कर रहा है और चीन सैन्य ताकत बढ़ाने के साथ ही क्षेत्र में हमलावर गतिविधियां बढ़ा रहा है। किशिदा ने ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स के सैकड़ों सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा, मैं आवश्यक रक्षा शक्ति को मजबूत करने के लिए तथाकथित दुश्मन के अड्डे पर हमला करने की क्षमता रखने सहित सभी विकल्पों पर विचार करूंगा। अक्टूबर में पदभार ग्रहण करने वाले किशिदा ने तोक्यो के उत्तर में मुख्य सैन्य अड्डा शिविर असाका में आयोजित आत्मरक्षा बल की टुकड़ी की समीक्षा में शनिवार को पहली बार शीर्ष कमांडर के तौर पर कार्य किया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, निरीक्षण के लिए लगभग 800 सैनिक एकत्र हुए।




टोक्यो (जापान) में ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स के कार्यक्रम के दौरान टैंक में सवार प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा

## गंभीर बीमारी और मृत्य से बचाने में मददगार है टीकाकरण

हमने सीखा है कि टीकाकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली प्रतिरक्षा समय के साथ कम हो जाती है और संक्रमण से उतनी रक्षा नहीं करती है लेकिन, गंभीर बीमारी और मृत्यु से बचाने में उपयोगी है। महामारी विज्ञान के विश्लेषणों में से एक यह देखना होगा कि कितने लोग बी.1.1.529 से संक्रमित हो चुके हैं। आशंका है कि बी.1.1.529 प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया से बच सकता है, जो बेहद निराशाजनक है। आखिर में, बी.1.1.1.529 के बारे में अब तक जो कुछ भी ज्ञात है वह इस बात पर प्रकाश डालता है कि गैर औषधीय क्वायद के साथ गंभीर कोविड-19 के खिलाफ सार्वभौमिक टीकाकरण अब भी हमारा सबसे अच्छा दांव है और यह आने वाली लहर के दौरान स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को सामना करने में मदद करने की दिशा में एक लंबा रास्ता तय करेगा।

### डॉक टॉक



डॉ. सुवर्णा

सलाहकार नियोनेटोलॉजिस्ट

रोजवॉक अस्पताल

## पालन-पोषण की मास्टर कला



इससे पहले कि आपका शिशु बोल सके, वह भूख या पेट भरे होने के लक्षण दिखाएगा। अपने बच्चे के भूख के लक्षणों को समझना महत्वपूर्ण है ताकि आप उसे उस वक्त भी स्तनपान करा सकें जब वह शांत दिखता हो। इस तकनीक को रेस्पॉन्सिव फीडिंग कहा जाता है।

यहां, आपको ऐसे किसी भी संकेत पर ध्यान देना चाहिए जो आपका शिशु दे सकता है और उसे तुरंत जवाब देना चाहिए। इस तरह के फीडिंग में आप बच्चे को सही ढंग से दूध पिलाती हैं और पिलाना बंद कर सकती है जब वह उनका पेट भर जाए। बच्चे के समग्र विकास व पोषण के लिए रेसपॉन्सिव फीडिंग या प्रतिक्रियाशील आहार बहुत महत्वपूर्ण है। आपको यहां केवल प्रदान करना है और बाकी, आपका बच्चा तय करेगा। भूख के किसी भी संकेत पर हमेशा नजर रखें। शिशुओं के पास अधिक सक्रिय या सतर्क होकर या जब वे अपनी आंखें खुली रखने की कोशिश करते हैं, तो यह आपको बताने का उनका अपना तरीका होता है। कुछ अन्य लक्षण हैं जब वे अपने हाथों को मुंह पर रखते हैं, अपने सिर को स्तन की ओर मोड़ते हैं, हाथों को मुंह और छाती की ओर अधिक खींचते हैं या जब आप उन्हें दूध पिलाने में देरी होने पर रोते हुए देखते हैं। रोता हुआ हर बच्चा भूखा नहीं रहता और जरूरी नहीं कि हर भूखा बच्चा रोए। हर बार जब बच्चा होठ मारता है तो इसका मतलब यह नहीं है कि बच्चा भूखा है। इसे पिछले स्तनपान और बच्चे के मूत्र उत्पादन के बीच के अंतराल के साथ सहसंबद्ध होना चाहिए। बच्चे में इस तरह की कार्रवाई, तुरंत या पिछले स्तनपान के डेढ़ घंटे के भीतर, अच्छे मूत्र उत्पादन के साथ, भूख को खत्म करती है। तभी इसे नजरअंदाज करना होगा।

**संकेत, कि बच्चे का पेट भरा हुआ है**

जब पेट भर जाता है, तो बच्चा आसानी से विचलित हो जाता है और अपना सिर स्तन से मोड़ लेता है। वे अपना मुंह भी बंद कर लेते हैं, अक्सर मुंह खोलते हैं, और चूसते समय धीमे हो जाते हैं। सबसे आम संकेत यह है कि वे अपने हाथों को आराम देते हैं, अपनी उंगलियां खोलते हैं, और फिर थूकने की कोशिश करते हैं। इसलिए इन संकेतों पर हमेशा नजर रखें।

**मिथक :** बच्चा भूखा है, स्तनपान अपर्याप्त है।

**हकीकत :** बच्चे के रोने की आखिरी वजह है भूख

ज्यादातर माताएं इस बात को लेकर असमंजस में रहती हैं कि जब उन्हें भूख नहीं है तो उनका बच्चा क्यों रो रहा है क्योंकि भूख बच्चे के रोने का आखिरी कारण होता है। लेकिन और भी कई कारण होते हैं जिनकी वजह से आपका बच्चा रोना शुरू कर सकता है। कुछ बच्चे बॉडी टच चाहते हैं, और वे चाहते हैं कि उनके माता-पिता उन्हें उठाएं। कभी-कभी असहज कपड़े या बहुत ज्यादा कपड़ों में लिपटा देना और गीले या गंदे डायपर रोने का कारण बन सकते हैं। जुकाम के दौरान सबसे आम कारण हैं। पलकों का झड़ना ज्यादातर आंखों में जलन पैदा करता है, या हो सकता है कि यह शिशु का पेट का दर्द हो।

**जब बच्चा रोए तो क्या करें?**

माता-पिता होने के दौरान के सबसे सामान्य प्रश्नों में से एक यह है कि जब बच्चा रोता है तो क्या करना चाहिए? आपको अलग-अलग उत्तर मिल सकते हैं, याद रखें, आपके बच्चे के साथ सब कुछ पूरी तरह से ठीक है। इसलिए जब आपका शिशु रोए तो घबराएं नहीं और गहरी सांस लें। कभी-कभी उन्हें ध्यान और प्यार की जरूरत होती है। आपका बच्चा भी नींद की कमी, शोर के कारण रो रहा होगा, बस आराम करें और असली जवाब खोजने की कोशिश करें। एक बच्चा जो बीच बीच में रोने के दौरान ठीक रहता है, अच्छी तरह से फलता-फूलता है, और शारीरिक जांच में कोई स्थानीय असामान्यता नहीं होती है, तो उसका आगे मूल्यांकन की आवश्यकता नहीं है। यदि आपका बच्चा बिना किसी कारण के रो रहा है, तो अपने बच्चे को त्वचा से त्वचा का पर्याप्त संपर्क दें और मां या परिवार के किसी सदस्य के साथ कंगारू देखभाल का अभ्यास करें। उसके बाद, बच्चे को ठीक से कपड़े पहनाना सीखें। बच्चे को बहुत कसकर न बांधें और आसपास के तापमान को ज्यादा गरम करने की कोशिश करें। गंदे नैपी को चेक करते रहें और स्किन केयर हाइजीन का अभ्यास करें। बंद नाक को साफ करने के लिए सेलाइन नेजल ड्रॉप्स का इस्तेमाल करें। अगर आपको लगता है कि आपका शिशु कहीं से गिर गया है, तो जांच लें कि कहीं कोई चोट तो नहीं लगी है। कोलिक निदान नहीं है। यह एक नैदानिक स्थिति है। यदि आवश्यक हो तो कृपया चिकित्सक से परामर्श लें। इसके लिए किसी भी घरेलू उपचार या हर्बल तैयारियों का प्रयोग न करें।


**अभ्यास मोती**

किसी भी बच्चे को रोने से रोकने की कोई दवा नहीं है। बोतल से दूध पिलाना हर रोने वाले बच्चे का जवाब नहीं होता। अपने बच्चे को समझने की कोशिश करें, गर्मजोशी और स्पर्श दें, और जब इसकी आवश्यकता हो। अंत में जरूरत पड़ने पर डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

### गर्म आहार



**गुड़ :** उत्तर भारत में गन्ने का उपयोग गुड़ बनाने में किया जाता है, पूर्व, पश्चिम और दक्षिण भारत में खजूर, नारियल या अन्य ताड़ के पौधों का उपयोग किया जाता है। यह हमारी खाने की परंपरा का आंतरिक हिस्सा है, भले ही आप भारत में कहीं से भी हों। बहुत से लोग यह नहीं जानते हैं कि गुड़, जिसे भेली के नाम से भी जाना जाता है, के कई स्वास्थ्य लाभ होते हैं। गुड़ में कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन, पोटैशियम और फॉस्फोरस की मात्रा अधिक होती है, जिसमें जिंक, कॉपर, थियामिन, राइबोफ्लेविन और नियासिन भरपूर मात्रा में होते हैं। अध्ययनों के अनुसार, गुड़ में बी विटामिन, कुछ पौधों के प्रोटीन और ढेर सारे फाइटोकेमिकल्स और एंटीऑक्सिडेंट होते हैं। सर्दी के मौसम में गुड़ खाने से कई फायदे मिल सकते हैं। इसे डाइट में शामिल कर सकते हैं।



विश्व स्तर पर इस स्थिति से पीड़ित सात में से एक व्यक्ति के साथ माइग्रेन एक सामान्य घटना बन गई है। डॉ. प्रवीण जैकब उन मिथकों की चर्चा करते हुए बताते हैं कि इस रोग से स्वाभाविक रूप से कैसे लड़ सकते हैं

## क्या हैं सिरदर्द के कारण ?

माइग्रेन - एक कष्टदायी सिरदर्द, जो मतली और प्रकाश व ध्वनि के प्रति संवेदनशीलता के साथ जुड़ा हुआ है - न केवल आपके नींद चक्र को बल्कि आपके जीवन की गुणवत्ता को भी बाधित करता है। विश्व स्तर पर इस स्थिति से पीड़ित सात में से एक व्यक्ति के साथ यह रोग काफी सामान्य घटना बन गया है। यह स्थिति आपको इतना असहाय बना देती है कि आप कष्टदायी दर्द को कम करने के लिए तैयार हो जाते हैं। दवाएं दर्द को प्रबंधित करने में मदद कर सकती हैं, और एंटीडिपेंटेंट्स और बीटा ब्लॉकर्स आवर्तक एपिसोड को रोकने में मदद कर सकते हैं। हालांकि, इन सभी विधियों के संभावित दुष्प्रभाव होते हैं, जिनमें मतली, अनिद्रा, उच्च रक्तचाप और दिल के दौरे शामिल हैं मगर नैदानिक अध्ययनों से पता चला है कि घरेलू उपचार पारंपरिक देखभाल की तुलना में अधिक प्रभावी दर्द से राहत प्रदान करते हैं।

**कारण**

अगर आपने अपने माइग्रेन के मूल कारण का पता लगा लिया है तो आधी लड़ाई जीत ली जाती है। निर्जलीकरण, उच्च रक्तचाप, गर्दन या कंधे में सख्त मांसपेशियां, भावनात्मक तनाव, कुछ दवाएं, पूरक या अन्य खाद्य पदार्थों की प्रतिक्रिया आदि माइग्रेशन के कुछ प्रमुख कारण हैं। यहां तक कि हेलिकोबैक्टर पाइलोरी, जिसे एच-पाइलोरी बैक्टीरिया के रूप में जाना जाता है, को माइग्रेन, अल्सर और पेट की अन्य समस्याओं के सबसे प्रभावी कारणों में से एक पाया गया है। इसलिए, माइग्रेन के लक्षणों का निदान करने के लिए प्राकृतिक उपचारों को अपनाना एक दवा-मुक्त तरीका है। ये घरेलू उपचार माइग्रेन को रोकने में मदद कर सकते हैं, या कम से कम उनकी गंभीरता और अवधि को कम करने में मदद कर सकते हैं।

**मिथक**

**वे सामान्य सिरदर्द की तरह हैं**

यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि सिरदर्द माइग्रेन का केवल एक लक्षण है। सिरदर्द के साथ-साथ, माइग्रेन भी मतली, प्रकाश के प्रति संवेदनशीलता, ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई, चक्कर, कमजोरी, उल्टी और चेतना की हानि का कारण बनता है।

**यह केवल वयस्कों को प्रभावित कर सकता है**

माइग्रेन बच्चों से लेकर बड़ों तक किसी को भी हो सकता है। यह 5 साल के बच्चे को प्रभावित कर सकता है। कष्टदायी सिरदर्द के अलावा, वे पेट में दर्द, चिड़चिड़ापन, प्रासंगिक भ्रम, गंभीर चक्कर आना, एकाग्रता में कठिनाई और अत्यधिक थकान का भी अनुभव कर सकते हैं।

**माइग्रेन के दौरान सिर के सिर्फ एक हिस्से में दर्द होता है**

माइग्रेन के सिरदर्द के लिए कोई निर्धारित पैटर्न नहीं है। यह या तो एकतरफा हो सकता है या वे पूरे सिर, या यहां तक कि सिर या गर्दन के पिछले हिस्से और कभी-कभी चेहरे को भी शामिल कर सकते हैं। माइग्रेन की चपेट में आने पर सभी मरीज उल्टी नहीं करते।

**महिलाओं को माइग्रेन होने का खतरा अधिक होता है**

महिलाओं को माइग्रेन होने की संभावना तीन गुना अधिक होती है, लेकिन पुरुष माइग्रेन से पीड़ित होते हैं। जहां 18-20 फीसदी महिलाएं माइग्रेन से पीड़ित होती हैं, वहीं 8-10 फीसदी पुरुष भी माइग्रेन से पीड़ित होते हैं। लेकिन वही स्पष्ट नहीं है।

**प्राकृतिक उपचार**

**स्वयं को अच्छी तरह से हाइड्रेटेड रखें**

यदि आप बिना दवा के माइग्रेन का इलाज करना चाहते हैं, तो आपको ढेर सारा पानी या इलेक्ट्रोलाइट पेय पीना चाहिए। जब आप अच्छी तरह से हाइड्रेटेड नहीं होते हैं, तो डिहाइड्रेशन के कारण अक्सर सिरदर्द हो सकता है। यदि आप इलेक्ट्रोलाइट पेय का चयन कर रहे हैं तो सुनिश्चित करें कि इसमें चीनी या रंग नहीं मिला है। अत्यधिक चीनी भी सिरदर्द को बढ़ा सकती है। विटामिन सी युक्त पेय लेना भी एक अच्छा विकल्प है।



डॉ. प्रवीण जैकब

वरिष्ठ सलाहकार, द लाइफकार्ट डॉट इन

**नियमित रूप से योग करें**

अध्ययनों से पता चला है कि योग सिर को नियंत्रित करने में कारगर हो सकता है। योग एक प्राचीन अनुशासन है जो श्वांस तकनीक और मुद्रा-संयोजन के माध्यम से दर्द प्रबंधन के प्रति एक समग्र दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है। इन आसनों व प्राणायाम का कोई साइड इफेक्ट नहीं है। एक प्रमाणित प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में प्रतिदिन दो बार व्यायाम करने से माइग्रेन के दर्द की गंभीरता कम होगी और भविष्य के हमलों के लिए तैयार होने में मदद मिलेगी।

**एक्यूपंक्चर को आजमाएं**

इस वैकल्पिक चिकित्सा तकनीक के माध्यम से दर्द और ऐसे अन्य लक्षणों से राहत प्रदान करने के लिए शरीर पर दबाव बिंदुओं की पहचान की जाती है। अध्ययनों ने एक्यूपंक्चर को पुराने सिरदर्द से पीड़ित लोगों के लिए विश्वसनीय वैकल्पिक चिकित्सा में से एक के रूप में श्रेय दिया है। यहां तक कि टपकते माइग्रेन के दर्द का सामना कर रहे मरीज, जिन्होंने एक्यूपंक्चरिस्ट के साथ सत्र का प्रयास किया है, वे भी एक्यूपंक्चर को माइग्रेन के दौरान दर्द से राहत के लिए सबसे सुरक्षित गैर-दवा विकल्पों में से एक होने की वकालत करेंगे।

**सचेत ध्यान:**

**एक प्रभावी रणनीति**

चिंतनशील ध्यान में एक पूर्वाग्रह-मुक्त मन के साथ वर्तमान क्षण पर ध्यान केंद्रित करना शामिल है। यह हर तरह से तनाव को कम करने में मदद करता है, जो माइग्रेन के सबसे सामान्य कारणों में से एक है। ध्यान और विश्राम जैसी समझदारीपूर्ण तकनीक कभी-कभी सिरदर्द को शांत कर सकती है और तनाव को कम कर सकती है।

**व्यायाम**

माइग्रेन के हमलों की आवृत्ति और तीव्रता को कम करने के लिए नियमित रूप से कुछ शारीरिक गतिविधि करने से मदद मिल सकती है।

**स्व-मालिश हो सकती है मददगार**

माथे, कंधों और सिर के पिछले हिस्से पर मालिश करने से सिरदर्द में मदद मिल सकती है। मसाज थेरेपिस्ट के साथ काम करने से गर्दन व कंधे के पुराने तनाव का समाधान हो सकता है जो सिरदर्द का कारण बन सकता है। आपके अंगूठे और तर्जनी के आधार के बीच स्थित एलआई-4 कंप्रेसर, जिसे हेगू भी कहा जाता है, पर दबाव डालने की हमेशा अनुशंसा की जाती है। यह दर्द और सिरदर्द से राहत दिलाने में मदद करेगा।

**प्राकृतिक माइग्रेन राहत किट**

प्राकृतिक माइग्रेन राहत किट ऑनलाइन उपलब्ध हैं और माइग्रेन व सिरदर्द से लड़ने और ठीक करने के लिए 100 प्रतिशत प्राकृतिक उपचार प्रदान करती हैं। काला जीरा, जीरा, चांदनी, अदरक, और पुदीना सहित स्वदेशी जड़ी बूटियों से बने इन हर्बल प्रोबायोटिक किट का उद्देश्य आंतों को आपके पेट में पनपने की अनुमति देकर सिरदर्द और दर्द को हल करना है।

## अपनी पीठ को मजबूत करें



चूंकि हम में से अधिकांश लोग इस वर्क फ्राम होम यानी घर से काम करने की व्यवस्था में लंबे समय तक काम कर रहे हैं, डॉ. शुभांग अग्रवाल हमें बता रहे हैं कि रीढ़ की देखभाल कैसे करें

जहां घर से काम करने के कई व्यक्तिगत और पेशेवर लाभ हैं, वहीं काम के दौरान आपकी खराब मुद्रा के कारण यह आपको रीढ़ की हड्डी से संबंधित समस्याओं के प्रति अतिसंवेदनशील भी बना रहा है। चूंकि हम में से अधिकांश इस नयी व्यवस्था में लंबे समय तक काम कर रहे हैं, असहज कुर्सी और काम के भीतर कोई ब्रेक नहीं होता है, और ये सभी कारण पीठ दर्द की वजह बन रहे हैं। हमारे घरों में जगह की कमी के कारण, आज के एर्गोनोमिक कार्यालय फर्नीचर को समायोजित करना मुश्किल है। इसलिए घर से काम करते समय अपने शरीर की मुद्रा का ध्यान रखना चाहिए। सुनिश्चित करें कि शरीर का कोई भी हिस्सा अजीब तरह से मुड़ा हुआ या झुका हुआ नहीं है। परिसंचरण को बढ़ावा देने के लिए समय-समय पर घूमना भी उतना ही आवश्यक है।

**आसन:** कोहनी और गर्दन से तनावमुक्त रखने के लिए व्यक्ति को अपनी मुद्रा का ध्यान रखना चाहिए। जब हम लंबे समय तक बैठते हैं, तो हमारी रीढ़ का एस-कर्व, सी-कर्व में बदल जाता है, जिससे आपकी मांसपेशियों, लिगामेंट्स और ऊतकों पर ज्यादा दबाव पड़ता है।

**अपनी सीट को समायोजित करें**

जब आप लैपटॉप पर काम कर रहे हों, तो अपनी सीट को समायोजित करना आवश्यक है ताकि यह आपकी आंखों के साथ-साथ आपकी पीठ के लिए भी आरामदायक हो। यदि आप डेस्कटॉप कंप्यूटर का उपयोग कर रहे हैं, तो आपकी आंखें आपकी स्क्रीन के शीर्ष से 3 इंच नीचे होनी चाहिए, या अपने लैपटॉप की स्क्रीन को 120 डिग्री पर झुकाएं। स्क्रीन कम से कम एक हाथ की दूरी पर होनी चाहिए। सुनिश्चित करें कि आप कछुए की तरह अपनी कुर्सी पर सीधे नहीं बैठे हैं या आगे नहीं झुक रहे हैं। अपनी कुर्सी पर वापस बैठते समय, आपके शरीर के कुछ वजन को पीछे की कुर्सी द्वारा सहारा दिया जा रहा है और आराम से अपने की-बोर्ड और माउस तक पहुंचने के लिए पर्याप्त पास बैठें।

**अपनी स्थिति बार-बार बदलें**

अपने काम में डूब मत जाएं। छोटे छोटे ब्रेक लें। इसके बजाय, हर 45-50 मिनट में उठने की कोशिश करें, भले ही यह सिर्फ कमरे में घूमने के लिए ही क्यों न हो। हर आधे घंटे के बाद खड़े हों, परिसंचरण को बढ़ावा देने और मांसपेशियों को आराम देने के लिए एक या दो मिनट के लिए बदन को खिंचाव दें और घूमें। आप एक गिलास पानी लेने के लिए चल भी सकते हैं या अपने लिए चाय या कॉफी बना सकते हैं। लेकिन अंत में खड़े होकर घंटों काम करने की कोशिश न करें। लंबे समय तक खड़े रहने से भी वैरिकाज नसों का खतरा बढ़ जाता है। हमारे शरीर में 360 जोड़ होते हैं और रक्त के उचित संचलन के लिए इन सभी को हिलने-डुलने की आवश्यकता होती है। इसलिए, स्ट्रेचिंग- ब्रेक महत्वपूर्ण हैं।

**मजबूत पीठ के लिए व्यायाम**

व्यायाम आपकी पीठ को मजबूत और सहारा देने में मदद कर सकता है। हर दिन 30 मिनट के लिए निर्धारित सैर आपकी पीठ के निचले हिस्से व आपकी रीढ़ को सहारा देने वाली मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए बहुत कारगर हो सकती है। व्यायाम को प्राथमिकता देने की जरूरत है। ऐसे कई बेहतरीन और प्रभावी घरेलू व्यायाम हैं जिन्हें आप बुनियादी घरेलू सामानों के जरिए कर सकते हैं। पीठ दर्द से राहत पाने के लिए आप ये कुछ आसान कदम उठा सकते हैं। याद रखें कि जितना अधिक आप तटस्थ मुद्रा में काम कर सकते हैं, और जितना अधिक आप घूम सकते हैं, रीढ़ की हड्डी में चोट लगने की संभावना उतनी ही कम होगी। लेकिन, अगर आप अभी भी ऐसे दर्द से जूझ रहे हैं जो आपके दैनिक जीवन में हस्तक्षेप करता है, तो किसी विशेषज्ञ से बात करने पर विचार करें।

**- लेखक हड्डी रोग व रोबोटिक जोड़ प्रतिस्थापन सर्जन और एनएचएस अस्पताल, जालंधर के निदेशक हैं।**

## रेडियोलॉजी और मेडिकल इमेजिंग का महत्व

**डॉ. संदीप शर्मा का कहना है कि प्राचीन काल से रेडियोलॉजी या डायग्नोस्टिक इमेजिंग ने रोग प्रबंधन में महत्वपूर्ण और केंद्रीय भूमिका निभाई है**

दिसंबर 2019 में, चीन ने वुहान में अज्ञात एटियलजि के एक तीव्र श्वसन-रोग के मामलों की सूचना दी, और कुछ सप्ताह बाद, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ)द्वारा इसे 11 मार्च 2020 को एक महामारी (एक बीमारी, जो आमतौर पर कई महाद्वीपों या दुनिया भर में प्रचलित एक संक्रामक प्रकृति) के रूप में घोषित करने के साथ कई अन्य देशों में इसका प्रकोप फैल गया।

वायरस -सार्स-कोव-2 जिसे आम तौर पर कोविड-19 या केवल कोरोनावायरस के रूप में जाना जाता है, जल्द ही हमारे अधिकांश जीवन में सबसे बड़ा स्वास्थ्य संकट बन गया और विश्व स्तर पर आधुनिक इतिहास में हमारी पीढ़ी की सबसे महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक घटना बन गया।

अनादि काल से, रेडियोलॉजी या डायग्नोस्टिक इमेजिंग ने रोग प्रबंधन में एक महत्वपूर्ण और केंद्रीय भूमिका निभाई है, जिसमें असंख्य रोगों के उपचार के तौर-तरीकों का पता लगाने, वे किस चरण में हैं और उन्हें परिभाषित करने के लिए उपलब्ध उपकरणों व तकनीकों का एक विस्तृत विकल्प दायरा उपलब्ध है।

हालांकि, कोविड-19 की शुरुआत होने से, इस घातक संक्रमण का जल्द पता लगाने और रोकथाम हेतु किसी भी विश्वसनीय और सटीक (पढ़ें : अत्यधिक विशिष्ट और अत्यधिक संवेदनशील) परीक्षण का अभाव था।

इमेजिंग परीक्षण का मूल्य उन परिणामों के उत्पादन से संबंधित है जो नैदानिक रूप से या तो निदान की स्थापना के लिए या मार्गदर्शन प्रबंधन, या ट्राइएज के लिए व्यावहारिक हैं।

यहां, बेसलाइन एक्स-रे और थोरैक्स या चेस्ट की हाई रेजोल्यूशन कंप्यूटेड टोमोग्राफी (एचआरसीटी) सहित छाती इमेजिंग की महत्वपूर्ण भूमिका एक अनदेखी इमेजिंग तौर-तरीके के रूप में स्पष्ट हो गई, जो गोल्ड स्टैंडर्ड आरटी पीसीआर परीक्षण की तुलना में अधिक संवेदनशील और विशिष्ट जांच है। (दुनिया भर में किए गए कई अध्ययनों के अनुसार)।

कोविड-19 में एचआरसीटी चेस्ट के निष्कर्ष जैसे ग्राउंड ग्लास ओपेसिटीज (जीजीओ), कंसोलिडेशन, क्रेजी पेवमेंट पैटर्न, सेप्टल थिकेनिंग आदि और सीटी सेवरिटी स्कोरिंग (सीटीएसएस) से पता चलता है कि कोविड-19 वायरस द्वारा फेफड़ों को कितना नुकसान हुआ है, एक वायरस जो मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करता है, जो चिकित्सकों को सटीक और बेहतर प्रबंधन के लिए अधिक विकल्प प्रदान करने के लिए एक उपयोगी उपकरण साबित हुआ - गंभीरता का निर्धारण, उपचार का मार्गदर्शन, जटिलताओं का प्रबंधन और विशेष रूप से कोविड- 19 के उच्च नैदानिक संदेह वाले रोगियों में उपचार प्रतिक्रिया का आकलन करना।

हालांकि, ग्रामीण संरचना में सीटी स्कैन मशीनों की अनुपलब्धता और कोविड रोगियों के लिए समर्पित मशीनें, मरीजों को मशीन या ढांचे में ले जाना, विशेष रूप से ऑक्सीजन सपोर्ट पर, मशीनों को कीटाणुरहित करने में कठिनाई और सख्त संक्र मण नियंत्रण प्रोटोकॉल का पालन करना, आदि इस इमेजिंग तकनीक में कमियों के रूप में सामने आया।

अन्य रेडियोलॉजी और इमेजिंग जांच जैसे कि चेस्ट एक्स-रे (बेडसाइड) ने पोर्टेबिलिटी का अतिरिक्त लाभ प्रदान किया और रोग की प्रगति का अध्ययन करने और विकिरण के न्यूनतम जोखिम के साथ उचित प्रबंधन का मार्गदर्शन करने हेतु आधारभूत छवियों की नवीनतम छवियों से तुलना करने का प्रावधान प्रदान किया।

माना जाता है कि चेस्ट एक्स-रे को ट्राइएज की एक विधि के रूप में उपयोग करना व्यस्त स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था में रैपिड टेस्टिंग किट की तुलना में अधिक बेहतर है। एक्स-रे और सीटी स्कैन सहित चेस्ट इमेजिंग भी नैदानिक रूप से प्रकट होने से पहले ही न्यूमोथोरैक्स, फुफ्फुस बहाव आदि जैसी जटिलताओं का पता लगाने में सहायता करते हैं। इसके अलावा, पुरानी फेफड़ों की बीमारी या कंजेस्टिव हृदय की विफ्लता जैसी अंतर्निहित सहवर्ती बीमारियों से अनजान रोगियों को इन स्थितियों के साथ पता लगाया जा सकता है और बेहतर प्रबंधन किया जा सकता है। इसलिए, रेडियोलॉजी या मेडिकल इमेजिंग कोविड-19 रोगियों के निदान और प्रबंधन में एक महत्वपूर्ण सहायक भूमिका निभाता है, विशेष रूप से सबसे गंभीर रूप से प्रभावित लोगों में।

आर्थिक रूप से, इस महामारी का हानिकारक प्रभाव पड़ता है और राजस्व का महत्वपूर्ण नुकसान होता है, क्योंकि दुनिया भर की सरकारों ने सभी अनाावश्यक सेवाओं को आंशिक रूप से या पूरी तरह से बंद कर दिया है।

इन उपायों के कारण सभी इमेजिंग स्कैन में महत्वपूर्ण कमी आई थी क्योंकि पूर्व-कोविड समय की तुलना में बाह्य मरीजों की मात्रा 10-20 प्रतिशत तक कम हो गई थी। इसके अतिरिक्त, इन दिशानिर्देशों का पालन करते हुए अल्ट्रासाउंड, रेडियोग्राफ, सीटी, एमआरआई और रेडियोलॉजिकल इंटरवेंशनल प्रक्रियाओं सहित सभी गैर-आकस्मिक बाह्य मरीज इमेजिंग स्कैन को स्थगित कर दिया गया, जिसके परिणामस्वरूप कम से कम 5-6 महीनों के लिए उप-सामान्य राजस्व में मुख्य रूप से सीमित तौर तरीकों वाले विशिष्ट केंद्र प्रभावित हुए।

**- लेखक एमआरआई इमेजिंग एंड डायग्नोस्टिक्स रेस सेंटर लिमिटेड के निदेशक व सीनियर रेडियोलॉजिस्ट हैं।**

# वक्त के बंधन में कभी बंधी नहीं : सुनिधि चौहान

**भाषा।** मुंबई

**जानी** मानी गायिका सुनिधि चौहान ने कहा कि संगीत जगत में उनका दो दशक लंबा करियर लगातार सीखते रहने का सफर रहा है। चौहान पिछली दो पीढ़ियों की सबसे तेजी से लोकप्रिय होने वाली कलाकारों में रही हैं जिनके गाए गाने आज भी संगीत चार्ट में सबसे ऊपर रहते हैं। पार्श्व गायिका ने कहा कि उन्हें लगता है कि जैसे यह कल की ही बात है, जब उन्होंने 1996 में 13 साल की उम्र में अपना करियर शुरू किया था, लेकिन जिस चीज ने उन्हें संगीत जगत में प्रासंगिक बनाए रखा है, वह है प्रयोग करने की उनकी इच्छा। चौहान ने पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में कहा, मुझे नहीं पता कि यह 25 साल कैसे बीत गए। ये शानदार रहे। मैंने आगे बढ़ने का हर तरीका सीखा। मैंने जब इस उद्योग में कदम रखा था, तब मुझे पता था कि मेरी जरूरत नहीं है। लोग उनके पास जो था, उससे खुश थे और उस वक्त कई दिग्गज गायक थे। उन्होंने कहा, लेकिन सौभाग्य से मुझे वह एक मौका मिला, जब किसी ने मुझ पर भरोसा किया और महसूस किया कि वे बदलाव, एक नई आवाज चाहते हैं और मैंने गाना शुरू किया। फिर एक अलग समय आया, जब संगीत बदलने लगा और लोग जिस तरह का संगीत सुनते थे, वह भी बदलने लगा। मैं हर बदलाव का हिस्सा रही हूं, जिसके लिए मैं शुक्रगुजार हूं। चौहान सिर्फ 13 साल की थीं, जब उन्होंने 1996 की फिल्म शास्त्र के लिए लड़की दीवानी



लड़की दीवाना गीत के साथ पार्श्व गायिका के रूप में अपने करियर की शुरुआत की। गायिका को उर्मिला मातोंडकर अभिनीत मस्त (1999) के साथ बड़ा ब्रेक मिला, जिसमें उन्होंने रुकी रुकी और मैं मस्त जैसे गाने गाए और इसके बाद फ़िज़ा का चार्टबस्टर महबूब मेरे गाया। चौहान 2000 के दशक में चमेली, धूम, ओंकारा, बंटी और बबली , रेस और लव आज कल जैसी फिल्मों में लगातार हिट के साथ सबसे लोकप्रिय पार्श्व गायकों में से एक के रूप में उभरीं। बीते एक दशक में, गायिका ने तेज गानों को गाने की अपनी खासियत बरकरार रखी, लेकिन धूम 3 से कमली , पीकू में शीर्षक गीत, राज़ी से ऐ वतन या पिछले साल की फिल्म दिल बेचारा से एआर रहमान की मसखरी जैसे अन्य गानों के साथ भी सफलतापूर्वक प्रयोग किया। 38 वर्षीय गायिका ने कहा कि उनकी कोशिश हमेशा वक्त के साथ चलते रहने की रही है। यूं तो उन्होंने हमेशा फिल्मों के लिए ही गाने गए हैं लेकिन अब वह स्वतंत्र संगीत की तरफ भी कदम बढ़ा रही हैं। गायिका ने खुलासा किया कि उन्होंने आइटम गीतों को अक्सर न कहा है क्योंकि वह नहीं चाहती कि लोग उन्हें सिर्फ ऐसे ही गानों के लिए पहचानें। यही कारण है कि डिज्नी प्लस हॉटस्टार की श्रृंखला दिल बेकरार में उन्हें जिस काम की पेशकश की जा रही थी, उसने उनका ध्यान खींचा। उन्होंने हितेश मोदक द्वारा रचित श्रृंखला के गीत ए प्यार मिलता है कहां के लिए अपनी आवाज दी है।



पणजी में फिल्म *नाइट फारेस्ट* की लेखिका कात्रिन मिल्हान को 52वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह में सम्मानित किया गया

# दुनिया भर की लेखिकाओं का जारी हुआ नया कहानी संग्रह

**भाषा।** नई दिल्ली

**दुनिया** भर की लेखिकाओं की 18 लघु कहानियां द पंच मैगजीन एंथोलॉजी ऑफ न्यू राइटिंग : सेलेक्ट स्टोरीज बाई वूमेन राइटर्स में बताया गया है कि किस तरह संस्कृति साहित्य का मार्गदर्शन करती है और नई जानकारियां देती है। पुस्तक का प्रकाशन नियोगी बुक्स ने किया है जिसका संपादन एवं प्रकाशन द पंच मैगजीन के संस्थापक एवं प्रकाशक शिरीन कादरी ने किया है। पुस्तक में कश्मीर से केरल और वॉशिंगटन से लंदन एवं रोम तक की संस्कृति को दर्शाती कहानियां लोगों के अंदर एवं बाहर की चिंताओं एवं मानसिक व्यस्तताओं को सामने लाती हैं। कादरी ने पुस्तक के बारे में कहा, लघु कहानियों ने हमेशा दुनिया भर के लेखकों को आकर्षित किया है। समकालीन लेखिकाओं के लघु कहानियों के इस संकलन में दिखाया गया है कि किस तरह से वे जीवन की जटिलताओं एवं विरोधाभासों का विस्तार करती हैं। इसमें हुमरा कुरैशी, अंजलि डोनी, अनिला एसके, गीता नायर जी., हेलेन हैरिस, मीना मेनन, मेहर पेस्टोनजी, जयश्री मिश्रा, लता अनंतरमन, रिनीता बनर्जी, रोशेल पोटकर, सारा रॉबर्टसन, शिल्पा रैना, टैमी आर्मस्ट्रांग, विनीता मोक्किल, वृंदा बलिगा और अमीता बल ने कहानियां लिखी हैं। वरिष्ठ कवि और गीतकार गुलजार ने भी पुस्तक की प्रशंसा की है।

# जाह्न्वी कपूर ने मिली की शूटिंग पूरी की

**भाषा।** मुंबई




**बॉलीवुड** अभिनेत्री जाह्नवी कपूर ने मिली की शूटिंग पूरी की और पहली बार अपने पिता के साथ काम करने का अनुभव साझा किया। जीवन में संघर्ष वाली इस फिल्म का निर्देशन मथुकुट्टी जेवियर ने किया है और यह 2019 की मलयालम फिल्म हेलन की रीमेक है। जेवियर ने मूल फिल्म का निर्देशन भी किया था। अभिनेत्री (24) ने शूटिंग खत्म करने के बाद शुक्रवार रात पहली बार अपने पिता के साथ काम करने के अनुभव के बारे में लिखा। उन्होंने लिखा, मिली की शूटिंग पूरी हो गई। पापा के साथ यह मेरी पहली फिल्म है, जिनके बारे में मैंने केवल एक निर्माता के रूप में कहानियां ही सुनी हैं। लेकिन अब मुझे यह समझ आ रहा है कि जब सभी कहते थे कि आप अपनी फिल्म में दिल और आत्मा दोनों देते हैं, तो उसका क्या मतलब होता था। इंस्टाग्राम पर इस पोस्ट के साथ उन्होंने कई तस्वीरें भी साझा कीं। मिली में अभिनेता मनोज पाहवा और सनी कौशल हैं।

# मैंने हार न मानना अपने परिवार से सीखा है : करण देओल

**भाषा।** मुंबई

**पल पल** दिल के पास से सिनेमा की दुनिया में कदम रखने वाले करण देओल ने कहा कि वह अपने काम को लेकर प्रतिबद्ध हैं और बेहतर अभिनेता बन रहे हैं। देओल की पहली फिल्म बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल नहीं कर पाई थी। देओल ने पल पल दिल के पास को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिलने के बारे में कहा कि इससे गुजरना काफी मुश्किल था। इस फिल्म का निर्देशन उनके पिता व अभिनेता से नेता बने सनी देओल ने किया था। हालांकि, अभिनेता ने कहा कि वह इस पड़ाव से आगे बढ़ चुके हैं और दादा धर्मेंद्र, बॉबी देओल और अभय देओल समेत परिवार के अन्य सदस्यों से उन्हें काफी प्रेरणा मिली क्योंकि ए ऐसे लोग हैं, जिन्होंने अपने जीवन में बुरे वक्त देखे हैं लेकिन हार कर बैठे नहीं। देओल ने पीटीआई-भाषा को बताया, पल-पल दिल के पास के परिणाम अच्छे नहीं थे। दुर्भाग्यवश मैं लॉकडाउन की वजह से काम पर वापस नहीं लौट पाया और बाकी



मुंबई में शनिवार को करण देओल को जन्म दिन पर आशीर्वाद देते उनके पिता सनी देओल

लोगों की तरह ही घर पर बैठा रहा। मैंने सोचा कि ऐसे समय में मुझे खुद पर और अपने शिल्प पर काम करना चाहिए और चीजों को छोड़ना नहीं चाहिए। अभिनेता (31) ने कहा कि उन्होंने सोचा कि करियर में उतार-चढ़ाव तो आते रहेंगे क्योंकि यही जिंदगी है। अभिनय से मुझे प्रेम है और मैं यही करना चाहता हूं। अभिनेता फिलहाल वेले के प्रचार में व्यस्त हैं। यह तेलुगु फिल्म ब्रोचेवारेववारुरा का रीमेक है और इसके निर्माण में अजय देवगन भी शामिल हैं।

# सिद्धार्थ मल्होत्रा ने धर्मा प्रोडक्शंस की योद्धा की शूटिंग शुरू की

**भाषा।** मुंबई



**अभिनेता** सिद्धार्थ मल्होत्रा ने धर्मा प्रोडक्शन की एक्शन फिल्म श्रृंखला की पहली फिल्म योद्धा की शूटिंग शुरू कर दी है। करण जौहर की प्रोडक्शन कंपनी और मल्होत्रा ने सेट से शूटिंग की तस्वीरें साझा कीं। मल्होत्रा ने इंस्टाग्राम पर शूट की तस्वीरें पोस्ट कीं। धर्मा प्रोडक्शंस के आधिकारिक हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा गया, लाइट्स, कैमरा और... एक्शनउ योद्धा की शूटिंग शुरू। फिल्म का निर्देशन नवोदित निर्देशक जोड़ी पुष्कर ओझा और सागर आंब्रे करेंगी। शशांक खेतान अपने बैनर मेंटर डिसिप्लिन फिल्म्स के जरिए इसका निर्माण भी कर रहे हैं। फिल्म 11 नवंबर, 2022 को रिलीज होने वाली है। योद्धा से पहले, मल्होत्रा ने धर्मा प्रोडक्शंस की कई फिल्मों में अभिनय किया है, जिसमें उनकी पहली फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर, हंसी तो फंसी, कपूर एंड संस और उनकी हालिया हिट फिल्म शेरशाह शामिल हैं।

# दुधवा में 20 से बाघों की गणना शुरू होने की संभावना

**भाषा।** लखीमपुर खीरी

**दुधवा** बाघ अभयारण्य (डीटीआर) में बाघों की गणना 20 दिसंबर से शुरू होने की संभावना है। डीटीआर के क्षेत्र निदेशक संजय पाठक ने पीटीआई-भाषा को शनिवार को बताया कि बाघों और अन्य जानवरों की गणना का कार्य पहले 20 अक्टूबर से शुरू होना था, लेकिन दुधवा में भारी बाढ़, बेमौसम बारिश और बनबसा बैराज से शारदा नदी में अप्रत्याशित रूप से पानी के भारी बहाव के कारण इसे स्थगित करना पड़ा। उन्होंने बताया कि बाघों के साथ-साथ जंगली हाथियों और अन्य मांसाहारी और खुर वाले जानवरों की संख्या का पता लगाने का कार्य 20 दिसंबर से शुरू होने की संभावना है। उन्होंने कहाकि राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के दिशा-निर्देशों के अनुसार गणना का काम दक्षिण खीरी वन मंडल के दुधवा, किशनपुर, दुधवा बफर जोन, मोहम्मदी



और गोला रेंज, कतर्नियाघाट (बहराइच) और पीलीभीत बाघ अभयारण्य (पीटीआर) में एक साथ किया जाएगा। पाठक ने बताया कि डेटा ऑपरेटरों का एक प्रशिक्षण सत्र 30 नवंबर को आयोजित किया जाएगा, क्योंकि इस साल गिनती का काम एक डिजिटल प्लेटफॉर्म ऐप के जरिए किया जाएगा और पहले की तरह मैनुएल (हाथ से) जानकारी नहीं भरनी होगी। उन्होंने कहाकि आंकड़ों की सटीकता और शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए, मास्टर प्रशिक्षकों (18 वन प्रभागों के 36 वन अधिकारियों) का प्रशिक्षण छह और सात दिसंबर को दुधवााकतर्नियाघाट में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहाकि ये मास्टर-प्रशिक्षक आकलन कार्य में सक्रिय रूप से लगे कर्मियों को प्रशिक्षण देंगे। उन्होंने कहाकि कैमरा ट्रैप और क्षेत्र पर सर्वेक्षण के माध्यम से आठ दिनों तक चलने वाले गणना के काम के लिए उपयुक्त स्थानों पर लगभग 2,600 कैमरे लगाए जाएंगे। इनमें दुधवा और कतर्नियाघाट के ब्लॉक की गिनती के लिए 1,340 कैमरे और शेष कैमरे अन्य ब्लॉक में लगाए जाएंगे। पाठक ने कहा, आठ दिनों तक आकलन कार्य जारी रहेगा और इस दौरान मांसाहारी, खुर वाले जानवरों और हाथियों का सर्वेक्षण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूआईआई) के विशेषज्ञों द्वारा क्षेत्र पर एकत्र किए गए आंकड़ों का बाद में सांख्यिकीय अध्ययन के माध्यम से विश्लेषण किया जाएगा, ताकि दुधवा और अन्य हिस्सों में बाघों की अनुमानित संख्या का पता लगाया जा सके। इससे पहले, 2021 में की गई बाघों की गिनती के अनुसार दुधवा बाघ अभयारण्य में बाघों की अनुमानित संख्या 107 है।

# वन अनुसंधान संस्थान पांच दिसंबर तक पर्यटकों के लिए बंद किया गया

**भाषा।** देहरादून

**वन अनुसंधान** संस्थान को एहतियात के तौर पर शनिवार से पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया है। कोविड-19 महामारी के मद्देनजर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी के पुराने छात्रावास को सूक्ष्म निषिद्ध क्षेत्र घोषित किए जाने के बाद उक्त कदम उठाया गया है। लखनऊ में प्रशिक्षण के बाद लौटे कुल 48 आईएफएस अधिकारियों में से बृहस्पतिवार को 11 की कोविड जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद पुराने छात्रावास को सूक्ष्म निषिद्ध क्षेत्र में बदल दिया गया है और सभी संक्रमित अधिकारियों को छात्रावास में ही पृथकवास में रखा गया है। यह छात्रावास वन अनुसंधान संस्थान के परिसर में स्थित है। एफआरआई के एक अधिकारी ने बताया कि एहतियात के तौर पर वन अनुसंधान संस्थान पांच दिसंबर तक पर्यटकों के लिए बंद रहेगा।

## दिग्गज गीतकार स्टीफन सोंडहेइम का निधन

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के दिग्गज गीतकार स्टीफन सोंडहेइम का निधन हो गया है। वह 91 वर्ष के थे। उन्होंने 20वीं सदी के उत्तरार्ध में जटिल तुकबंदी वाले गीतों, मंत्रमुग्ध करने वाली धुनों और असामान्य विषयों को सहजता से पेश करने की अपनी इच्छाशक्ति के जरिए अमेरिकी संगीत रंगमंच को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। डीसीकेओएंडएम के अध्यक्ष रिक मिरेमोंटेज ने सोंडहेइम के निधन की जानकारी दी। टेक्सास में रहनेवाले सोंडहेइम के अटॉर्नी रिक पैपस ने न्यूयॉर्क टाइम्स को बताया कि कनेक्टिकट के रॉक्सबरी में अपने आवास पर शुक्रवार को सोंडहेइम ने अंतिम सांस ली। उन्होंने कंपनी, फॉलीज और स्वीनी टॉड में अपने बेहतरीन काम के जरिए रंगमंच गीतकारों की कई पीढ़ियों को प्रभावित किया।

# उत्तराखंड के गाँव में नीचे की ओर खिसक रहे घर

## मानव बस्ती के लिए खतरा : विशेषज्ञ

**भाषा।** पिथौरागढ़

**जिले के** धारचूला उपमंडल में दारमा घाटी का पहला गाँव दार जमीन की सतह कमजोर होने के कारण धीरे-धीरे ढलान से नीचे की ओर खिसक रहा है और यह स्थिति मानव बस्ती के लिए खतरा है। जिला प्रशासन के आदेश पर गाँव का सर्वेक्षण करने वाले एक भूविज्ञानी ने यह बात कही है। गाँव का सर्वेक्षण करने वाले भूविज्ञानियों की टीम का नेतृत्व करने वाले प्रदीप कुमार ने शनिवार को कहा, गाँव में रहनेवाले कुल 150 में से कम से कम 35 परिवारों को तुरंत स्थानांतरित करने की आवश्यकता है क्योंकि वे जिन घरों में रहते हैं वे धीरे-धीरे ढलान से नीचे खिसक रहे हैं। उन्होंने कहा कि गाँव के नीचे की ओर खिसकने का कारण भूमिगत जल निकायों के नीचे की ओर रास्ता बनाने के अलावा सोबला-टिडांग मार्ग पर चौड़ीकरण का काम है जिसके परिणामस्वरूप उस भूमि की सतह कमजोर हो रही है, जिस पर गाँव स्थित है। कुमार ने कहा कि लगभग 200 साल पहले भूस्खलन के चलते ए जल निकाय कई टन मलबे में दब गए थे तथा ए धीरे-धीरे नीचे की ओर जा रहे हैं जिससे मिट्टी की ऊपरी परत और भी कमजोर हो गई है। उन्होंने कहा, "गाँव भूस्खलन के मलबे पर स्थित है और मिट्टी पहले से ही कमजोर है, जिसके नीचे कोई कठोर चट्टान नहीं है। कुमार ने कहा कि धारचूला और मुनस्यारी उपमंडलों के करीब 200 गांव सदियों से आसपास की पहाड़ियों में भूस्खलन के बाद जमा हुए मलबे पर स्थित हैं और भूस्खलन के लिहाज से ए अत्यधिक संवेदनशील हैं। दार गांव की प्रधान सविता देवी ने गांव के कुछ घरों के नीचे की तरफ खिसकने की शिकायत प्रशासन को पत्र लिखकर की थी। इसके बाद जिला प्रशासन ने प्रदीप कुमार के नेतृत्व में भूवैज्ञानिकों की एक टीम को गाँव में सर्वेक्षण के लिए भेजा था। ग्राम प्रधान ने कहा, खतरे से जुड़े इन घरों में रह रहे लोगों को तत्काल सुरक्षित स्थानों पर भेजे जाने की आवश्यकता है क्योंकि विपदा किसी भी समय आ सकती है। धारचूला के एसडीएम एके शुक्ला ने कहा कि भूवैज्ञानिकों की टीम से सर्वेक्षण रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्वाई की जाएगी।



मुंबई में शनिवार को बांद्रा में अपनी कार से उतरतीं अभिनेत्री नोरा फतेही

# सकारात्मक वृद्धावस्था के लिए मंत्रों को साझा किया गया

## नई किताब

**भाषा।** नई दिल्ली

**एक नई** किताब में जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी मशहूर हस्तियों, चिकित्सकों, कलाकारों, वकीलों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के रूप में सक्रिय रहे प्रख्यात लोगों की 50 कहानियां शामिल की गई हैं जो 75 साल से अधिक उम्र हो जाने के बाद भी समाज में किसी न किसी तरह से योगदान देते रहे हैं। मंत्राज फॉर पॉजिटिव एजिंग पुस्तक में इस मान्यता पर विचार किया गया है कि महामारी के बाद की दुनिया में इन लोगों के अनुभव की आवश्यकता है और संकलन अपने पाठकों से पूछता है कि जैसे-जैसे आपकी उम्र बढ़ती जाएगी, क्या आप आशावादी, युवा और ऊर्जावान बने रहने में रुचि रखेंगे? इनमें नेता कर्ण सिंह, मार्गरेट अल्वा और मणिशंकर अय्यर, लैंगिक अर्थशास्त्री देवकी जैन, वकील फली एस नरीमन, अभिनेत्री सुषमा सेठ और कार्यकर्ता सैयदा हमीद, सुभाषिनी अली, सुंदरलाल बहुगुणा, कमला भसीन और महात्मा गांधी की पोती तारा गांधी भट्टाचार्जी शामिल हैं। पिप्पा रन बुक्स एंड मीडिया द्वारा प्रकाशित यह पुस्तक, गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) गिल्ड ऑफ सर्विस की स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में लाई गई है और इसे संगठन की संस्थापक अध्यक्ष वी मोहिनी गिरि और कार्यकारी उपाध्यक्ष मीरा खन्ना ने सह-संपादित किया है। बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा ने इसकी प्रस्तावना लिखी है। उन्होंने इसमें कहा है कि पुस्तक में शामिल कई लेखक ऐसे दोस्त हैं जिन्हें मैं वर्षों से जानता हूं और हम एक साथ बड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि सभी के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम अपना जीवन सार्थक रूप से जिएं और दूसरों को नुकसान पहुंचाने से बचें। गिरि ने कहा, सभी लेखक परिवर्तन की तलाश में रहे हैं और आज हम उनकी ताकतों का जश्न मनाते हैं। समाज के लिए खासा योगदान देने में उनकी ताकत और... उन्हें यह साबित करने में मदद की है कि उम्र केवल एक संख्या है। यह संकलन इस संदेश के साथ है कि आसमान उनकी हद है और पृथ्वी का विशाल क्षेत्र उनके लिए खेल का मैदान रहा।

# अक्षर-अश्विन की फिरकी में फंसे कीवी

## पहला टेस्टः भारत ने न्यूजीलैंड पर शिकंजा कसा, 63 रन की बढ़त

**भाषा।** कानपुर

बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल के पांच विकेट की मदद से भारत ने पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को न्यूजीलैंड को पहली पारी में 296 रन पर आउट करके बढ़त ले ली हालांकि दूसरी पारी में मेजबान ने सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल का विकेट जल्दी गंवा दिया। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने पर भारत का स्कोर एक विकेट पर 14 रन था और कुल बढ़त 63 रन की हो गई है।

गिल दूसरे ही ओवर में एक के स्कोर पर काइल जैमीसन का शिकार हुए। चेतेश्वर पुजारा नौ और मयंक अग्रवाल चार रन बनाकर खेल रहे थे। तीसरे दिन का खेल भारतीय गेंदबाजों के नाम रहा। न्यूजीलैंड का स्कोर एक समय एक विकेट पर 196 रन था लेकिन बाद में नौ विकेट सौ रन के भीतर गिर गए। अक्षर ने दूसरे सत्र में उम्दा गेंदबाजी करते हुए न्यूजीलैंड को दबाव में ला दिया था। उन्होंने आखिरी सत्र में भी दो विकेट लिए। भारत को मैच में लौटाने का श्रेय वैसे उमेश यादव को जाता है जिन्होंने लंच से ठीक पहले केन विलियमसन को सस्ते में आउट करके मेजबान को राहत दिलाई थी। अक्षर ने 34 ओवर में 62 रन देकर पांच विकेट लिए। उन्होंने दूसरे सत्र में 13 रन के भीतर रोस टैलर (11), हेनरी निकोल्स (दो) और टॉम लाथम (282 गेंद में 95 रन) को पवेलियन भेजा। आखिरी सत्र में उन्होंने टॉम ब्लंडेल (13) और टिम साउदी (पांच) को बोल्ड किया। अश्विन ने 42.3 ओवर में 82 रन देकर तीन विकेट लिए। रविंद्र जडेजा ने रचिन रविंद्र (13) को आउट किया इससे पहले उमेश ने दूसरी नई गेंद से कामयाबी हासिल की और आफ स्टम्प पर जाती उनकी गेंद पर विलियमसन चकमा खाकर पगबाधा आउट हो गए। उन्होंने 64 गेंदें खेलकर 18 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने पहले सत्र में 68 रन जोड़े। सलामी बल्लेबाज विल यंग पहले टेस्ट शतक से चूक गए और 218 गेंद में 89 रन बनाने के बाद अश्विन का शिकार हुए। विलियमसन क्रीज पर आने के बाद से सहज नहीं दिखे। उन्होंने हालांकि रविंद्र जडेजा को दो चौके लगाकर दबाव कम करने का प्रयास किया। अश्विन ने यंग को स्थानापन्न विकेटकीपर श्रीकर भरत के हाथों लपकवाया। यंग और लाथम ने पहले विकेट के लिए 151 रन जोड़े। यंग ने अपने कैरियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेलते हुए 15 चौके लगाए। वहीं लाथम ने फ्रंटफुट पर शानदार रक्षात्मक खेल दिखाया और ढीली गेंदों को नसीहत भी दी। दूसरे सत्र में अक्षर ने शानदार गेंदबाजी की और बेहद खूबसूरत गेंद पर टेलर को आगे बढकर खेलने को मजबूर किया जिनका कैच विकेट के पीछे श्रीकर भरत ने लपका। निकोल्स स्वीप शॉट लगाने के प्रयास में पगबाधा आउट हुए। वहीं लाथम को भी आगे बढकर खेलने का खामियाता भुगतना पड़ा और भरत ने स्टम्पिंग करने में चूक नहीं की। पहले सत्र के दौरान अश्विन और अंपायर नितिन मेनन के बीच बहस भी हुई। इससे पहले अश्विन जब विलियमसन को गेंदबाजी कर रहे थे तो उनके फॉलोथ्रू को लेकर मेनन ने ऐतराज जताया। अश्विन फॉलोथ्रू में डेंजर एरिया में जा रहे थे और अंपायर ने उन्हें कई बार टोका। अंपायर का कहना था कि वह सामने आएंगे तो उन्हें फैसले लेने में दिक्कत होगी क्योंकि कुछ नजर नहीं आएगा। अश्विन और कप्तान अजिंक्य रहाणे से बात करने के बाद मामला सुलझ गया।




### स्कोरबोर्ड

**भारत पहली पारी** : 345 रन, न्यूजीलैंड पहली पारी : टॉम लाथम स्ट सब (केएस भरत) ओ अक्षर पटेल 95, विल यंग का सब (केएस भरत) बो अश्विन 89, केन विलियमसन पगबाधा बो यादव 18,रॉस टेलर का सब बो अक्षर पटेल 11, निकोल्स पगबाधा बो अक्षर पटेल 02,ब्लंडेल बो अक्षर पटेल 13, रविंद्र बो रविंद्र जडेजा 13,जैमीसन का अक्षर पटेल बो अश्विन 23, साउदी बो अक्षर पटेल 05,सोमरविले बो अश्विन 06,एजाज पटेल नाबाद 05, अतिरिक्त : 16 रन, कुल योग : 142.3 ओवर में सभी आउट : 296 रन,विकेट पतन : I-151, 2-197, 3-214, 4-218, 5-227, 6-241, 7-258, 8-270, 9-284 , गेंदबाजी : ईशांत 15-5-35-0, यादव 18-3-50-1, अश्विन 42.3-10 -82-3,जडेजा 33-10-57-1, पटेल 34-6-62- 5 भारत दूसरी पारी : मयंक नाबाद 4, गिल बो जैमीसन 1 , पुजारा नाबाद 9,अतिरिक्त : 0 , कुल योग : पांच ओवर में एकविकेट पर 14 रन, विकेट पतन :1-2, गेंदबाजी : साउदी 2-1-2 . 0, जैमीसन 2- 0- 8-1,पटेल 1-0 -4 -0

## खुद को सीमित ओवरों का विशेषज्ञ गेंदबाज के तौर पर कभी नही देखा थाः अक्षर

**कानपुर।** अपनी शुरूआती सात टेस्ट पारियों (चार मैच) में 32 विकेट झटकने वाले अक्षर पटेल ने कहा कि उनकी सफलता का राज, खेल में उनके कौशल का लुत्फ उठाना है और उन्हें टी20 विशेषज्ञ नहीं कहा जा सकता है। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में 62 रन देकर पांच विकेट लिए, जिससे भारतीय टीम मैच में वापसी करने में सफल रही। महज सात पारियों में उन्होंने पांचवीं बार पांच विकेट झटकने का कारनामा किया। उन्होंने भले ही स्पिनरों की मददगार पिचों पर गेंदबाजी की हो लेकिन यह किसी अविश्वसनीय उपलब्धि की तरह है। गुजरात के इस गेंदबाज ने कहा, जब भी मैंने प्रथम श्रेणी या भारत ए खेला हूं, मैंने अच्छा प्रदर्शन किया है। मैंने खुद को कभी भी सफेद गेंद (सीमित ओवर का प्रारूप) के विशेषज्ञ के रूप में नहीं देखा है। यह सब बातें दिमाग में होती है कि आप खुद को क्या समझते हैं। एक सफेद गेंद विशेषज्ञ या लाल गेंद (टेस्ट) विशेषज्ञ। मुझे हमेशा से यह विश्वास था कि जब भी मौका मिलेगा मैं अच्छा करूंगा।

## स्पिनरों से निपटने के लिए स्टीड को श्रेय दिया न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज यंग ने

**कानपुर।** न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज विल यंग ने शनिवार को भारत के खिलाफ कानपुर टेस्ट के तीसरे दिन बल्लेबाजी की मुश्किल परिस्थितियों में करियर की सर्वश्रेष्ठ 89 रन की पारी खेली और स्पिन खेलने की कला सिखाने के लिए अपने कोच गैरी स्टीड को श्रेय दिया। यंग (29 वर्ष) ने अपनी पारी के दौरान 14 बार गेंद सीमारेखा के पार कराई। उन्होंने कहा कि स्टीड के साथ अपने करियर के शुरूआती दिनों में की गई कड़ी मेहनत ने उन्हें स्पिन गेंदों का डटकर सामना करने में मदद की। उन्होंने यहां वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा, तीन या चार साल हो चुके हैं। मैंने उनसे कुछ साथी खिलाड़ियों के साथ भारत में स्पिन के खिलाफ बल्लेबाजी करने की कला के बारे में सीखा था। यंग ने कैंटरबरी क्रिकेट क्लब के साथ अपनी ट्रेनिंग की याद करते हुए कहा, एक समय ऐसा भी था जब गैरी और मैं करीब दो हफ्ते तक ट्रेनिंग कर रहे थे और इसमें से एक ड्रिल ऐसी थी कि मुझे फ्रंट पैड के बिना ही स्वीप करना था। उन्होंने कहा, यह गेंद स्वीप करने के बारे में था, वर्ना आपको चोट लग जाएगी। इसलिए गैरी ने मुझे यह बात बताई थी और हां, इस पर – स्वीप शॉट – काम जारी है। चोटिल डेवोन कोनवे की जगह टीम में शामिल किए गए यंग शतक से 11 रन से चूक गए। उनकी पारी रविचंद्रन अश्विन ने समाप्त की।

## क्विक न्यूज

### ग्लैडिएटर्स ने टी10 लीग में चौथी जीत दर्ज की

**अबुधाबी।** श्रीलंका के लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा के शानदार प्रदर्शन के दम पर डेक्कन ग्लैडिएटर्स ने अबु धाबी टी10 लीग मे चेन्नई ब्रेव्स को पांच विकेट से हराकर चौथी जीत दर्ज की। चेन्नई की टीम पहली पारी मे 57 रन ही बना सकी। हसरंगा ने दो ओवर मे नौ रन देकर तीन विकेट लिए। जवाब मे डेक्कन ने भी रन बनाने की हड़बड़ी मे शुरूआती विकेट गंवा दिए। खराब क्षेत्ररक्षण और कैच टपकाने का खामियाजा हालांकि चेन्नई को भुगतना पड़ा। डेविड वीसे और आंद्रे रसेल ने छठे ओवर मे डेक्कन को लक्ष्य तक पहुंचा दिया।

### भारतीय टीम का दक्षिण अफ्रीका दौरा होगा : बेहार्डिएन

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व हरफनमौला फरहान बेहार्डिएन को उम्मीद है कि नए कोरोना वायरस वैरिएंट के कारण भारतीय टीम का अगले महीने का दौरा रद्द नही होगा क्योंकि उनके देश के युवा क्रिकेटरों को इस श्रृंखला की बहुत जरूरत है। भारतीय टीम को जोहानिसबर्ग, सेंचुरियन, पार्ल और केपटाउन मे तीन टेस्ट, तीन वनडे और चार टी20 मैच खेलने है। नए कोरोना वैरिएंट के चलते दौरा खटाई मे पड़ता दिख रहा है। बीसीसीआई का कहना है कि श्रृंखला पर कोई भी फैसला सरकार की सलाह के आधार पर लिया जाएगा।

### रितु एमएमए फाइनल में फेयरटेक्स का सामना करेंगी

**नई दिल्ली।** भारत की पूर्व पहलवान रितु फोगाट तीन दिसंबर को वन विमेंस एटम वेट (48 किग्रा वर्ग) वर्ल्ड ग्रां प्री चैपियनशिप (मिक्स्ड मार्शल आर्ट) फाइनल मे किक-बॉक्सिंग विश्व चैपियन थाईलैड की स्टैम्प फेयरटेक्स से भिड़ेगी। फेयरटेक्स मॉय थाई की पूर्व विश्व चैपियन भी है। मॉय थाई भी मार्शल आर्ट का एक रूप है जिसकी उत्पत्ति थाईलैंड मे हुई थी। इसे आठ अंगो की कला कहा जाता है। विश्व रैकिंग मे चौथे स्थान पर काबिज रितु ने कहा कि वह सिंगापुर इंडोर स्टेडियम मे 48 किग्रा वर्ग के अपने आगामी मुकाबले की तैयारी मे कोई कसर नही छोड़ रही है।

### इटली और पुर्तगाल विश्व कप प्लेआफ में एक ही ड्रा में

**जिनेवा।** कतर मे 2022 मे होने वाले फुटबॉल विश्व कप मे या तो इटली की टीम खेलेगी या क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल टीम। मौजूदा यूरोपीय चैम्पियन इटली और पूर्व चैम्पियन पुर्तगाल को शुक्रवार को निकाले गए प्लेआफ ड्रॉ में एक ही वर्ग मे रखा गया है यानी एक का बाहर होना तय है। इटली को मार्च मे प्लेआफ सेमीफाइनल मे नॉर्थ मेसेडोनिया से खेलना है।इसके विजेता का सामना विश्व कप मे जगह बनाने के लिए पुर्तगाल या तुर्की से होगा।

### वॉन ने रफीक को आहत करने पर माफी मांगी

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेट कप्तान माइकल वॉन ने काउंटी क्लब यॉर्कशर के प्रतिनिधित्व के दौरान नस्लवादी टिप्पणी करने से इनकार किया लेकिन इस मामले मे आहत हुए अजीम रफीक से माफी मांगी। रफीक के आरोपो के बाद नस्लवाद को लेकर इंग्लैंड क्रिकेट सुर्खियो मे है और इस मामले के बाद बीबीसी ने वॉन को अपने एक कार्यक्रम से बाहर कर दिया।

अदिति संयुक्त 22वे जबकि त्वेसा संयुक्त 55वे स्थान पर

## आईसीसी ने नए कोविड-19 वैरिएंट के आने के बाद महिला विश्व कप क्वालीफायर रद्द किए

**भाषा।** दुबई

**अंतरराष्ट्रीय** क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अफ्रीकी क्षेत्र में कोविड-19 के नए स्वरूप का पता चलने के बाद अगले साल होने वाले महिला वनडे विश्व कप के लिए हरारे में चल रहे क्वालीफायर शनिवार को रद्द कर दिए जिससे रैंकिंग के आधार पर पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और बांग्लादेश ने क्वालीफाई किया। दक्षिण अफ्रीका में नए स्वरूप के पता चलने के बाद दुनिया भर में डर पैदा हो गया है जिससे कई अफ्रीकी देशों की यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिए गए हैं। आईसीसी ने कहा कि टूर्नामेंट को रोकने का फैसला उसकी इस चिंता के आधार पर लिया गया है कि ओमीक्रोन स्वरूप के बढ़ने के बाद इसमें भाग लेने वाली टीमें वापस कैसे लौटेंगी। यह फैसला नौ टीमों के शुरूआती लीग चरण के टूर्नामेंट के दौरान लिया गया है जिससे न्यूजीलैंड में होने विश्व कप 2022 विश्व कप के लिए अंतिम तीन क्वालीफायर के साथ आईसीसी महिला चैम्पियनशिप के अगले चक्र के लिए दो अतिरिक्त टीमों का फैसला होता। आईसीसी ने एक बयान में कहा, क्वालीफायर पर फैसला अब टीम रैंकिंग के आधार पर किया जाएगा जैसा की टूर्नामेंट खेलने की शर्तों में जिक्र किया गया है। इसलिए बांग्लादेश, पाकिस्तान और वेस्टइंडीज अब न्यूजीलैंड में होने वाले टूर्नामेंट में क्वालीफाई करेंगी। शनिवार को तीन से दो निर्धारित मैचों का खेल - जिम्बाब्वे बनाम पाकिस्तान और अमेरिका बनाम थाईलैंड - शुरू हो गया था लेकिन दिन का तीसरा मैच वेस्टइंडीज और श्रीलंका के बीच नहीं कराया जा सका क्योंकि श्रीलंकाई टीम के सहयोगी कर्मचारी का एक सदस्य कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया। आईसीसी के टूर्नामेंट प्रमुख क्रिस टेटले ने कहा, हम बचे हुए इस टूर्नामेंट को रद्द करके काफी निराश हैं लेकिन इतने कम समय में लगाए गए कई अफ्रीकी देशों

### कोविड-19 के नए स्वरूप के कारण मेजबान दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड के आखिरी दो वनडे स्थगित

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका कोविड-19 के नए स्वरूप को लेकर बढ़ती चिंताओ के कारण मेजबान देश और नीदरलैंड के बीच तीन मैचो की एकदिवसीय श्रृंखला को शनिवार को स्थगित कर दी गई। विश्व कप सुपर लीग के तहत खेली जा रही श्रृंखला का पहला एकदिवसीय मैच शुक्रवार को सेंचुरियन में भारी बारिश के कारण रद्द हो गया। अगले दो मैच भी उसी स्थान पर 28 नवंबर और एक दिसंबर को खेले जाने थे।कोविड-19 के नए स्वरूप ओमिक्रोन के आने के बाद दोनो देशो के क्रिकेट बोर्ड कोनिनक्लिजिके नीदरलैंड क्रिकेट बोर्ड (केएनसीबी) और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने श्रृंखला को स्थगित करने का निर्णय लिया। सीएसए के कार्यकारी सीईओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) फोलेत्सी मोसेकी ने कहा, हम इस दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति से निराश है। हमारे लिए हालांकि सभी मेहमान टीमों का ख्याल रखना सर्वोपरि है। उन्होंने कहा, खिलाड़ियों की मानसिक भलाई सीएसए की सर्वोच्च प्राथमिकता है और हम दौरा करने वाली टीमों के दृष्टिकोण का सम्मान करते है।

## कृणाल पंड्या ने बड़ौदा की कप्तानी छोड़ी

**वडोदरा।** मुंबई इंडियंस और भारत के हरफनमौला खिलाड़ी कृणाल पंड्या ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में टीम की बेहद खराब अभियान के बाद बड़ौदा के कप्तान का पद छोड़ने का फैसला किया है। बड़ौदा क्रिकेट संघ के अजीत लेले ने बताया कि कृणाल ने शुक्रवार को राज्य निकाय को अपने फैसले से अवगत कराया लेकिन टीम की नेतृत्व की भूमिका छोड़ने का कोई कारण नहीं बताया। वह एक खिलाड़ी के रूप में उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने अपने फैसले से बोर्ड अध्यक्ष को अवगत करा दिया हैं। उनके उत्तराधिकारी का नाम चयनकर्ताओं की कल की बैठक के बाद होगा। इस 30 साल के खिलाड़ी ने भारत के लिए पांच वनडे और 19 टी20 मैच खेले हैं। अगले महीने शुरू होने वाले विजय हजारे ट्रॉफी के लिए केदार देवधर कप्तान के पद के सबसे बड़े दावेदार होंगे। बड़ौदा सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में एक जीत और चार हार के साथ टीम ग्रुप बी में चार अंक के साथ सबसे निचले पायदान पर रही। ईपीएल के नियमित खिलाड़ी दीपक हुड्डा ने पिछले साल कृणाल पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए बड़ौदा टीम का साथ छोड़ दिया था।

## सिंधू व सात्विक-चिराग की जोड़ी इंडोनेशिया ओपन के सेमीफाइनल में हारी

**भाषा।** बाली

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू को इंडोनिशया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पूर्व विश्व चैम्पियन थाईलैंड की रेचानोक इंतानोन ने हरा दिया। तीसरी वरीयता प्राप्त सिंधू को दुनिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी रेचानोक ने 54 मिनट में 15–21, 21–9, 21–14 से हराया। यह लगातार तीसरी बार सिंधू की सेमीफाइनल में हार थी। वह पिछले सप्ताह इंडोनेशिया मास्टर्स और अक्टूबर में फ्रेंच ओपन में सेमीफाइनल में हारने से पहले तोक्यो ओलंपिक में भी सेमीफाइनल हार गई थी।

छठी वरीयता प्राप्त सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी भी सुपर 1000 टूर्नामेंट से बाहर हो गई। दुनिया की 11वीं रैंकिंग की जोड़ी को सेमीफाइनल में मार्कस फर्नाल्डी गिडियोन और केविन संजय सुकामुल्जो की इंडोनेशिया की शीर्ष वरीय जोड़ी से 16 –21 18 –21 से हार का सामना करना पड़ा।



दुनिया की नंबर एक जोड़ी, दो बार की पूर्व आल इंग्लैंड ओपन चैम्पियन और मौजूदा एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक जोड़ी के खिलाफ यह भारतीय जोड़ी की लगातार 10वीं हार है। इस तरह 850,000 डालर राशि के टूर्नामेंट में भारतीय अभियान भी खत्म हो गया। दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी सिंधू का रेचानोक के खिलाफ इस मैच से पहले 4–6 का रिकॉर्ड था। वह पिछले दो मुकाबले भी हारी थी। सिंधू ने अच्छी शुरूआत करते हुए जल्दी ही 8– 3 की बढ़त बना ली। रेचानोक ने यह अंतर 9–10 कर दिया और ब्रेक तक सिंधू के पास एक ही अंक की बढ़त थी। ब्रेक के बाद सिंधू ने लगातार तीन अंक बनाए और रेचानोक को मौका नहीं देकर पहला गेम जीत लिया। इसके बाद दूसरे गेम में रेचानोक ने ब्रेक तक 11–7 की बढ़त बना ली। अगले दस में से नौ अंक भी उसने अपने नाम करके दूसरा गेम जीत लिया। तीसरे गेम में सिंधू ने कई गलतियां की जिसका थाई खिलाड़ी ने फायदा उठाया। सिंधू आखिरी बार स्विस ओपन के फाइनल में पहुंची थी।

## सरबजोत ने 10 मीटर एयर पिस्टल, शिव ने जूनियर एवं युवा वर्ग में स्वर्ण जीता



● राष्ट्रीय निशानेबाजी

**भाषा।** नई दिल्ली

**हरियाणा** के सरबजोत सिंह ने अपने छोटे से करियर में पहली बार पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा जीतकर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप का खिताब शनिवार को अपने नाम किया, जबकि युवा सनसनी सौरभ चौधरी यहां चौथे स्थान पर रहे। सरबजोत 24 निशाने के फाइनल के अंतिम दो शॉट से पहले अपने राज्य के साथी शिव नरवाल से 0.5 अंकों से पीछे चल रहे थे लेकिन उन्होंने 10 और 10.5 के स्कोर से यहां डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में 242.3 अंक जुटाकर विजई हुए। शिव ने इस दौरान 10.1 और 9.3 अंक का स्कोर किया। वह 241.7 अंक के साथ रजत पदक जीते। दिल्ली के हर्ष गुप्ता (221.2) तीसरे जबकि शीर्ष रैंकिंग और एशियाई चैम्पियन सौरभ 200.9 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहे। शिवा ने हालांकि जूनियर पुरुष वर्ग के फाइनल में सौरभ चौधरी को 0.2 अंक के मामूली अंतर से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। उन्होंने फाइनल में 246.7 अंक बनाए जो नया राष्ट्रीय रिकार्ड भी हैं।

## सुपर सब केएस भरत ने किया प्रभावित, दूसरे विकेटकीपर के लिए साहा के सामने प्रतिस्पर्धी

**भाषा।** कानपुर

**रिद्धिमान साहा** के लिए अपने 11 साल के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अहम चीज उनकी शानदार विकेटकीपिंग रही है जो अब भी अच्छी है लेकिन स्थानापन्न विकेटकीपर के तौर पर विकेटों के पीछे श्रीकर भरत की काबिलियत बंगाल के 37 साल के विकेटकीपर के लिए रातों की नींद गंवाने के लिए काफी है। इससे भी खराब बात साहा का गलत समय पर चोटिल होना भी उनके खिलाफ ही जा रहा है और साथ ही उनकी बल्लेबाजी भी ऋषभ पंत के भारतीय टेस्ट प्रारूप में आने के बाद खराब ही होती जा रही है।



शनिवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के तीसरे दिन का खेल शुरू होने से कुछ ही मिनट पहले साहा ने गर्दन में जकड़न की शिकायत की और दूसरे विकेटकीपर भरत को स्थानापन्न के तौर पर उतारा गया। पिच पर असमान उछाल था और भरत ने 85.3 ओवर के दौरान अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और दो बहुत ही अलग तरीके से कैच लपके, साथ ही स्टंपिंग के चतुर रिफलेक्स भी दिखाए जो असमान उछाल के कारण गलत भी हो सकते थे। पिछले तीन वर्षों से भारत ए टीम का हिस्सा रहे 28 साल के भरत के प्रदर्शन के बारे में जब दिन के नायक अक्षर पटेल से पूछा तो उन्होंने कहा, यह आसान नहीं है जब आप अंतिम 11 खिलाड़ियों में शामिल नहीं हो, और फिर अचानक से आपको खेलने के लिए कह दिया जाए। उन्होंने कहा, रिद्धि भाई की गर्दन में जकड़न थी और वह (भरत) अभ्यास और वार्मअप कर रहा था और मैच शुरू होने से 10 मिनट पहले ही उसे मैच में खेलने के लिए कहा गया। यह इतना आसान नहीं है।

## जोकोविच के दम पर सर्बिया ने डेविस कप फाइनल्स में आस्ट्रिया को हराया



**इंसब्रक (आस्ट्रिया)।** शीर्ष रैंकिंग वाले नोवाक जोकोविच ने डेविस कप फाइनल्स मे सर्बिया को जीत दिलाई जबकि 40 वर्ष के फेलिसियानो लोपेज ने गत चैम्पियन स्पेन को शानदार शुरूआत दिलाई और युवा इतालवी टीम ने 32 बार के चैम्पियन अमेरिका को हराया। जोकोविच ने डेनिस नोवाक को 6-3, 6-2 से मात देकर सर्बिया को मेजबान आस्ट्रिया पर 2- 0 से बढत दिलाई। वही दुसान लाजोविच ने गेराल्ड मेल्जर को तीन सेटो मे हराया। डेविस कप एकल मैचो मे जोकोविच का विजय अभियान 15 मैचो का हो गया है। वही मैड्रिड मे ग्रुप ए के मुकाबले मे स्पेन को इक्वाडोर पर बढत मिल गई जब लोपेज ने राबर्टो क्विरोज को 6-3, 6-3 से मात दी। पाब्लो कारेनो बस्टा ने इसके बाद एमिलियो गोमेज को हराया। लोपेज को एकल मुकाबला इसलिए खेलना पड़ा क्योंकि कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के कारण कार्लोस अलकाराज टीम से बाहर हो गए थे। ग्रुप ई मे अमेरिका को इटली ने हराया। लोरेंजो सोनेगो ने रीली ओपेलका को 6-3, 7-6 से मात दी जबकि जानिक सिनेर ने जॉन इसनेर को 6-2, 6-0 से हराया। युगल मे राजीव राम और जैक सॉक ने फेबियो फोगनिनी और लोरेंजो मुसेती को हराकर स्कोर 2-1 कर दिया।

## फ्रांस से हार बाद मनप्रीत और हरमनप्रीत की उत्साहवर्धक बातों ने जूनियर हॉकी टीम में भरा जोश

**भुवनेश्वर।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता कप्तान मनप्रीत सिंह और स्टार ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की उत्साहवर्धक बातों ने यहां एफआईएच पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप के अपने शुरुआती मैच में फ्रांस के खिलाफ निराशाजनक हार के बाद गत चैंपियन भारतीय टीम के खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने मे मदद की। गत चैम्पियन भारत को इस बार भी खिताब का दावेदार माना जा रहा है लेकिन टूर्नामेंट के पहले मैच मे फ्रांस से 4-5 से हारने के बाद टीम ने कनाडा के खिलाफ शानदार वापसी की और 13-1 की बड़ी जीत दर्ज की। मनप्रीत ने शनिवार को यहां ऑनलाइन मीडिया सम्मेलन मे कहा, मैंने उन्हे सिर्फ खुद पर विश्वास करने और एक टीम के रूप मे खेलने के लिए कहा था। उनमे संघर्ष की भावना बहुत अधिक है। मैंने सिर्फ उनके अपने खेल पर ध्यान देने का सुझाव दिया। हम उनसे लगातार बात कर रहे है। हरमनप्रीत ने कहा, मैने पहले मैच के बाद (कप्तान) विवेक (सागर प्रसाद) से बात की और उन्हे मैदान मे आगे बढ़कर नेतृत्व करने की सलाह दी।

## महिलाओं की चैलेंजर ट्रॉफी चार दिसंबर से विजयवाड़ा में, स्टार खिलाड़ियों को आराम




**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट की स्टार खिलाड़ियों जैसे शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना को शनिवार को चैलेंजर ट्रॉफी के लिए आराम दिया गया है जो चार दिसंबर से भारत ए और भारत बी की भिड़ंत के साथ शुरू होगी। चार टीम के टूर्नामेंट के सभी मैच विजयवाड़ा मे खेले जाएंगे जो नौ दिसंबर को समाप्त होगा। भारत ए की अगुआई स्नेह राणा और भारत बी की अगुआई तानिया भाटिया करेंगी। भारत सी की कप्तान शिखा पांडे होंगी जबकि भारत डी का नेतृत्व पूजा वस्त्राकर करेंगी। भारत सी और भारत डी टीम के बीच पहला मैच भी चार दिसंबर को ही होगा। मंधाना और शेफाली के अलावा अन्य स्टार खिलाड़ियों मे हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स भी इस टूर्नामेंट मे नही खेलेंगी। ये सभी खिलाड़ी आस्ट्रेलिया मे महिला बिग बैश लीग मे खेली थी। भारत डी की टीम मे 13 खिलाड़ी है जबकि अन्य तीन टीम मे 15-15 खिलाड़ियो को चुना गया है।

## महिला युगल, मिश्रित युगल पैडलर क्वार्टर फाइनल में

● टेबल टेनिस विश्व चैम्पियनशिप

**भाषा।** ह्यूस्टन

मनिका बत्रा विश्व टेबल टेनिस चैम्पियनशिप के महिला युगल और मिश्रित युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है जिससे भारत ऐतिहासिक पदक से सिर्फ एक जीत दूर है। मनिका और अर्चना कामथ ने हंगरी की डोरा माडाराज और जॉर्जिना पोटा को 11–4, 11– 9, 6–11, 11–7 से हराया।



अब उनका सामना लक्जेमबर्ग की सारा डे नुटे और शिया लियान नि से होगा। सेमीफाइनल हारने वाले को भी कांस्य पदक मिलेगा। मिश्रित युगल में मनिका और जी साथियान ने दो गेम हारने के बाद शानदार वापसी करते हुए अमेरिका की कनक झा और चीन के वांग मानयु को हराया। उन्होंने 15–17, 10–12, 12–10, 11– 6, 11– 7 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना जापान के हारिमोतो तोमोकाजू और हयाता हीना से होगा। यह शानदार टूर्नामेंट रहा है। मजबूत टीम के खिलाफ हमने अच्छी वापसी की। हम इस लय को कायम रखना चाहेंगे। जापानी जोड़ी के खिलाफ मुकाबला कठिन होगा लेकिन हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। मिश्रित युगल में अचंत शरत कमल और अर्चना को प्री क्वार्टर फाइनल में फ्रांस की जिया नान युआन और एमैन्युअल लेबेसन ने हराया।

## बांग्लादेश पहली पारी में 330 रन पर सिमटा पाकिस्तान की अच्छी शुरूआत

**भाषा।** चटगांव

**पाकिस्तान ने** तेज गेंदबाज हसन अली के पांच विकेट की बदौलत शनिवार को यहां शुरूआती टेस्ट के दूसरे दिन बांग्लादेश को पहली पारी में 330 रन पर समेटकर बिना विकेट गंवाए 145 रन बनाकर अच्छी शुरूआत की। सलामी बल्लेबाज आबिद अली और पदार्पण कर रहे अब्दुल्ला शफीक ने बल्लेबाजी के मुफीद पिच पर दूसरे और तीसरे सत्र में बढ़िया बल्लेबाजी की जिससे पाकिस्तानी टीम बांग्लादेश से 185 रन से पिछड़ रही है। आबिद ने साथ ही अपने 15वें टेस्ट में 1000 रन भी पूरे किए और स्टंप तक 93 रन बनाकर खेल रहे हैं। इससे वह अपने चौथे शतक के करीब हैं। शफीक ने भी अपना अर्धशतक पूरा किया और वह नाबाद 52 रन बनाकर खेल रहे हैं। सुबह बांग्लादेश ने चार विकेट पर 253 रन से आगे खेलना शुरू किया। लेकिन अली ने दूसरे दिन चार विकेट झटक लिए जिससे बांग्लादेश की टीम बाकी के छह विकेट गंवाकर महज 77 रन ही जोड़ सकी। अली ने छठी बार पांच विकेट लेने का कारनामा किया जिसमें उन्हें नई गेंद के जोड़ीदार शाहीन शाह अफरीदी का पूरा साथ मिलका जिन्होंने 70 रन देकर दो विकेट झटके और मध्यम गति के गेंदबाज फहीम अशरफ ने 54 रन देकर दो विकेट प्राप्त किए। बांग्लादेश के लिए लिटन दास 114 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे।